निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शनिवार, 13 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 118 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




जमशेदपुर के एग्रिको इलाके में दुर्गा पूजा के लिए पंडाल बनाने में लगे कारीगर

## कोल इंडिया के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए अनिवार्य होगा यूनिफॉर्म : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कोल इंडिया के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जल्द ही यूनिफॉर्म अनिवार्य होगा। इसकी शुरुआत 17 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से होगी। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने झारखंड दौरे के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार कोल माइंस में काम करने वाले कर्मचारियों के सम्मान और गौरव को बढ़ाने के लिए यूनिफॉर्म लागू किया जा रहा है। यह यूनिफॉर्म कोल इंडिया द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री ने दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि कोल माइंस में कार्यरत कर्मचारियों के लिए एक्सग्रेशिया राशि को 15 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया गया है। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को मौजूदा जीवन बीमा के अलावा एक करोड़ रुपये का अतिरिक्त बीमा प्रदान किया जाएगा। संविदा कर्मचारियों को भी 40 लाख रुपये का अतिरिक्त बीमा लाभ मिलेगा। रेड्डी ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों में विश्वास बढ़ाने के लिए लिया गया है, जो 17 सितंबर से लागू होगा। रांची में केंद्रीय कोयला मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने



के लिए कोल सेक्टर में पिछले 11 वर्षों से निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की ऊर्ज़ा सुरक्षा सुनिश्चित करने और अर्थव्यवस्था को विश्व में तीसरे स्थान पर ले जाने के लिए कोल और माइनिंग मंत्रालय प्रतिबद्ध है। कोलया मंत्री ने बताया कि भारत ने पहली बार एक बिलियन टन कोल उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया है जिसमें झारखंड का भी महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि घरेलू कोल उत्पादन बढ़ाकर आयात को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले साल 60 हजार करोड़ रुपये के कोल आयात में कमी लाई गई। रेड्डी ने कहा कि तकनीकी कारणों से कुछ स्टील कंपनियां अभी भी कोल आयात कर रही हैं लेकिन भारत में आवश्यक कोल का घरेलू उत्पादन हो रहा है। कोल उत्पादन में ओडिशा पहले, छत्तीसगढ़ दूसरे और झारखंड तीसरे स्थान पर है। कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि क्रिटिकल मिनरल्स की मांग में वृद्धि को देखते हुए भारत सरकार ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन शुरू किया है। इसके लिए 32 हजार करोड़ रुपये खर्च कर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को घरेलू उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अर्जेंटीना में पांच लिथियम ब्लॉकों पर काम शुरू हो चुका है और इस दिशा में अनुसंधान भी किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुशासन, व्यवसाय करने की सुगमता और आर्थिक प्रगति के लिए कोल सेक्टर में सुधारों को लागू करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इन सुधारों का उद्देश्य देश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और कोल सेक्टर के माध्यम से देश की आर्थिक प्रगति को गति देना है।

## जेसोवा ने दिवाली मेला के लिए सीएम हेमंत को दिया आमंत्रण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से आज शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने जेसोवा की ओर से राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 9 से 13 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होनेवाले दिवाली मेले में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को सपरिवार आमंत्रित किया। झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को अक्टूबर में लगनेवाले दिवाली मेले के दौरान 5 दिनों तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से भी अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने जेसोवा के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों, कार्यक्रमों और गतिविधियों की भी जानकारी मुख्यमंत्री को दी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुलाकात करने वालों में जेसोवा की अध्यक्ष प्रीति कुमारी, सचिव मनु झा, कोषाध्यक्ष शिवानी सिंह, कार्यकारिणी समिति सदस्य रंजना कुमार एवं ज्योति मंजू शामिल थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल बस ने मंदिर जा रही छात्रा को रौंदा

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के खेलगांव में आज सुबह करीब पौने सात बजे स्कूल बस ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी पर सवार छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूल बस तेज रफ्तार में थी और खेलगांव के पास अचानक स्कूटी को टक्कर मार दी। लोगों ने बताया कि टक्कर के बाद छात्रा स्कूटी समेत सड़क पर गिर पड़ी और बस उसे कुचलते हुए निकल गई। बच्ची के पिता का नाम श्याम है और वह लालपुर के डिस्टलरी बाजार में मछली बेचने का कार्य करते हैं। हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और हंगामा करने लगे। खेलगांव थाना प्रभारी ने लोगों को समझा बूझकर सड़क से हटाया है।

### पत्नीहंता को आजीवन कारावास

**लोहरदगा(नबिटा ब्यूरो)।** पत्नी के हत्यारोपी को दोषी करार देते हुए व्यवहार न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दोषी पाए गए शख्स पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला एडीजे टू नीरजा आसरी की अदालत ने सुनाया है। मामला लोहरदगा जिला के पेशरार थाना क्षेत्र का है। चार साल बाद पीड़ित पक्ष को इंसाफ मिला है और आरोपी को सजा हुई है। यह जानकारी न्यायालय के लोक अभियोजक भारत राम ने दी है। उन्होंने बताया कि 15 मार्च 2021 को पेशरार निवासी सच्चू महतो ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी थी।

### हथियार दिखाकर सीएसपी संचालक से लूटपाट

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के बोका मोड़ के निकट अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर सीएसपी संचालक से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। उसके बाद अपराधी फरार हो गए। सूचना मिलते ही अमड़ापाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और अपराधी की धर पकड़ को लेकर संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीएसपी संचालक रंजीत भगत पकलो गांव जा रहे थे। इसी दौरान बोका मोड़ के निकट अज्ञात अपराधियों ने उन्हें रोका और हथियार का भय दिखाकर नगद 3 लाख रुपया, बाइक, मोबाइल एवं लेपटॉप छीनकर फरार हो गए।

### इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तीन विदेशी गिरफ्तार

**मधुबनी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बासोपट्टी प्रखंड के इंडो-नेपाल बॉर्डर पर शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई हुई। एसएसबी की 48 बटालियन जानकीनगर, खौना और बासोपट्टी थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान में तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए विदेशियों में एक ब्राजील और दो नाइजीरियाई नागरिक शामिल हैं। ब्राजील का नागरिक इमोहा इबेह डेढ़ साल से नेपाल की जेल में बंद था। नाइजीरिया के लरीशान बेनिस्तो दोस 2016 से काठमांडू जेल में थे। नेपाल में हुई हिंसा का फायदा उठाकर ये तीनों जेल से भाग निकले।

## लूट व फायरिंग के मामले में चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में 4 सितंबर को गुरुद्वारा रोड पर हुई लूट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन आरोपी अब भी फरार है। पुलिस ने आरोपियों से 10 लाख 69 हजार 700 रुपए नगद, एक इनोवा कार, एक देशी पिस्टल और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पीड़ित साकेत अगीवाल की शिकायत पर दर्ज मामले में सिटी एसपी के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। टीम ने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसके बाद अमृतसर समेत कई जगहों पर छापेमारी की गई। दरअसल, 4 सितंबर को बिष्टुपुर गुरुद्वारा के सामने हिंदुस्तान लीवर के डिस्ट्रीब्यूटर (कारोबारी) साकेत अगीवाल की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर 30 लाख रुपए से भरा बैग लूट लिया गया था। कारोबारी के कर्मचारी पंकज राव ने स्कूटी से पीछा किया तो एक राउंड फायरिंग कर बदमाश भाग गए थे। लुटेरे बिना नंबर की सफ़ेद रंग की इनोवा पर सवार थे। घटना के वक्त साकेत अगीवाल अपनी स्कूटी में रुपए का बैग लटकाकर एचडीएफसी बैंक में जमा करने जा रहे थे। उनके पीछे-पीछे कर्मचारी पंकज राव भी बैंक की तरफ जा रहे थे। घटना से एक घंटा पहले गुरुद्वारा के सामने एसएनटीआई की पार्किंग में इनोवा खड़ी कर बदमाश रेकी कर रहे थे। 30 सेकेंड के अंदर पूरी वारदात हुई थी। इधर, एसएसपी पीयूष पांडे ने बताया कि पुलिस ने सबसे पहले राकेश कुमार मंडल उर्फ पकौड़ी को अमृतसर से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर लूट में इस्तेमाल हथियार भी मिला। बाद में कमलेश नारायण दुबे उर्फ शंकर, सुधीर नारायण बेहरा और गणेश कुम्भकार उर्फ फुचा को भी पकड़ा गया। एसएसपी के अनुसार, जांच में पता चला कि कमलेश दुबे इस वारदात का मास्टरमाइंड था। राकेश, सुधीर और गणेश उसके साथी थे। राकेश का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है।

## सीपी राधाकृष्णान ने ली उपराष्ट्रपति पद की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** देश के 15वें उपराष्ट्रपति के तौर पर सीपी राधाकृष्णन ने आज शपथ ग्रहण कर लिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आज उन्हें शपथ दिलाई। राधाकृष्णन ने विपक्ष के कैंडिडेट बी सुदर्शन रेड्डी को हराकर यह पद हासिल किया है। सीपी राधाकृष्णन ने आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ ग्रहण कर लिया है। यह शपथ समारोह राष्ट्रपति भवन में सुबह 10 बजे आयोजित किया गया, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को हराकर जीतने के बाद शपथ लेकर वे देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हो गए। यह आयोजन सुबह 10 बजे शुरू हुआ जिसमें देश की तमाम प्रमुख राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



जेपी नड्डा सहित केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहे। इसके अलावा समारोह में भाग लेने के लिए विभिन्न राज्यों से भी नेता और राज्यपाल दिल्ली पहुंचे थे। इनमें ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रमुख हैं। गौरतलब है कि यह चुनाव ऐसे समय में हुआ जब पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों से अचानक इस्तीफा दे दिया था। इसके चलते 9 सितंबर को नए उपराष्ट्रपति के लिए मतदान हुआ। इस चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने विपक्ष के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराकर जीत हासिल की।

## रेल ट्रैक से टुकड़ों में मिला प्रेमी युगल का शव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना-गया रेलखंड के पोठाही हॉल्ट के पास से शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर प्रेमी युगल का शव मिलने से हड़कंप मच गया। दोनों के शव कुल छह टुकड़ों में मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार दोनों के सिर, गर्दन और पैर अलग-अलग पड़े थे। पुलिस का अनुमान है कि यह ऑनर किलिंग है। पुलिस के अनुसार रात में हत्या कर सुबह बॉडी ट्रैक पर फेंकी गई है। मिली जानकारी के अनुसार लड़के का नाम सुबोध कुमार (19) है और वह श्रीरामपुर गांव का रहने वाला था। वहीं लड़की का नाम लवली कुमारी (16) है और वह छातीपुर गांव की रहने वाली थी। दोनों का गांव धनरूआ थाना इलाके में पड़ता है। दोनों के शव शुक्रवार को पटना-गया रेलखंड के पोठाही हॉल्ट के पास से बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों 6 सितंबर को घर से भागे थे। लड़की के परिवार ने 7 सितंबर को थाने में उसके अपहरण की शिकायत की थी जिसमें प्रेमी को भी आरोपी बनाया गया था।

## युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज जयंती ग्राम में बीती रात बदताशों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। व्यक्ति यहां अकेले ही रहता था। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों दरवाजे पर खून से लथपथ शव देखा तब मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। मृतक की पहचान 40 वर्षीय राजकुमार यादव के रूप में हुई। जांच में पता चला कि राजकुमार यादव अपने परिवार वालों से अलग यहां अकेले रहता था। आज सुबह मामले का खुलासा तब हुआ, जब आसपास के ग्रामीणों ने राजकुमार यादव



के दरवाजे पर खून से लथपथ उसका शव देखा। स्थानीय लोगों ने परिवार वालों को सूचना देने उपरांत घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। हालांकि घटना के कारण का कुछ भी पता नहीं चल सका है। मृतक के परिजन भी कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। वहीं हत्या उपरांत गांव में जमीन विवाद को लेकर हत्या करने की बातें कही जा रही हैं। हालांकि हत्या के कारण का कुछ स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी पुलिस को प्राप्त होने उपरांत मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडे पुलिस बाल के साथ और साहिबगंज एसडीपीओ किशोर तिर्की घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक राजकुमार का कुछ दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसके साथ ही वह जमीन खरीद खरीद बिक्री करने वाले लोगों के साथ रहता था। पुलिस सभी एंगल से अनुसंधान में जुट गई है।

## 'हमारा बिहार-हमारी सड़क' ऐप से ग्रामीण सड़कों को मिला नया जीवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से बिहार के ग्रामीण इलाकों की सड़कों को लम्बे समय तक चकाचक रखने के लिए तैयार किये गए एक ख़ास ऐप ने सूबे की ग्रामीण सड़कों को नया जीवन प्रदान कर रहा है। 'हमारा बिहार-हमारी सड़क'मोबाइल ऐप के जरिये न केवल स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सड़कों के रख-रखाव की मॉनिटरिंग की जा रही है बल्कि ग्रामीण सड़कों से सम्बंधित शिकायतों का निष्पादन भी तेजी से किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार इस मोबाइल ऐप की मदद से पिछले आठ माह में ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराई गई कुल 1238 शिकायतों में 1072 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा तौयार किये गए इस मोबाइल ऐप का लोकार्पण विगत दिसंबर माह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। इस तकनीक से ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ लोगों की भागीदारी से बुनियादी ढांचे के विकास में भी तेजी आयी है। इस ऐप के माध्यम से ग्रामीण कार्य विभाग को मिल कुल 1238 शिकायतों में 1072 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है जबकि कुल 166 शिकायतों के निष्पादन की कार्रवाई की जा रही है।

## राज्य सरकार के सहयोग से पूरा होगा झरिया का नया मास्टर प्लान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने झारखंड दौरे के दौरान कहा कि राज्य सरकार द्वारा मांगी जा रही बकाया राशि के मुद्दे पर कोल मंत्रालय और राज्य सरकार के समन्वय से गठित कमेटी काम कर रही है। इस कमेटी की अब तक दो-तीन बैठकें हो चुकी हैं और जल्द ही इस पर निर्णय होने की उम्मीद है। रांची में मीडियाकर्मियों से बातचीत में मंत्री ने यह जानकारी दी। केंद्रीय कोयला मंत्री ने स्पष्ट किया कि कोल मंत्रालय का उद्देश्य आय अर्जन नहीं बल्कि विकसित भारत के लिए कोल की मांग को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के सभी मुद्दों पर कोल इंडिया और राज्य सरकार के अधिकारियों की कमेटी द्वारा लिए गए निर्णयों के आधार पर काम किया जाएगा। केंद्रीय कोयला मंत्री ने धनबाद के झरिया के लिए नए मास्टर प्लान की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से 60 लोगों की टीम नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें से कोल मंत्रालय ने 50 लोगों की नियुक्ति कर दी है। राज्य सरकार को सीईओ नियुक्त करना है। मास्टर प्लान में पुनर्वासित लोगों के लिए रोजगार, आवास, अस्पताल और स्कूल जैसी सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है।

## 39.5 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** हजारीबाग पुलिस ने गुरुवार को 39.5 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दरअसल 11 सितंबर को गुप्त सूचना मिली कि एक सिल्वर रंग की मारूति सुजुकी अर्टिगा कार में भारी मात्रा में अवैध गांजा लोड कर जीटी रोड से बरकट्ठा की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। रात्रि लगभग 9 बजे थाना गेट के सामने चेकिंग के दौरान उक्त वाहन को रोका गया। तलाशी में कार से विभिन्न स्थानों पर छिपाए गए 65 पैकेटों में कुल



39.5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सूरज सिंह (26 वर्ष), पिता शिव कुमार सिंह, ग्राम खेखरूआ, थाना शिवरतनगंज, जिला अमेठी (उत्तर प्रदेश) तथा रामकरन वर्मा (55 वर्ष), पिता स्व. दुखी राम वर्मा, ग्राम भांटीखुर्द, थाना आसपुर देवसुरा, जिला प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। बरामद सामानों में कार के अलावा सूरज सिंह से आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और तीन एटीएम शामिल है। वहीं रामकरन वर्मा से एक की-पैड मोबाइल बरामद हुआ है। इस मामले में बरकट्ठा में थाना कांड संख्या दर्ज किया गयाहै। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजीत कुमार विमल, पु.नि. इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी पंकज सिन्हुरिया, पु.अ.नि. देवदत्त कुमार सिंह, पु.अ.नि. चन्दा उरांव, हवलदार राजन कुमार, आरक्षी भुवनेश्वर महतो व राजेंद्र पासवान आदि शामिल थे।

CMYK

# उपायुक्त ने बाल संरक्षण के मुद्दों पर जिला बाल कल्याण व संरक्षण समिति की बैठक की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त ने बच्चों के अधिकारों, उनके कल्याण, और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर जोर दिया, कहा कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिले, जहां उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण की उचित व्यवस्था हो जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने समाहरणालय सभागार में बाल संरक्षण के मुद्दों पर जिला बाल कल्याण और संरक्षण समिति की बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना था। बैठक में उपायुक्त ने बच्चों के अधिकारों, उनके कल्याण, और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर जोर दिया।



उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिले, जहां उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण की उचित व्यवस्था हो। बैठक में उपायुक्त ने मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत कार्यरत सभी घटकों, जिसमें जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा की। साथ ही चाइल्ड लाइन की गतिविधियों के संबंध में एवं उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की गयी। वहीं मिशन वात्सल्य योजना, फॉस्टर केयर योजना के साथ ही चाइल्ड प्रोटेक्शन पॉलिसी, वल्नेरेबिलिटी मैपिंग, सड़क पर जीवनयापन करने वाले बच्चों को शिक्षा प्रदान करने, बाल श्रम, बाल व्यापार, बाल विवाह, बाल संरक्षण, पॉक्सो, किशोर न्याय अधिनियम, बच्चों से जुड़े अन्य कानून पर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने सभी स्टेक होल्डर को निर्देशित किया कि विशेष परिस्थितियों में रह रहे किशोर-किशोरियों की सुरक्षा और उनके समग्र विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उपायुक्त ने कहा कि बाल संरक्षण बेहद जरूरी है। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर सहयोगात्मक रणनीति विकसित करने, बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर हितधारकों के साथ संवाद को सुविधाजनक बनाने, बाल संरक्षण ढांचे को मजबूत करने तथा बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर अंतर विभागीय समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, उप नगर आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, बाल संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक सम्पन्न, दिए गए जरूरी दिशा-निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मोबाईल टॉवर मैनेजमेंट से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिया आवश्यक व उचित दिशा निर्देश जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित हुई।



बैठक के दौरान मोबाईल टॉवर मैनेजमेंट से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही ऑनलाइन टॉवर मैनेजमेंट सिस्टम की समीक्षा करते हुए बताया गया कि विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों के टॉवर अधिष्ठापन संबंधी प्रक्रिया में किसी भी तरह की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित कर लें। बैठक में टेलीकॉम कंपनियों द्वारा टॉवर अधिष्ठापन हेतु प्राप्त आवेदन पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा सभी संबंधित कंपनी के प्रतिनिधियों को दंड शुल्क की राशि जमा करने का निर्देश दिया गया। दंड शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति संबंधित एजेंसी के विरुद्ध नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बताया गया कि मोबाइल टॉवर से प्राप्त शुल्क को नेफ्ट के जरिए भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जिसमें सभी पंचायत समिति का बैंक खाता का विवरण होना चाहिए। इसके अतिरिक्त प्रत्येक महीने में एक बार जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया, जिसमें टावर अधिष्ठापन के विरूद्ध प्राप्त शिकायत पर विचार किया जाएगा बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडीएआई बीएसएनएल के प्रतिनिधि समेत सभी एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता।

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में एनकोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गयी।

बैठक में उपायुक्त ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को समय-समय पर खाद्य पदार्थों में मादक पदार्थों के मिलावट को लेकर औचक छापेमारी करने के निर्देश दिये। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन ने पुलिस के डिस्ट्रक्शन की कार्रवाई में स्थानीय प्रखंड कृषि पदाधिकारी को भी रहने पर बल दिया ताकि अफीम का सर्टिफिकेशन का कार्य किया जा सके। इसके अलावे एसपी ने हुसैनाबाद के सोन किनारे होने वाले अफीम की खेती पर रोक लगाने को लेकर हुसैनाबाद एसडीपीओ व एसडीओ और बिहार के तरफ से रोहतास के एसडीपीओ व एसडीओ संग संयुक्त कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में डीसी ने सीएस को डीएडिक्शन सेंटर को पूर्ण रूप से क्रियाशील करने व आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं दुरुस्त रखने की बात कही। इसके अलावे मनातू और नौडीहाबाजार के इलाके में जहां अफीम के खेती की संभावना रहती है, वहां के किसानों को मुख्य धारा की कृषि कार्य से कैसे जोड़ा जाये इसपर जिला कृषि पदाधिकारी को कुछ विशेष कार्ययोजना तैयार किये जाने को लेकर चर्चा किया गया।इसके अलावे अंतर विभागीय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। मौके पर उपरोक्त के अलावे वन प्रमंडल पदाधिकारी, तीनों एसडीएओ, शिक्षा एवं कृषि विभाग के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति डीएलसीसी की बैठक संपन्न

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सभी विभाग मिशन मोड में कार्य करते हुए लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें सिडी रेशियो को बढ़ाएं तथा विभिन्न योजनाओं में वंचित लाभुकों को शत-प्रतिशत केसीसी से आच्छादित करना सुनिश्चित करें बेहतर कार्य योजना बनाई जाय, ताकि उनका उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति डीएल सीसी की बैठक आयोजित हुई।




बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं की उपलब्धि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। जिले के विकास से संबंधित सरकार की प्रायोजित विभिन्न योजनाओं नाबार्ड, पीएलपी 2025-26, किसान क्रेडिट कार्ड, जमा साख, महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिकेज, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, आरसेटी के कार्य, स्टैंड अप इंडिया की उपलब्धि एवं एनपीए जैसी विभिन्न बिदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने चालू वित्तीय वर्ष में डेयरी, मत्स्य पालन, बकरी पालन, सूअर पालन, पशुपालन आदि पर जोर दिया। उन्होंने सभी बैंकर्स को जीएम, जिला उद्योग केंद्र से समन्वय स्थापित कर पीएमजीईपी के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा वार्षिक ऋण योजना तीसरी तिमाही की समीक्षा की गई। सभी बैंकों के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में किसान क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति की समीक्षा की गई तथा किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराने का दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा बैठक में एलडीएम को निर्देशित किया गया कि वे बैंकों की उप समिति की पूर्ण बैठक कर व योजना बनाकर जमा साख के अनुपात में सुधार लाएं। स्वयं सहायता समूह योजना के तहत क्रेडिट लिकेज की समीक्षा की गई। एलडीएम को निर्देश दिया गया कि क्रेडिट लिकेज के लिए प्रत्येक बैंक में सप्ताह में 1 दिन निश्चित करें। उपरोक्त तिथियों को बैंकों में एसएचजी को क्रेडिट लिकेज के लिए उपलब्ध कराएंगे। यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी आवेदन रिसीव करने से पहले आवेदन को अच्छी तरह से देख लें ताकि उसमें कहीं त्रुटि की संभावना ना हो।

# नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह अब 6 को, 77 विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड मेडल



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह अब 3 अक्टूबर के बजाए अब 6 अक्टूबर को होगा। उक्त जानकारी कुलपति प्रो.(डा.) दिनेश कुमार सिंह ने दी। वे शुक्रवार को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुलपति ने बताया कि समारोह की तिथि में बदलाव कुलाधिपति सह राज्यपाल कार्यालय के निर्देश पर किया गया है। दीक्षांत समारोह का आयोजन जिला खेल स्टेडियम में होगा।

मुख्य अतिथि कुलाधिपति सह राज्यपाल के लिए वीसी विला में अल्पाहार से लेकर विश्राम तक की विशेष व्यवस्था की गई है। समारोह में 1032 छात्र-छात्राओं ने शामिल होने के लिए आवेदन दिया है। उन छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान किया जाएगा। इसमें 77 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इसमें पांच छात्रों को चांसलर गोल्ड मेडल व 72 छात्रों को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से 600 रुपया लिया जाएगा। भाग लेने विद्यार्थियों को साफा, अंगवस्त्र के साथ फाइल में डिग्री प्रदान की जाएगी। कहा कि

**■ पांच विद्यार्थियों को मिलेगा चांसलर गोल्ड मेडल व 72 को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल**

विवि के प्रशासनिक भवन के समक्ष गार्ड आफ आनर होगा। वहां से कुलाधिपति सह राज्यपाल महर्षि विश्वामित्र भवन अवस्थित केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे। उसके बाद वीसी विला में जाकर विश्राम के साथ अल्पाहार ग्रहण करेंगे। वहां से वे आयोजन स्थल पर आएंगे। एकेडमिक काउंसिल के सदस्य व विवि के प्रशासनिक पदाधिकारी उनकी अगुआई करेंगे। कहा कि जीएलए कालेज मैदान में वाहनों की इंट्री होगा। वहां से तीन गेट आयोजन स्थल तक जाने के लिए होंगे। एक गेट से कुलाधिपति सह राज्यपाल, दूसरे गेट से वीआईपी व तीसरे गेट से छात्र-छात्राओं का प्रवेश होगा। विवि से निर्गत पास को दिखाने पर ही इंट्री होगी। मौके पर कुलसचिव डा. शैलेश कुमार मिश्रा, सीसीडीसी डा. मनोरमा सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. एसके पांडेय, परीक्षा नियंत्रक डा. एके सेठ, वित पदाधिकारी डा. विमल सिंह व पीआरओ डा. विनीता दीक्षित मौजूद थे।

# विकास की मेहनत लाई रंग, बने खाद्य निरीक्षक, बधाईयों का तांता

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के लठियां निवासी विकास यादव की मेहनत रंग लाई। उनकी कड़ी मेहनत ने उन्हें उनकी मंजिल दिलाई। झारखंड सरकार ने नियुक्ति पत्र के माध्यम से उन्हें खाद्य निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया है। खाद्य निरीक्षक (फूड इंस्पेक्टर) बनने पर



प्रखंड, पंचायत और गांव में खुशी की लहर है। विकास यादव की नियुक्ति जमशेदपुर के मानगो नगर निगम में हुई है। इस खबर से धनवार पंचायत और लठिया गांव में खुशी देखी जा रही है। जानकारी के मुताबिक विकास यादव के पिता नहीं हैं। मां ने ही उनकी शिक्षा पूरा करायी। उनके पिता स्व परमेश्वर यादव का वर्ष 2016 में ही निधन हो गया था। मां शोभा देवी ने हर परिस्थिति में पुत्र का हौसला बढ़ाया। विकास ने अपनी शिक्षा प्लस टू हाई स्कूल बरही से, इंटरमीडिएट इंटर कॉलेज बरही से और स्नातक की पढ़ाई अन्नदा कॉलेज हजारीबाग की है। स्नातक के बाद उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी थी और अंततः फूड इंस्पेक्टर की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उनके सफलता पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदेश संगठन सचिव राजकुमार यादव, ब्रह्मदेव यादव, प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय, अरुण दुबे बैजनाथ यादव, राजेंद्र यादव, अंकित यादव ने बधाई दी है।

# उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता।

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव से अगस्त महीने में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली, बताया गया कि अगस्त में 14 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें 12 लोगों की मृत्यु व 08 लोग घायल हैं।




समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति,ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण सड़क जागरूकता कार्यक्रम पर समीक्षा करते हुए विभिन्न अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान पूर्व की बैठक में दिये गये निदेशों का अनुपालन की भी समीक्षा की गयी।

**अगस्त माह में 596 वाहनों की हुई जांच, 14 लाख 63 हजार 750 रूपये बतौर जुमार्ना वसूला गया**

बैठक में डीटीओ ने बताया कि अगस्त माह में कुल 596 वाहनों की जांच की गयी है।इस दौरान 537 वाहनों से जुमार्ने के तौर पर 14 लाख 63 हजार 750 रुपए की वसूली की गयी है। इस दौरान डीटीओ ने सभी थाना प्रभारियों से वाहन जांच के दौरान प्रेशर हॉर्न से संबंधित जांच करने व इसका रिपोर्ट भेजने की बात कही। इसके साथ ही विभिन्न अंचलो से ब्लैक स्पॉट का रिपोर्ट भेजने की बात कही। बैठक में सीएस को गुड सेमेरिटन योजना के प्रति गंभीरता बरतते हुए लोगों को लाभान्वित करने की बात कही। इसी क्रम में डीसी ने निजी हॉस्पिटल्स द्वारा आईआरएडी के तहत एंट्री सुनिश्चित करवाने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने हिट एंड रन के मामलों, ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान, स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना आदि की समीक्षा की। वहीं एसपी ने विभिन्न सड़कों पर अवस्थित स्पीड ब्रेकरों पर ऐसी व्यवस्था करने पर बल दिया जिससे कि राहगीरों को सड़क पर चलते वक्त उक्त स्पीड ब्रेकर दूर से ही नजर आ जाये। मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, तीनों एसडीओ, जिला शिक्षा अधीक्षक, उत्पाद अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, विभिन्न सांसद व विधायक प्रतिनिधि समेत सड़क सुरक्षा समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।

# चाणक्य आईएएस अकादमी का दुर्गा पूजा पर विशेष ऑफर, कोर्स फीस में भारी छूट

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर चाणक्य आईएएस अकादमी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की है। संस्थान ने यूपीएससी, जेपीएससी और बीपीएससी की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए कोर्स फीस पर भारी छूट देने का निर्णय लिया है।



अकादमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा एवं जीएम रीमा मिश्रा ने बताया कि यह ऑफर सीमित समय के लिए रहेगा। नए बैचों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू की संपूर्ण तैयारी पर यह रियायत दी जाएगी। संस्थान के निदेशक के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य उन छात्रों को अवसर देना है जो आर्थिक कारणों से बेहतर मार्गदर्शन से वंचित रह जाते हैं। चाणक्य आईएएस अकादमी वर्षों से सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कराकर बड़ी संख्या में अफसर दे चुकी है। छात्र-छात्राएं इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए चाणक्य आईएएस अकादमी हजारीबाग इंस्टीट्यूट से संपर्क कर सकते हैं। यह अवसर सीमित समय तक ही उपलब्ध है।

# पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : राकेश रंजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता।

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नालसा के दिशा निर्देश व झालसा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अध्यक्षता में 13 सितंबर को पलामू जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जाएगा। उक्त जानकारी पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने दी।

व्यवहार न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएलएसए सचिव राकेश रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में पहले की अपेक्षा इस बार ज्यादा केस डिस्पोजल किया जाएगा। इसमें एनआई, फॉरेस्ट व एक्साइज के केस शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से कोई भी केस जड़ से खत्म हो जाता है। इसे किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा किलोक अदालत का अर्थ- जनता की अदालत है। मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक वैकल्पिक मंच है। यह एक ऐसा मंच है जहां अदालतों में लंबित या मुकदमे-पूर्व चरणों वाले विवादों का समझौता या सुलह से निपटारा किया जाता है। लोक अदालतें सभी प्रकार के सिविल मामलों व समझौता योग्य आपराधिक मामलों को देखती हैं। लोक अदालत में नागरिकों को त्वरित, निशुल्क व सौहार्दपूर्ण न्याय प्रदान किया जाएगा। कहा कि न्यायिक व पूर्व-न्यायिक चरणः ये उन मामलों को भी निपटाती हैं जो अदालतों में विचाराधीन हैं। साथ ही उन मामलों को भी जिन्हें अभी तक अदालत में दायर नहीं किया गया है। कहा कि पक्षकार अपनी सहमति से अपने विवाद को लोक अदालत में प्रस्तुत करने के लिए प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के लिए 15 बेंच का गठन किया गया है। इसमें 10 न्यायिक, एक पीएलए चेयरमैन, एक कंज्यूमर फोरम व तीन एसडीएम का बेंच होगा।

## एक्स सर्विसमैन के लिए आज होगा डेडीकेटेड सेल का उद्घाटन

झालसा के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान पलामू जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में वीर परिवार सहायता योजना 2025 के तहत डेडीकेटेड सेल का उद्घाटन करेंगे। वे डेडीकेटेड सेल का 10.30 बजे ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। इसमें एक्स सर्विसमैन के फैमिली लीगल मैटर में एड दिया जाएगा। इसमें पैनल का गठन किया गया है। इसमें एडवोकेट व एक्स सर्विसमैन को शामिल किया गया है। कहा कि उनके यहां सात एक्स सर्विसमैन पीएलभी कार्यरत हैं।

# प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के स्थानांतरण पर दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता।

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के स्थानांतरण के उपरांत शुक्रवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी। मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश को गुलदस्ता भेंट किया। उन्हें अंगवस्त्र व धार्मिक ग्रन्थ प्रदान किया गया। साथ ही फूल मालाओं से लादकर जबरदस्त स्वागत किया। विदित हो कि पीडीजे श्री पांडेय का स्थानांतरण झारखंड उच्च न्यायालय रांची में रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल के पद पर किया गया है।



पीडीजे श्री पांडेय पलामू में बतौर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के रूप में साढ़े चार महीने तक सेवा दी। मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि दिवाकर पाण्डेय ने अल्प कार्यकाल में अमिट छाप छोड़कर जा रहे हैं। श्री पांडेय के नेतृत्व में कोर्ट बिल्डिंग का सुंदरीकरण के साथ-साथ कई ऐतिहासिक कार्य किए गए। कहा कि पीडीजे श्री पाण्डेय एक ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ पीडीजे के साथ साथ विकास पुरूष के रूप में याद किये जायेंगे। इनकी कमी हमेशा खलेगी । वे सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। मौके पर अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि पीडीजे पांडेय सर ने बार व बेंच के बीच समन्वय स्थापित कर एक बेहतरीन कार्य किया है। इनसे बहुत कुछ सीखने का मौका मिला है। इनकी कमी हमेशा खलेगी। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास ने कहा कि पीडीजे श्री पांडेय ने अभिभावक की भूमिका में साथ लेकर चलने का कार्य किया है।

मौके पर पीडीजे दिवाकर पांडेय ने कहा कि पलामू जिले के लोगों का भरपूर सहयोग मिला। यहां के अधिवक्ता काफी अनुभवी व सुलझे हुए हैं। कार्य के दौरान सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। चार माह का समय एक दूसरे को समझने का बहुत कम है। लेकिन भरोसे के साथ कह सकते हैं कि यहां के अधिवक्ता काफी अच्छे हैं। केस के डिस्पोजल के मामले में भी पलामू जिला अग्रणी रहा है। यह बार व बेंच के समन्वय के बदौलत ही सम्भव हो सका है।उन्होंने कहा कि पलामू आने के पहले लोगों में नकारात्मक सोच उत्पन्न होता है। लेकिन वे कहेंगे कि एकबार पलामू सभी को जरूर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोर्ट भवन को सुसर्जित करने में लोगों को कठिनाई झेलनी पड़ी है। अधिवक्तागण टूटे टाइल्स, बालू व कंक्रीट से गुजर कर भी काम निपटाने में मदद किए हैं। कहा कि रात 12 बजे तक जगकर कोर्ट भवन निर्माण का देखरेख किया गया है। ताकि पलामू का कोर्ट भवन भी सुंदर व सुसर्जित हो। कहा कि पलामू उन्हें हमेशा यादगार रहेगा। मौके पर मंच का संचालन दिवाकर दुबे ने किया। मौके पर अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, राजेश दुबे, दे० कुमार शुक्ला, प्रभु दयाल गुप्ता, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, धनंजय प्रसाद सिंह, नागेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, अक्षय सिंह, शौकत अली, नंदलाल सिंह, शिव कुमार तिवारी, बैकुंठ दुबे, शशिभूषण दुबे, मन्धारी दुबे, मदन तिवारी, शलभ कुमार, रुचिर तिवारी, संजय पांडेय, राणा मनोज सिंह, अनिल कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## शाल ओढ़ाकर पीडीजे दिवाकर पांडेय को किया गया सम्मानित

अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने पीडीजे दिवाकर पाण्डेय को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर डीजे प्रथम अखिलेश कुमार, द्वितीय प्रतिक चतुर्वेर्दी, चतुर्थ पवन कुमार, पंचम स्वेता ढींगरा, षष्टम राजकुमार मिश्रा, अष्टम आयशा खान, नवम आभास कुमार, सीजेएम मनोरंजन कुमार, एसीजेएम सुशीला सोरेंग, डालसा के सचिव राकेश रंजन, निशिकांत, रवि शंकर पांडेय, शम्भू महतो, रेलवे जेएम प्रज्ञेष निगम, एसडीजेएम कमल प्रकाश, रश्मि चंदेल समेत दर्जनों न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जमशेदपुर : 30 लाख की लूट का मास्टरमाइंड अमृतसर से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर थाना क्षेत्र में 4 सितंबर को हुई 30 लाख रुपये की लूट का पुलिस ने पर्दाफाश कर लिया है। इस मामले में मास्टरमाइंड सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने लूट के सरगना राकेश मंडल को पंजाब के अमृतसर से पकड़ा, जबकि उसकी निशानदेही पर तीन अन्य आरोपितों कमलेश नारायण दुबे, सुधीर नारायण बेहरा और गणेश कुम्भकार उर्फ कुचा को भी दबोच लिया गया। गौरतलब है कि 4 सितंबर को गुरुद्वारा रोड पर कारोबारी साकेत अग्रवाल से इनोवा सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े 30 लाख रुपये लूट लिए थे। आरोपितों ने उनकी आंखों में मिर्च पाउडर डालकर रुपयों से भरा बैग छीना और हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए थे। एसएसपी पीयूष पांडे ने बताया कि मामले की जांच के लिए विशेष अनुसंधान टीम



(एसआईटी) बनाई गई थी। टीम ने घटनास्थल और आसपास के 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसके आधार पर आरोपितों की पहचान कर कार्रवाई की गई। पूछताछ में सामने आया कि लूट की साजिश कमलेश दुबे ने रची थी और वारदात से पहले लगातार रेकी की जा रही थी। अब तक पुलिस ने 10 लाख 69 हजार 700 रुपये, एक देसी पिस्टल, इनोवा कार और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसएसपी

## आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, रांची में बनाई गई 54 बेंच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देश पर शनिवार, 13 सितंबर को देशभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रांची सिविल कोर्ट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) द्वारा लोक अदालत लगाई जाएगी। इसके लिए कुल 54 बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे होगा। डालसा सचिव रवि भास्कर ने बताया कि लोक अदालत से पूर्व प्री-लोक अदालत में अब तक 30 हजार सुलहनीय लंबित मामले तथा ढाई लाख से अधिक प्री-लिटिगेशन मामले निपटाए जा चुके हैं। इस बार लोक अदालत के दौरान 40 हजार लंबित मामलों और तीन लाख से अधिक प्री-लिटिगेशन मामलों के निपटारे का लक्ष्य रखा गया है।

# बीसीसीएल लोदना हादसाः मुआवजा और नियोजन पर बनी सहमति, मृतकों का अंतिम संस्कार संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** लोदना एरिया स्थित आठ नंबर बाई क्वार्टर के जर्जर मकान गिरने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत के मामले में आखिरकार बीसीसीएल प्रबंधन ने मृतकों के आश्रितों और घायलों के परिजनों की मांगें मान ली। शनिवार को बीसीसीएल प्रबंधन, प्रशासन और ट्रेड यूनियन नेताओं के बीच हुई वार्ता में मुआवजा, नियोजन और अन्य सहायताओं पर सहमति बनी। इसके बाद मृतकों के परिजन शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। बुधवार को हुई इस दर्दनाक घटना के बाद परिजन मुआवजा और आश्रितों को रोजगार देने की मांग को लेकर अड़े हुए थे। शवों को बीसीसीएल एरिया-10 के गेट पर रखकर लोगों ने प्रदर्शन भी किया था। करीब



24 घंटे तक चले गतिरोध के बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने मुआवजा और नियोजन देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। बीसीसीएल लोदना एरिया के जीएम निखिल बी. त्रिवेदी ने कहा कि हादसा माइनिंग एरिया से बाहर हुआ था, फिर भी मानवता के नाते मृतकों के परिजनों को मुआवजा, एक आश्रित को नियोजन और घायलों का निजी अस्पताल में मुफ्त इलाज कराया जाएगा। साथ ही मृतक गोपाल बढ़ई के बच्चों को डीएवी स्कूल बनियाहिर में 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। सर्किल इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि मृतकों के आश्रितों को तत्काल 5 लाख रुपये और एक महीने बाद 2 लाख रुपये अतिरिक्त मुआवजा दिया जाएगा। इस हादसे में चार लोग घायल भी हुए थे, जिनका इलाज चल रहा है।

## नक्सली कमांडर की पत्नी अनीता देवी गिरफ्तार लेवी का पैसा और हथियार रखने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पलामू।** झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) से जुड़ी नक्सली गतिविधियों पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पांकी थाना क्षेत्र के होटाई इलाके से पुलिस ने संगठन के कमांडर ध्रुव की पत्नी अनीता देवी उर्फ सुनीता देवी को गिरफ्तार किया है। उस पर लेवी का पैसा और नक्सलियों के हथियार रखने का आरोप है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 18 जनवरी 2024 को पांकी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के नक्सली सरकारी योजनाओं से लेवी वसूली करने पहुंचे हैं। कार्रवाई के दौरान चार नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई थी और उनके पास से लाखों रुपये नकद व हथियार बरामद किए गए थे। पूछताछ में गिरफ्तार नक्सलियों ने खुलासा किया था कि संगठन का लेवी का पैसा ध्रुव और उसकी पत्नी अनीता देवी के पास जमा होता है। अनुसंधान के क्रम में पुलिस



को अनीता देवी की संलिप्तता के प्रमाण भी मिले थे। गुप्त सूचना के आधार पर की गई ताजा छापेमारी में उसे हिरासत में ले लिया गया। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि अनीता देवी संगठन की आर्थिक मदद करती थी और हथियार भी अपने पास रखती थी। गौरतलब है कि जेजेएमपी कमांडर ध्रुव ने हाल ही में लातेहार में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस का मानना है कि अनीता देवी की गिरफ्तारी से संगठन की आर्थिक व्यवस्था पर बड़ा असर पड़ेगा।

# मुख्यमंत्री सड़क सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम से नवादा में विकास को नई रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** शुक्रवार को आईटीआई मैदान में ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा दिनांक 12.05.2025 एवं 17.07.2025 को ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण तथा प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत किए गए शिलान्यास एवं कार्यारंभ का शिलापट्ट अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग अशोक चौधरी, सांसद विवेक ठाकुर, जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश, विधायक नवादा विभा देवी, विधायक हिसुआ नीतु कुमारी, विधायक रजौली प्रकाशवीर, विधायक गोविंदपुर मो0 कामरान, एमएलसी अशोक कुमार एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



मंत्री अशोक चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शिलान्यास किए गए ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत पथों के शिलापट्ट का अनावरण किया। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 581 सड़कों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जिसकी लंबाई लगभग 811 किलोमीटर है। इसके अतिरिक्त 11 नये पुलों का भी निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना पर लगभग 700 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों का सात वर्षों तक रखरखाव और गड्ढों की मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी, जिससे ग्रामीण संपर्क मार्गों के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों से आग्रह किया कि सभी कार्यों की नियमित निगरानी करें और ठेकेदारों व इंजीनियरों को समय पर कार्य शुरू करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इन सभी परियोजनाओं के निर्माण से ग्रामीणों के जीवन में खुशहाली एवं जीवन स्तर में सुधार होगा।

इस अवसर पर ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक अभियंता, 20-सूत्री के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार विद्यार्थी, 20-सूत्री के उपाध्यक्ष अनिल मेहता, जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी उपस्थित रही।

# पत्नी हत्याकांड में पति को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** पेशरार थाना क्षेत्र में चार साल पहले हुए पत्नी हत्याकांड मामले में अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा की एडीजे-2 नीरजा आसरी की अदालत ने आरोपी सच्चू महतो को पत्नी की हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह जानकारी लोक अभियोजक भारत राम ने दी। मामला 15 मार्च 2021 का है। बताया जाता है कि घरेलू विवाद के बाद पेशरार निवासी सच्चू महतो ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी ने शव को घर के भीतर छिपा दिया और मौके से फरार हो गया था। जब ग्रामीणों को संदेह हुआ तो उन्होंने दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया, जहां



महिला का शव पड़ा मिला। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लगभग चार वर्षों तक चले इस मुकदमे के दौरान अदालत में 10 गवाहों के बयान दर्ज हुए। गवाहों की गवाही और पुलिस द्वारा प्रस्तुत ठोस सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। लोक अभियोजक भारत राम ने कहा कि अदालत ने पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाते हुए सच्चू महतो को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस फैसले से मृतका के परिजनों को इंसाफ मिला है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में तरक्की कर रहा बिहार : विजय कुमार चौधरी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिन्द हाईस्कूल के मैदान में अस्थावां विधानसभा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए नालन्दा प्रभारी सह मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व में बिहार तरक्की कर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आप लोगों से मिलने के लिए नालन्दा का प्रभारी बना दिया। 2005 के पहले किसी भी कार्यक्रम में इक्का-दुक्का महिलाएं भाग लेती थी। महिला सशक्तिकरण का नतीजा है कि आज कार्यक्रम में महिलाएं बढ़ चढकर भाग लेती है । सभा मंच पर बैठने वाले लोगों से महत्वपूर्ण मंच के नीचे बैठने वाले लोग हैं। मंच के नीचे बैठने वाले लोगों के आशिर्वाद से आज हम लोग मंच पर विराजमान है। भारत सरकार के मंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत तरक्की कर रहा है वैसे ही नीतीश के नेतृत्व में बिहार तरक्की कर रहा है। अस्थावां विधायक डॉ जितेन्द्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को शुन्य से ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में अस्थावां ही नहीं पुरे बिहार का सर्वांगीण विकास हुआ है। कार्यकर्ता सम्मेलन में लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सतेन्द्र मुकुट, जिला परिषद उपाध्यक्ष नरोत्तम कुमार, बिपिन कुमार, पुरूषोत्तम कुमार, अशोक कुमार सिंह, बिन्द प्रमुख टूनो देवी, ललित महतो, सरमेर जदयू अध्यक्ष बिजय प्रसाद, आशुतोष कुमार, त्रिनयन कुमार, हम नेता संजू मालाकार, लक्ष्मण कुमार समेत सभी दलों ने नेता मौजूद थे।

## पुलिसिया कार्रवाई में 21 अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 11 सितम्बर 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई है।

कार्रवाई के तहत लूट में एक गिरफ्तारी, अनुसूचित जाति/जनजाति में एक गिरफ्तारी, आर्म्स एक्ट में एक गिरफ्तारी, हत्या के प्रयास में तीन गिरफ्तारियां, मद्य निषेध में चार गिरफ्तारियां एवं अन्य मामलों में 11 गिरफ्तारियां कुल 21 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है।

इसके अतिरिक्त पुलिस ने 64.5 लीटर विदेशी शराब, 25 लीटर महुआ शराब एवं 60 लीटर स्प्रीट बरामद किया है। वारंट निष्पादन की संख्या एक रही। वाहन जांच अभियान के दौरान 846 वाहनों की जांच की गई तथा 01 लाख 70 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य गिरफ्तारी अंतर्गत मोटरसाइकिल 02, एक टेम्पू, दो तसला, एक गैस सिलंडर एवं गैस एक चूल्हा की बरामदगी भी की गई है।

# एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में गूंजा '2025, फिर से नीतीश'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शहर के गांधी इंटर विद्यालय के मैदान मे शुक्रवार को एनडीए का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में जदयू-भाजपा के अलावे सभी सहयोगी दलों के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी और मंच का संचालन का भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार ने 20 वर्षों में बिहार में विकास की गंगा बहा दी है। इसके पहले की सरकार अपने विकास कार्य की समीक्षा नीतीश कुमार के विकास कार्यों से करके देख ले । अशोक चौधरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन फिर से मजबूत होकर बिहार में सरकार बनाएगी और जो भी विकास कार्य रुके पड़े हैं, उसे पूरा करने का काम करेगी।



### अफवाहों से सावधान रहने की जरूरत : विवेक ठाकुर

विकास का दूसरा नाम नीतीश कुमार है। उन्होंने एनडीए के सभी कार्यकर्ता से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को क्षेत्र में घूम-घूम कर जानकारी देने की बात कही। आने वाले विधानसभा के चुनाव में 225 सीट जीत कर एक बार फिर नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनाने का काम करें।

उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी नेता कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में तत्परता के साथ कार्य करें एवं एनडीए को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए का लहर है। आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन का सुपडा साफ हो जाएगा। महागठबंधन के नेताओं के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए महागठबंधन के नेता घबराए हुए हैं और घबराकर अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं।

नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि आप लोगों को अफवाहों से सावधान रहने की जरूरत है, और कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार ने सुशासन,सुरक्षा के साथ बिहार के विकास के लिए संकल्पित है। लगातार बिहार विकास की ओर अग्रसर है। कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि वे गांव-गांव जाकर केंद्र और बिहार सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। साथ ही किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी का मुकाबला करें। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए बिहार सरकार की मंत्री शीला मंडल ने कहा कि देश का विकास एनडीए और बिहार के विकास के लिए भी एनडीए की सरकार जरूरी है क्योंकि बिहार और बिहारियों की चिंता एनडीए की सरकार ही कर सकती है। एनडीए सरकार ने बिहार के गरीब गुरबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाकर बिहार को संवारने का कार्य किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज़ हुसैन ने कहा आज बिहार के वृद्धजनों और दिव्यांगजनो को सम्मान देकर पेंशन की राशि को बढ़ाया है। गरीबों का घर बिजली बिल के अभाव में अंधेरा ना हो जाए इसलिए बिहार सरकार ने सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री कर दिया है। इस लिए आप सभी लोगों से आग्रह है कि बिहार के विकास के लिए तत्पर एनडीए की सरकार को पुनः बनायें। ताकि बिहार के विकास का पहिया दुगुने रफ्तार से जारी रहे। इस दौरान विधानपार्षद अशोक यादव, पूर्व विधायक ई सुनील कुमार, लोजपा के प्रवक्ता धीरेन्द्र मुन्ना, हम के प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण, लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह,हम जिलाध्यक्ष अशोक मांझी,आरएलएम जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा,राजेश कुमार सिंह, लोजपा के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष खुशबू सिन्हा, प्रो विजय कुमार सिन्हा, आनंद गौरव, शैलेन्द्र शर्मा, जदयू के ज़िला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, संदीप कुमार चुन्नु, अरविन्द गुप्ता, रवि गुप्ता, अभिजीत कुमार सिन्हा, तेजस सिन्हा, विनोद भोली, युवा जिलाध्यक्ष अजित शंकर, शिवरानी केसरी, माधुरी वर्णनवाल, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष नवल चौहान, युवा जदयू अध्यक्ष सोनू राज कुशवाहा, नरेंद्र यादव, शशि कुमार शेष, प्रमिला प्रजापति, शोभा देवी, मनोहर पासवान, निजाम खान कल्लू सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ किशोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**संदेश (भोजपुर)।** संदेश थाना पुलिस ने पंडुरा गांव से एक किशोर को देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित पंडुरा निवासी स्व. रामेश्वर शर्मा का 16 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार है। एसआई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार को डायल-112 पर सूचना मिली थी कि अजीत कुमार अपने घर के बगल में स्थित मुर्गी फार्म के पास देशी कट्टा से फायरिंग कर हथियार छुपा दिया है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची।



पुलिस को देखते ही अजीत भागने लगा, लेकिन पुलिस बल ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम और पूरी घटना कबूल की। अजीत ने बताया कि उसने कट्टे से फायरिंग कर हथियार अपने दोस्त भोला कुमार (पिता- जितेंद्र कुमार, निवासी- पंडुरा) को सौंप दिया था। इसके बाद पुलिस भोला के घर पहुंची, लेकिन वह वहां नहीं मिला। तलाशी में उसके चाचा के घर रखे बक्से से एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

पुलिस की कार्रवाई को देखने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। फिलहाल अजीत कुमार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है और उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## तेजस्वी यादव 16 सितंबर से निकालेंगे पांच दिवसीय बिहार अधिकार यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने के बाद अब राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव अपनी बिहार अधिकार यात्रा पर निकलने जा रहे हैं। यह यात्रा 16 सितंबर को जहानाबाद से शुरू होकर 20 सितंबर को वैशाली में समाप्त होगी। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन और एजाज अहमद ने बताया कि यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव नालंदा, पटना, बेगूसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल और समस्तीपुर जिलों से भी गुजरेंगे। इस दौरान बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और मतदाता अधिकार जैसे मुद्दों पर वे जनता से संवाद करेंगे। राजद नेताओं ने कहा कि इस यात्रा का मकसद विधानसभा क्षेत्रों में सीधा जनसंपर्क स्थापित कर राज्य और केंद्र की नीतियों पर जनता के बीच चर्चा करना है।

## समाहरणालय सभागार में जनता दरबार आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी,नवादा सदर डॉ. राजकुमार सिंहा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। कुल 78 शिकायतें दर्ज की गई। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने कई शिकायतों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर तत्काल राहत उपलब्ध कराई। वहीं, कुछ मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं. : टीआरडी–एडीए–ई–निविदा–19–2025, दिनांक 11.09.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल विद्युत अभियंता /टीआरडी, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का विवरण** : झंटीपहाड़ी (जेपीएच) स्टेशन पर अप पैसेंजर प्लेटफॉर्म गुड्स शेड लाइन के डाउन मेन सह अप लूप प्रावधान की सुविधा को हटाने के लिए अप और डाउन मेन क्रॉस ओवर की डिस्मैंटलिंग हेतु ओएचई रूपांतरण। **अनुमानित निविदा मूल्यः** रु. 2,23,13,532/–, **ई–निविदा की अंतिम तिथि और समय** 06.10.2025 को 15.00 बजे है एवं 06.10.2025 को 15.00 बजे के बाद **निविदा खोली जाएगी।** उक्त ई–निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। **(PR-624)**



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/696, दिनांक 10.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई–टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम संख्या 1, निविदा संख्याः ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3483, कार्य का नाम** : एबीएसएस के अधीन बाली में फसाड (अग्र भाग) और पॉर्च के पुनर्विकास, अंदरूनी कार्य, बुकिंग ऑफिस, मौजूदा बिल्डिंग के शौचालय और प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया के विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 43,29,326/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि)**: रु. 86,600/–, **क्रम सं. 2, निविदा संख्याः ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3484, कार्य का नाम** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के अधीन सेवड़ाफुली स्टेशन के कमर्शियल बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर के शेष हिस्से को पूरा करने, अंदरूनी कार्य और सर्कुलेटिंग एरिया के विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 48,35,619/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि)**: रु. 96,700/–, **क्रम सं. 3, निविदा संख्याः ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3486, कार्य का नाम** : डीईएन/3/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के अधीन अम्बिका कालना स्टेशन पर मेन एंट्री बिल्डिंग और द्वितीय एंट्री बिल्डिंग के विकास के साथ फसाड और पॉर्च के विकास तथा अंदरूनी कार्य एवं सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग एरिया के विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 52,99,077/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि)**: रु. 1,06,000/–, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 07.10.2025 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-290/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# उद्योग विभाग के महाप्रबंधक निखिल कश्यप ने संभाला पदभार, कहा- पारदर्शिता के साथ योजनाओं का होगा क्रियान्वयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिला उद्योग केंद्र भोजपुर को शुक्रवार को नया महाप्रबंधक मिल गया। वरीय परियोजना प्रबंधक निखिल कश्यप ने भोजपुर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक का पदभार संभाला। इस मौके पर पदाधिकारियों, कर्मियों और जिला संसाधन सेवियों ने उन्हें बुके देकर बधाई दी और उत्सवी माहौल में उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण के बाद महाप्रबंधक निखिल कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) और मुख्यमंत्री उद्यमी योजना समेत सरकार की अन्य योजनाओं को पूर्ण पारदर्शिता और तेजी



के साथ लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योग को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। भोजपुर जिले में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित कराने के लिए जिला उद्योग केंद्र हर संभव कदम उठाएगा। नए महाप्रबंधक ने युवाओं से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में आगे आएं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है, बस जरूरत है कि युवा स्वयं पहल करें। जिला उद्योग केंद्र उनकी हर संभव मदद के लिए तत्पर रहेगा।

पदभार ग्रहण के बाद पहले ही दिन निखिल कश्यप एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने उद्योग विस्तार पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक की और कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारियां दी गई हैं, उन्हें निर्धारित समय पर पूरा करना होगा। इसके बाद उन्होंने जिला संसाधन सेवियों के साथ दूसरी बैठक की और पीएमएफएमई योजना पर विशेष जोर देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि नए आवेदन सृजित करने की बजाय पहले से लंबित आवेदनों की स्वीकृति और भुगतान प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही स्पष्ट किया कि जिले को इस योजना में जो लक्ष्य मिला है, उसे हर हाल में शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। बता दें कि अब तक परियोजना प्रबंधक मधु कुमारी जिला उद्योग केंद्र भोजपुर के महाप्रबंधक के प्रभार में कार्यरत थीं। निखिल कश्यप वरीय परियोजना प्रबंधक होने के कारण उन्हें महाप्रबंधक बनाया गया है। इस संबंध में बीते बुधवार को उद्योग विभाग के अवर सचिव राधाकृष्ण चौहान द्वारा अधिसूचना जारी की गई थी। नए महाप्रबंधक से जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 12-09-2025 21:44 Page 1



# बम विस्फोट की पाकिस्तानी धमकी से हड़कम्प

## सुरक्षा एजेंसियां चौकस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** पाकिस्तानी इंटरनेट मीडिया हैंडल से बिहार में बम विस्फोट करने की धमकी दी गई है। हैंडल ने लिखा है कि 12 सितंबर 2025 की शाम चार बजे बम विस्फोट करेंगे, यदि रोक सको तो रोक कर दिखाओ।

पाकिस्तानी इंटरनेट मीडिया एक्स हैंडल से धमकी भरे भेजे गए संदेश के बाद पुलिस मुख्यालय सतर्क हो गया है। अपर पुलिस महानिदेशक विधि व्यवस्था पंकज दराद ने सभी जिलों के एसपी,एसएसपी को सतर्क करते हुए सभी सुरक्षात्मक कदम उठाने को कहा है।

एडीजी ने निर्देश दिया है बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ते को अलर्ट रखें। भीड़भाड़ वाले इलाके और धार्मिक स्थलों की कड़ी निगरानी कराएं। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पर फौरन कार्रवाई करें। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन,मॉलों के आसपास की भी सुरक्षा निगरानी कराएं। एडीजी ने आम नागरिकों को भी सतर्क रहने और पुलिस की मदद करने की अपील की है।

भागलपुर रेंज के भागलपुर, नवगछिया,बांका के अलावा पूरे बिहार,सीमांचल के जिलों के पुलिस अधीक्षक थानाध्यक्षों को एहतियाती तौर पर सतर्क करते हुए वाहनों की तलाशी और संदिग्धों पर नजर रखने की कवायद शुरू करा दी है। सुरक्षा एजेंसी भी सतर्क हो धमकी बाद अपने तकनीकी संसाधनों के जरिए गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

# बंदी की मौत पर गुस्साये लोगों ने काटा बवाल

▸ लोगों ने सदर अस्पताल में किया हंगामा ▸ पटना-औरंगाबाद एनएच किया बाधित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जहानाबाद के काको मंडल कारा में बंद अरवल जिले के मदन जी टोला निवासी प्रमोद चौधरी की कल गुरुवार को हुई मौत से आक्रोशित स्वजन व ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह छह बजे से सात बजे तक पटना-औरंगाबाद एनएच 139 पर यातायात बाधित कर दिया। लोग पीड़ित परिवार को मुआवजा देने व बंदी की मौत की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग कर रहे थे। स्वजन का कहना था कि 8 सितंबर को शराब पीने के आरोप में अरवल उत्पाद विभाग की पुलिस प्रमोद चौधरी को पकड़ कर ले गई थी गिरफ्तारी के बाद वक्त वह पूरी तरह स्वस्थ था। तीन दिनों बाद 11 सितंबर को अचानक उसकी तबीयत खराब होने और अस्पताल में इलाज के दौरान मौत होने की सूचना मिली। स्वजन ने आरोप लगाया कि पुलिस व जेल प्रशासन की पिटाई से उसकी मौत हुई है। सड़क जाम की सूचना पर सदर थाने की पुलिस पहुंची और लोगों को समझा कर मामला शांत कराया। जाम की सूचना पर अरवल विधायक महानंद सिंह भी आए थे। मदनजी टोला के पास शव रखकर करीब एक घंटे तक एनएच पर आवागमन बाधित किया गया, जिस कारण पटना व औरंगाबाद की तरफ से आने जाने वाली गाड़ियां जाम में फंसी रही। जाम में फंसे लोग परेशान रहे। गुरुवार को भी बंदी की मौत की सूचना पर जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचे स्वजन व ग्रामीणों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया था। पुलिस से भी नोकझोंक की थी। अरवल उत्पाद अधीक्षक का कहना था कि 13 लीटर देसी शराब के साथ उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। प्रमोद चौधरी के परिवार में पत्नी के अलावा तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं।

# नर्स के घर दिन दहाड़े लाखों की चोरी

## छत के रास्ते घुसे चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी।** अगमकुआं थाना अंतर्गत रशीदा चक के त्रिलोक नगर स्थित पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्टाफ नर्स और व्यवसाय के घर में बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े 15 लाख रुपए तक की सम्पति चोरी कर लिया। चार मंजिला मकान में छत के रास्ते घर में घुसे चोर ने उस समय घटना को अंजाम दिया जब नर्स अपनी ड्यूटी पर और उनके पति कारोबार के सिलसिले में हिलसा गए हुए थे। सूचना पाकर पहुंची थाना की पुलिस जांच में जुटी रही।

पीएमसीएच में स्टाफ नर्स मंजू कुमारी और उनके पति किताब कॉपी के व्यवसायी सुधीर कुमार ने बताया कि गुरुवार को दिन में अज्ञात चोर उनके घर में छत के रास्ते घुसे और छह लाख नगद और आभूषण समेत लगभग 15 लाख रुपए की सम्पत्ति चोरी कर निकल भागे। उन्होंने बताया कि घटना का पता रात करीब बजे लगा जब मंजू कुमारी पीएमसीएच से शाम की ड्यूटी कर घर लौटी। मकान में बाहर से ताला लगा था। अंदर जाने पर हर कमरे में समान दिख रहा था। अलमारी खुला हुआ था। मंजू कुमारी ने बताया कि घटना की सूचना पति को फोन पर दिया। वह रात करीब 9:30 बजे हिलसा से लौटे। डायल 112 पर घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस की टीम जांच में जुटी रही। मंजू कुमारी ने बताया कि सोने हार, कंगन, हसली, कान की बाली समेत आभूषण और छह लाख नगद ले गए। यह राशि पति ने व्यवसाय के लिए रखी थी। अगमकुआ थाना पुलिस का कहना है कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को देखा जा रहा है।

# धान की फसलों पर मिलीबग और तना छेदक रोग ने बढ़ायी किसानों की चिंता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** इन दिनों धान की फसल तना छेदक, धड़छेदक और मिलीबग नामक कीटों के प्रकोप से जूझ रही है। यह कीट किसानों के अथक परिश्रम और मेहनत की कमाई पर पानी फेर रहे हैं। खेतों में लगे इन कीटों का प्रकोप इतना तेज है कि एक बार लगने के बाद यह पूरी फसल में फैल जाता है और धान को ठूंठ में बदल देता है। ग्रामीण इलाके में किसान इन कीटों को चतरा के नाम से जानते हैं। किसान इसे धान के लिए सबसे घातक कीट मानते हैं।

किसानों का कहना है कि पटवन और खाद डालकर वे किसी तरह फसल को तैयार किए, लेकिन अचानक बढ़ते कीटों प्रकोप ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। किसानों के अनुसार, तना छेदक की सूंडियां हल्के पीले शरीर और नारंगी-पीले सिर वाली होती हैं, जबकि मादा सूंडी के पंख पीले रंग के होते हैं। ये कीट धान की गोभ में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे पौधे की बढ़वार रुक जाती है और पौधा सूखने लगता है। परिणामस्वरूप धान का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होता है।

स्थानीय किसान सूरज प्रसाद, भरत चौबे, राघवेंद्र तिवारी, प्रेम कुमार महतो, बबन यादव और कपिलमुनि पांडेय सहित कई लोगों ने बताया कि इस समय धान की खेती पर संकट मंडरा रहा है। खेतों में जगह-जगह ठूंठ दिखाई देने लगे हैं और लगातार नुकसान हो रहा है। किसानों के अनुसार, यदि समय रहते बचाव नहीं किया गया तो फसल बर्बाद हो जाएगी।

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. देवकरण ने बताया कि यह कीट फसल के लिए बेहद खतरनाक है। ऐसे में किसानों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रति वर्ग मीटर खेत में पांच प्रतिशत से अधिक गोभ मृत दिखे, तो किसानों को तुरंत रसायनों का प्रयोग करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि तना छेदक की रोकथाम के लिए कारटाप हाइड्रोक्लोराइड (फोर-जी) 18 से 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से तीन से पांच सेंटीमीटर स्थिर पानी में छिड़काव करना चाहिए। वहीं, मिलीबग के प्रकोप से बचाव के लिए कार्बोफ्यूरान थ्री-जी 10 किलोग्राम प्रति एकड़ तीन से पांच सेंटीमीटर स्थिर पानी में घोलकर छिड़काव करना प्रभावी माना जाता है। कृषि वैज्ञानिक का कहना है कि यदि किसान समय रहते इन उपायों को अपनाते हैं, तो काफी हद तक फसल को सुरक्षित किया जा सकता है। कृषि विभाग भी किसानों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चला रहा है।

## गुस्साये छात्र गुरुजी से उलझे, मचाया उपद्रव

**मुजफ्फरपुर।** अहियापुर थाना के जमालाबाद गांव स्थित इंटर स्तरीय विद्यालय में गुरुवार को शिक्षक और छात्रों में भिडंत हुई। छात्रों ने जमकर हंगामा किया। कुछ छात्रों ने विद्यालय के शिक्षकों का गाड़ी तोड़ दी। यहीं नहीं शिक्षकों से अभद्र व्यवहार भी किया।

विद्यालय में विधि-व्यस्था भंग कर दी। मामले को लेकर शिक्षकों ने थाने मे शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष रोहन कुमार ने बताया है कि सूचना मिलने पर झपहां गश्ती दल को भेजा गया था। तबतक उपद्रवी फरार हो गए थे। इधर, शिक्षकों ने बताया है कि सुबह में विद्यालय के संचालन के बाद कुछ युवकों का झुंड विद्यालय में पहुंचा और विद्यालय परिसर में शिक्षकों की बाइक को गिरा दिया। उसके गाड़ी पेट्राल निकाल लिया। विद्यालय के कमरों में घुसकर हुड़दंग मचाया। विद्यालय के संचालन समय सारणी से नहीं होने दिया। छात्रों ने बताया है कि स्कूल में समय से शिक्षक नहीं आते है। वर्ग में शिक्षक पढ़ाने के बजाए इधर-उधर समय व्यतीत करते हैं। उन्होंने बगैर कोई कारण कुछ छात्रों को विद्यालय से भगा दिया।

# बैंक के अधिकारी की पत्नी ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** काजीमोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के कलमबाग गन्नीपुर इलाके में इंडियन बैंक के एक अधिकारी की पत्नी का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकॉला गया। इसके बाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

छानबीन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। काजीमोहम्मदपुर थानाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा।

स्वजन के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष के अनुसार मृत महिला बैंक अधिकारी रवि सावर्ण की पत्नी पूजा कुमारी थी। रवि इंडियन बैंक जोनल आफिस में तैनात बताए गए हैं। छानबीन के दौरान पुलिस को बताया गया कि 2016 में पूजा (30) की रवि से शादी हुई थी। छह वर्ष की एक बच्ची है, जो स्कूल गई हुई थी। अन्य दिनों की भांति गुरुवार को रवि बैंक चले गए। इसी बीच घर के कमरे को अंदर से बंद कर पूजा ने पंखा के सहारे गले में फंदा लगा लिया।

घटना की जानकारी के बाद अन्य कर्मचारी भी सदर अस्पताल पहुंचे। बैंक कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि ऑफिस आने के बाद रवि ने पत्नी को कॉल की, लेकिन कई बार कॉल करने के बाद कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला तो वह घर पहुंचे।

कलमबाग चौक गन्नीपुर इलाका स्थित निवास स्थान पहुंच कर कई बार खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला, तो उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया तो बैंक अधिकारी की पत्नी पंखे से लटकी मिली। पुलिस की मदद से शव को तुरंत माडल अस्पताल लाया गया।

यहां से ईसीजी के बाद दिल की धड़कन रुकने की बात सामने आई। चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे पारिवारिक कलह बताई जा रही है। घटना की जानकारी के बाद महिला के मायके से भी लोग वहां पहुंचे।

पूजा के भाई खबड़ा निवासी विशाल कुमार ने कहा कि कटरा गनिया निवासी रवि से बहन की शादी कराई थी। शादी के बाद से लगातार दहेज के लिए उनकी बहन को प्रताड़ित व मारपीट किया जा रहा था। विवाद के कारण स्थानीय स्तर पर पंचायती भी हुई।

गुरुवार को घटना की जानकारी मिलने के बाद वह सदर अस्पताल आए। यहां बहन को मृत पाया। उन्होंने कहा कि फंसरी लगाकर इन लोगों ने मार दिया है।

# शराब तस्कर और पुलिस टीम के बीच मुठभेड़

▸ एक तस्कर के पैर में लगी गोली

▸ 71 कार्टन शराब बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के भठवां मोड़ स्थित सिसवा जलालपुर रोड में गुरुवार की देर रात शराब तस्करों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर तस्करों ने हमला कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें एक तस्कर को गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, दो अन्य तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। बताया जा रहा है कि यह घटना उस समय हुई जब पुलिस को शराब तस्करों के सक्रिय होने की गुप्त सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर जब पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची, तो तस्करों ने उन पर अचानक हमला कर दिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अपनी जान की सुरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। गोलीबारी के बाद अफरातफरी मच गई। अपराधी ने पुलिस पर फायरिंग की। इसके बाद पुलिस ने फिर से जवाबी फायरिंग की। इस दौरान सिवान जिले के बड़हरिया थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव के रहने वाले तस्कर सद्दाम हुसैन के पैर में गोली लग गई और उसे पकड़ लिया गया। मौके से पुलिस ने एक स्कॉर्पियो गाड़ी, 71 कार्टन शराब, एक देसी कट्टा, एक कारतूस और एक खोखा बरामद किया है।

## लोक अदालत में अधिकाधिक वादों के निष्पादन पर जोर

**मुजफ्फरपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्ष श्वेता कुमारी सिंह के निर्देश पर आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर व्यवहार न्यायालय के सभागार में आवश्यक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशझप्रथम गिरधारी उपाध्याय ने की।

बैठक में जिला बार एसोसिएशन और अधिवक्ता एसोसिएशन के सदस्यों के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में महत्वपूर्ण चर्चा की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक वादों का निष्पादन कराने पर जोर दिया गया।

इसके साथ ही उस दिन व्यवहार न्यायालय परिसर में पार्किंग की समस्या से बचने के लिए अधिवक्ताओं से अनुरोध किया गया कि गाड़ी कंबाइंड बिल्डिंग के पार्किंग एरिया या खुदीराम बोस स्टेडियम में लगाएं, ताकि न्यायालय परिसर में लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो।

# स्वर्ण व्यवसायी का भांजा रहस्मय तरीके से गायब

## सड़क किनारे मिली बाइक, हेलमेट और बैग

### परिजनों में चिंता और अनहोनी की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहटा।** पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पैनाठी गांव का निवासी और मनेर स्वर्ण व्यवसायी सत्यप्रकाश स्वर्णकार का भांजा अचानक रहस्यमय तरीके से गायब हो गया है। गायब हुए युवक की बाइक, हेलमेट, बैग और टिफिन विशंभरपुर फोरलेन सड़क किनारे बुढ़िया माई मंदिर के पास लावारिस हालत में मिले हैं। स्वर्ण व्यवसायी के भांजे के अचानक गायब होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

इस संबंध में स्वर्ण व्यवसायी और गायब हुए युवक के परिजनों ने थाने में जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से गुहार लगाते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। इस मामले को लेकर मनेर स्थित स्वर्ण व्यवसायी तथा युवक का पूरा परिवार दहशत में है। गायब हुए युवक की पहचान 25 वर्षीय अभिषेक सोनी के रूप में हुई है।

परिजनों ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि अभिषेक सुबह हर दिन की तरह काम पर निकला था। वह एयरफोर्स स्टेशन बिहटा के मोटर पंप में कॉन्ट्रैक्ट पर कार्यरत था। परिजनों के अनुसार, उसी दिन अभिषेक से फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें उसने कहा था कि वह 15झ20 मिनट में घर पहुंच जाएगा। लेकिन उसके बाद न तो वह घर लौटा और न ही उसका कोई सुराग मिला। देर रात तक इंतजार और खोजबीन के बाद जब कुछ पता नहीं चला, तो थाने में सूचना दी गई।

घटना को लेकर पिता भगवान गुप्ता ने आशंका जताई है कि उनके पुत्र के साथ अनहोनी हो सकती है। उन्होंने बताया कि अभिषेक रोजाना बाइक से काम पर जाता था और वापस लौट आता था, लेकिन उस दिन देर रात तक न आने और फोन बंद हो जाने के बाद चिंता बढ़ गई। साथ ही बताया गया कि उसका लावारिस हालत में बाइक, हेलमेट, बैग और टिफिन बिहटा के विशंभरपुर गांव के पास से बरामद की गई है।

फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, परिजनों और गांव में मामले को लेकर भय और चिंता का माहौल है।

# बीपीएससी परीक्षा आज, तैयारी पूरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाले एकीकृत 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर जिला पदाधिकारी अररिया श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागर में शुक्रवार को सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल दण्डाधिकारी-सह-गश्तीदल दण्डाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, सभी पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग बैठक आहूत की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा एकीकृत 71वीं संयुक्त (प्रारंम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 13.09.2025 (शनिवार) को अररिया जिला अंतर्गत जिला मुख्यालय अवस्थित 16 एवं फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय अवस्थित 07, कुल 23 परीक्षा केन्द्रों पर 12:00 बजे मध्याहन से 02:00 बजे अपराहन तक निर्धारित है, जिसमें कुल 9324 अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेंगे।

# जदयू और एआईएमआईएम पर राजद नेता ने साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजद विधायक प्रतिनिधि इम्तियाज अशफी ने किशनगंज में जेडीयू और एआईएमआईएम पर जमकर निशाना साधा। दरअसल जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने हाल ही में एक सभा में माई-बहन योजना के फॉर्म भरने वालों को चेतावनी दी थी कि उनके खातों से पैसे काट लिए जाएंगे। इस पर गुरुवार रात कोचाधामन में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान अशफी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि एनडीए के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह लोग अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि झारखंड में राजद सरकार अपनी घोषणाओं को पूरा कर रही है और हर खाते में 2500 रुपये की राशि दी जा रही है।

अशफी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि 20 साल के शासन में नीतीश ने कुछ नहीं किया, जबकि राजद के साथ केवल 17 महीने की सरकार में सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि जब तेजस्वी यादव ने 10 लाख नौकरियों का वादा किया था, तब नीतीश ने पैसों को लेकर सवाल उठाए थे मगर तेजस्वी ने संसाधन जुटाकर नौकरियां भी दीं।

एआईएमआईएम पर टिप्पणी करते हुए अशफी ने कहा कि जाति और प्रतिशत के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश न की जाए। उन्होंने कहा कि अक्टक्ट प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान यह कहते हैं कि राजद 18 प्रतिशत को अनदेखा कर रही है और 2 प्रतिशत को अपने साथ रख रही है। इस तरह की बयानबाजी से समाज को तोड़ने की कोशिश की जा रही है।

अशफी ने कहा कि इसी तरह की राजनीति से 82 प्रतिशत लोग एकजुट हो गए हैं। राजद हमेशा सेकुलर विचारधारा वाले लोगों को साथ लेकर चलती है। उन्होंने आरोप लगाया कि अक्टक्ट सिर्फ एक मस्जिद की बात करती है, जबकि उसके बहाने चार मस्जिदें तोड़ी जा रही हैं। इसलिए समाज को बांटने का काम बंद होना चाहिए।

## एसटीएफ ने दो दुकानदारों को उठाया

**हाजीपुर।** एसटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मायाराम हाट के निकट दो आभूषण दुकान में छापेमारी कर दो आभूषण दुकानदार को उठाया है। एसटीएफ की टीम ने सोना दुकान से लूट के सोना और कीमती सामान बरामद किया है। एसटीएफ की टीम ने मायाराम हाट स्थित न्यू सौरव ज्वेलर्स के दुकानदार सौरभ कुमार को उठाया है। दुकान से सोना और कीमती सामान बरामद किया। वहीं, 100 मीटर की दूरी पर स्थित कृष्णदेव ज्वेलर्स एवं बर्तन भंडार दो दुकानों पर एसटीएफ की टीम ने छापेमारी किया।

## सीसीए लगाने की प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा भले ही अभी बाकी हो, लेकिन पुलिस-प्रशासन ने चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए-3) के तहत बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है।

भोजपुर एसपी राज के अनुसार अब तक 96 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सीसीए-3 का प्रस्ताव दंडाधिकारी को भेजा गया है। इनमें से 27 लोगों पर प्रस्ताव पारित हो चुका है। उन्हें एक थाने से दूसरे थाने में जाकर नियमित रूप से हाजिरी लगानी होगी। वहीं, शेष मामलों में नोटिस जारी करने की प्रक्रिया जारी है।

अधिकारियों का कहना है कि प्रस्ताव पारित होने के बाद चिह्नित व्यक्तियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और जरूरत पड़ने पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस मानती है कि चुनाव के दौरान शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम बेहद जरूरी है।

अक्सर चुनावी मौसम में असामाजिक तत्व सक्रिय होकर गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करते हैं, इसलिए प्रशासन पहले से ही सतर्कता बरत रहा है।

# परिमार्जन प्लस से भी नहीं हो रहा जमाबंदी का सुधार, रैयत हो रहे परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** रैयतों को कागजात दुरुस्त किए जाने को लेकर तीन माह का समय दिए जाने के बावजूद शिकायतों में कमी नहीं हो पा रही है। पहले तो जमाबंदी सुधार या डिजिटाइजेशन में छुट्टी हुई जमाबंदी के लिए परिमार्जन पोर्टल पर जाकर आवेदन करना होता था। इसे सरल करने के लिए परिमार्जन प्लस के माध्यम से इसे आसान बनाया गया।बावजूद नए पोर्टल पर डेढ़ माह बाद तक आवेदन लंबित रह रहा है। जानकारी के अनुसार कागजात जुटाए जाने को लेकर रैयतों को तीन माह का समय दिया गया था। पहले जमाबंदी सुधार या डिजिटाइजेशन में छुट्टी हुई जमाबंदी के लिए परिमार्जन पोर्टल पर आवेदन करना होता था। इसमें सत्यापन करने की प्रक्रिया जटिल थी।

इसे देखते हुए आसान बनाए जाने को लेकर साफ्टवेयर को अपडेट करने के बाद परिमार्जन प्लस के माध्यम से छूटे हुए रैयत के नाम जोड़ने, सुधरने या खाता, प्लाट, रकबा के सुधार के लिए संबंधित दस्तावेज लगाकर स्वयं के शपथ पत्र के साथ ऑनलाइन आवेदन करना था। इससे प्रक्रिया आसान तो हुई लेकिन नए पोर्टल पर डेढ़ माह तक आवेदन लंबित रहने के कारण रैयतों को परेशानी हो रही है। इससे भी जमाबंदी में सुधार नहीं हो रहा है। कुछ आवेदन में गलती में सुधार करने की बात कर इसे वापस कर दिया जा रहा है। जगदीश महतो, सुधीर प्रसाद समेत अन्य रैयतों ने कहा कि ऑनलाइन साइबर कैफे या वसुधा केंद्र के माध्यम से सभी दस्तावेज के साथ परिमार्जन प्लस पर उन लोगों ने आवेदन दिया है, लेकिन जमाबंदी में सुधार नहीं हो रहा है।

वहीं, कुछ रैयतों ने कहा कि तीन से चार महीने पूर्व उन लोगों ने इसके लिए आवेदन किया था। अब परिमार्जन प्लस पर आवेदन करने के लिए कहा जा रहा है। मिथिलेश कुमार ने कहा कि इसके लिए सभी तरह के दस्तावेज लगाकर परिमार्जन प्लस पर आवेदन दिए जाने के बाद संदेश आ रहा है कि आपके आवेदन में त्रुटि है, निवारण के लिए आपके लॉगिन पर वापस कर दिया गया है।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के वेबसाइट पर नोटिफिकेशन है कि इस कार्य हेतु कार्यालय आने की जरूरत नहीं है लेकिन रैयतों को परेशानी हो रही है। अंचलाधिकारी मणिकांत कुमार ने कहा कि राजस्व महाअभियान मे 11 हजार जमाबंदी पंजी वितरण हुआ है वहीं अब तक 1500 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें 602 रैयतों के आवेदन का काम संपन्न हो चुका है जबकि 307 आवेदन में विभिन्न तरह की गलती रहने के कारण रैयत के लॉगिन पर इसे वापस कर दिया गया है वहीं 591 आवेदनों की अभी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि अपने लॉगिन पर जाकर रैयत आवेदन में सुधार कर दोबारा आवेदन करें। ऐसा किए जाने के बाद जमाबंदी में सुधार हो जाएगा।

## 33 एटीएम कार्ड के साथ ठग गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन।** बैंक के एटीएम में प्रवेश कर सहायता के नाम कार्ड को बदल कर ठगी करने वाले रूपेश कुमार उर्फ संजय कुमार को पुलिस ने नासरीगंज थाना क्षेत्र से शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके पास से विभिन्न बैंकों के 33 एटीएम कार्ड और आभूषण बरामद किया गया है। अब तक 40 लाख रुपये की ठगी की है । एसडीपीओ डेहरी-एक एएसपी अतुलेश झा ने यह जानकारी स्थानीय नगर थाना में प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गत 3 सितंबर को नगर थाना क्षेत्र के सिनेमा रोड स्थित स्टेट बैंक के नीचे एटीएम से 3000 रुपये निकालने इंद्रपुरी थाना क्षेत्र की कटार गांव निवासी प्रभावती कुमारी पहुंची। तभी एक अनजान व्यक्ति उसे राशि निकालने में सहयोग का भरोसा देने पंहुचा और चालाकी से एटीएम कार्ड बदल फरार हो गया।

# युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण से मिलेगा आत्मनिर्भरता का रास्ता

## सीएम प्रतिज्ञा योजना को लेकर उद्योग संवेदनशीलता विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है जिसके अंतर्गत राज्य के युवाओं को तीन माह से एक साल तक उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इससे युवा आधुनिक कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बनेंगे और बिहार को एक कौशल-संपन्न तथा प्रतिस्पर्धी राज्य के रूप में स्थापित करेंगे। बिहार कौशल विकास मिशन के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह श्रमायुक्त राजेश भारती ने शुक्रवार को श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को 'सीएम-प्रतिज्ञा योजना पर उद्योग संवेदीकरण कार्यशाला' को संबोधित करते हुए कहा। श्री भारती कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने योजना के विजन, मिशन और प्रमुख उद्देश्यों को प्रस्तुत किया। इसमें खास तौर पर श्रमिक कल्याण, युवाओं में जागरूकता और उद्योगों के साथ सहयोगी तंत्र को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला प्रमंडल और जिलास्तर पर भी आयोजित की जाएगी जिसमें सभी संबंधित लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश के सुदूरवर्ती इलाकों के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कार्यशाला में विभिन्न विभागों, पीएसयू और निजी कंपनियों ने शिरकत की। इसमें हरिओम फीड्स प्रा. लि., ब्रिटेनिया इंडस्ट्रीज, इंडियन आयल कॉर्पोरेशन, एचपीसीएल, माइक्रोमैक्स बायो फ्यूल प्रा. लि., प्रमोद लड्डू, बीआरएलपीएस-जीविका, डालमिया सीमेंट, बिहार सरकार के शिक्षा, कृषि व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि, कॉम्फेड, गो ग्रीन अपैरल प्रा. लि., अनमोल इंडस्ट्रीज, परमान न्यूट्रीशन प्रा. लि. और ओवो सुन्दरम इंटरनेशनल प्रा. लि. जैसे प्रमुख साझेदार मौजूद थे। चर्चा के दौरान प्रतिभागियों ने प्रश्न पूछे और पैनल के साथ अपने उपयोगी सुझाव भी साझा किए। यह तय किया गया कि विभागीय समन्वय को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। जिलास्तर पर फॉलो-अप वर्कशॉप आयोजित किये जाएंगे और सामुदायिक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। कार्यशाला का समापन मिशन निदेशक मनीष शंकर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# बिहार सरकार देगी सितंबर में तीन बड़े तोहफे

## एसडीआरएफ, पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और साइंस सिटी का उद्घाटन इसी महीने

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार लगातार जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रदेशवासियों को बड़ी सौगातें दे रही है। इसी कड़ी में इस बार केवल सितंबर माह में तीन महत्वपूर्ण भवनों का उद्घाटन किया जाएगा। ये तीन प्रमुख तोहफे 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी', 'राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय' और 'बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय' के नए भवन हैं।

**एसडीआरएफ मुख्यालय का समृद्ध विकास**

बिहटा के दिलावरपुर में 25 एकड़ भूमि पर 287.52 करोड़ रुपये की लागत से एसडीआरएफ मुख्यालय का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसमें प्रशासनिक भवन, क्वार्टर मास्टर स्टोर, ट्रेनिंग ब्लॉक, हेड कॉन्स्टेबल व डिप्टी कमांडेंट आवास सहित कई अन्य भवन शामिल हैं। राज्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दक्षता बढ़ाने के लिए परिसर में एक राष्ट्रीय स्तर का आधुनिक स्विमिंग पूल भी निर्मित किया जा रहा है। प्रशिक्षकों और जवानों के लिए अत्याधुनिक आवासीय व प्रशिक्षण सुविधाएं तैयार की गई हैं। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि शेष भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर उद्घाटन की योजना बनाई गई है। विभाग की ओर से बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का भी निर्माण कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में डेयरी इंजीनियरिंग भवन, प्रशासनिक ब्लॉक, पशु प्रयोगशाला, फीड विश्लेषण लैब, यूजी/पीजी हॉस्टल, कुलपति आवास सहित कुल 14 भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग फीचर्स का विशेष ध्यान रखा गया है।

# विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राचार्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को किया अभिप्रेरित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के सभागार में सांस्कृतिक समिति द्वारा स्वर संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भजन, गजल, शास्त्रीय एवं लोकगीत की एकल एवं लोकगीत की समूह प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु उन्हें अभिप्रेरित किया। समन्वयक डॉ. विनीता तिवारी ने प्रतियोगिता के प्रारंभ में प्रतियोगिता के नियम प्रतिभागियों को समझाया। निर्णायक मंडल में शत्रुघ्न शरण सिंह, डॉ. ममता शर्मा एवं डॉ. अनिल कुमार सिंह ने प्रस्तुतियों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ. लाडली कुमारी, डॉ. दिव्या कुमार, डॉ. नीतू तिवारी, डॉ. राहुल अमृतराज, डॉ. स्वर्णा कुमार, डॉ. मनीता एवं डॉ. नब्येंदु ने विद्यार्थियों का भविष्य के कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन किया। मंच संचालन डॉ. मनीषा प्रियम्वदा ने किया। यह आयोजन विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।

# वीवीआईपी पार्टी जात नहीं, जमात की पार्टी : विज्ञान स्वरूप सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विज्ञान स्वरूप सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर वीवीआईपी पार्टी ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी की जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वीवीआईपी पार्टी 'टीम तेजप्रताप' के साथ मिलकर राज्य की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों के चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है। सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों से संभावित उम्मीदवारों की सूची कमेटी को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। आचार संहिता लागू होने से पहले गठबंधन दलों के साथ बैठक कर अंतिम रूप से प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। विज्ञान स्वरूप सिंह ने कहा कि वीवीआईपी पार्टी जाति की राजनीति से अलग हटकर समाज की जमात को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने कहा आज जब अधिकांश दल जाति के सहारे राजनीति कर रहे हैं, हम वैचारिक और सामाजिक दृष्टिकोण से लोगों को जोड़ रहे हैं। नफरत, अपराध, बलात्कार और हत्याओं की घटनाओं से राज्य की स्थिति चिंताजनक हो गई है। ऐसे में तीसरा मोर्चा बनाकर हम बिहार की नई दिशा तय करेंगे। उन्होंने बेरोजगारी और युवाओं की निराशा को गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि वीवीआईपी पार्टी उन्हें रोजगार और सकारात्मक अवसरों की ओर उन्मुख करेगी। उन्होंने पार्टी के चुनाव चिह्न 'पानी का जहाज' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रतीक कठिन परिस्थितियों में भी राह निकालने और आगे बढ़ने का संदेश देता है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप निषाद (हेलीकॉप्टर बाबा), राष्ट्रीय महासचिव राकेश कुमार, विवेक कुमार सिंह (रोहतास), ज्ञानदीप प्रसाद (नालंदा), नवीन कुमार सिंह (समस्तीपुर), गोपाल शरण सिंह (जहानाबाद), मुन्ना सिंह (छपरा), सर्वेश कुमार सिंह (वैशाली), राजीव कुमार (वैशाली), अभय कुमार (पटना), आकाश कुमार (पटना), आशीष साहनी, श्रेष्ठ जायसवाल और शिवेन्द्र निषाद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उर्वरकों का इस्तेमाल समझदारी से कर रहे हैं बिहार के किसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार अपने कृषि रोड मैप के जरिए मिट्टी के स्वास्थ्य प्रबंधन को प्राथमिकता दे रही है जिससे उर्वरकों की प्रति हेक्टेयर खपत में कमी आई है। वर्ष 2020-21 में जहां यह खपत 207.60 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी वहीं 2024 -25 में यह घटकर 172.57 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रहने का अनुमान है। इससे पहले 2023-24 में यह 195.68 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर था। आंकड़े बताते हैं कि बिहार के किसान अब अपने खेतों में रासायनिक उर्वरकों का समझदारी से इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जागरूकता मुहिम का असर अब बिहार में दिखने लगा है। अब किसान समझ चुके हैं कि खेतों में गैरजरूरी तौर पर उर्वरकों का इस्तेमाल मिट्टी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि संतुलित तौर पर उर्वरकों का उपयोग और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन से न केवल बिहार में कृषि क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्य में सरकार द्वारा समेकित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। कार्बनिक और जैविक स्रोतों के साथ रासायनिक उर्वरकों नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश (एनपीके) के वैज्ञानिक अनुपात (4:2:1) में उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि फसलों की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता में वृद्धि हो सके। राज्य सरकार ने संतुलित उर्वरक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक मिट्टी जांच कार्यक्रम लागू किया है। राज्य के सभी जिलों में अब मिट्टी जांच की सुविधा उपलब्ध हो चुकी है।

# राजेश राम के जन्मदिन पर बधाइयों का तांता



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम पटना में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने एकत्रित होकर केक काटा और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजेश राम के दीर्घायु, स्वस्थ जीवन एवं सफल नेतृत्व की कामना की। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार में कांग्रेस पार्टी और अधिक सशक्त एवं मजबूत होगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी असली ताकत है। मैं अपने जीवन का हर क्षण संगठन को मजबूत करने और आमजन की समस्याओं को दूर करने के लिए समर्पित करूंगा। कांग्रेस पार्टी विचारधारा की पार्टी है और हम सब मिलकर बिहार में न्याय, समानता और भाईचारे की राजनीति को आगे बढ़ाएंगे। सांसद पप्पू यादव ने भी आज सुबह राजेश राम के निजी आवास पर जाकर उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाइयां और शुभकामना दी। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा. मदन मोहन झा, पूर्व विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, रेखा दास, मोती लाल शर्मा, वीणा शाही, अजय चौधरी, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजीव मेहता, विनय वर्मा, शकीलुर रहमान, असित नाथ तिवारी, राजेश कुमार सिन्हा, सत्येन्द्र कुमार सिंह, ज्ञान रंजन, नागेन्द्र कुमार विकल, रौशन कुमार सिंह, संतोष कुमार श्रीवास्तव, अरविन्द लाल रजक, कमलदेव नारायण शुक्ला, सूरज सिन्हा, मो. शाहनवाज, मो. कामरान, रीता सिंह, सुधा मिश्रा, पंकज यादव, अशोक गगन, कमल कमलेश, दुर्गा प्रसाद, अनोखा देवी, राजेन्द्र चौधरी, अरूण पाठक, वसी अख्तर, सुनील कुमार सिंह, साधना रजक, गुरूदयाल सिंह, मनोज शर्मा, विशाल झा, विशाल यादव, मोनी देवी पासवान, हीरा सिंह वग्गा, राजनन्दन कुमार, सुरेश मुखिया सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में ए. एन. कॉलेज ने पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में ए. एन. कॉलेज, पटना ने पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता को ए. एन. कॉलेज ने बी. एस. कॉलेज, दानापुर को 42-21 से पराजित किया। यह प्रतियोगिता बीएस कॉलेज दानापुर में आयोजित की गई थी। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेखा कुमारी ने इस जीत के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# संस्कृत के प्रचार-प्रसार में जन सम्पर्क विभाग की भूमिका अहम : झा

## अध्यक्ष ने की विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव से मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने संस्कृत के प्रचार-प्रसार और उत्थान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया है। इस सिलसिले में संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष श्री झा ने सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव से उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में मुलाकात की। इस दौरान श्री झा ने भावी कार्यक्रमों की चर्चा की और सूचना जन सम्पर्क से सहयोग की अपेक्षा की। संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि आगामी योजनाओं एवं नवाचारों को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है।



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक ने हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिया एवं कहा कि बिहार में संस्कृति के बढ़ते आयाम को देखते हुए एक लघु वृत चित्र का निर्माण करवाया जाय जिससे आने वाले समय में संस्कृत के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। इसके लिए लघु फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच इसको प्रदर्शित कर समाज में जागरूकता अभियान लाया जायेगा।

# जिलों के समग्र विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा दिन सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिलों के समग्र विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन पटना में देशभर से आए वरिष्ठ प्रशासकों, नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों ने सहभागी शासन और सतत विकास के सफल अनुभव साझा किए। चर्चाओं का फोकस पारदर्शिता बढ़ाने, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की प्रभावशीलता, समग्र शासन दृष्टिकोण और प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक क्रियान्वयन पर रहा। चौथे सत्र की अध्यक्षता भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के महानिदेशक एस. एन. त्रिपाठी ने की। उन्होंने योजनाओं की समयबद्ध उपलब्धता के लिए पारदर्शिता और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी सुधारात्मक पहलों की महत्ता पर बल दिया। जिलास्तरीय अनुभवों के अंतर्गत पटना के जिलाधिकारी थियागराजन एस. एम. ने बच्चों में श्रवण क्षमता ह्रास की समस्या के समाधान हेतु विकसित अभिनव मॉडल प्रस्तुत किया। आंगनबाड़ी ढांचे और विभागीय समन्वय का उपयोग करते हुए बिना अतिरिक्त बजट व्यय के यह पहल अनेक बच्चों के लिए जीवन बदलने वाला साबित हुई।

पूर्वोत्तर भारत से अनुभव साझा करते हुए जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की निदेशक डॉ. वर्णाली डेका ने असम के नलबाड़ी जिले की 'नो वन लेफ्ट बिहाइंड' पहल पर प्रकाश डाला।

# कंपनी सेक्रेटरी स्टार्टअप्स विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं : सतीश चंद्र दुबे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया ने 'एस्पिरेशनल ईस्ट' शीर्षक से एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें स्टार्टअप्स, एफपीओ (फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) और एग्री-बिजनेस जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कोयला एवं खनन राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और सांसद राज्यसभा, उपेन्द्र कुशवाहा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अपने संबोधन में श्री दुबे ने राष्ट्रीय स्तर पर कृषि को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए आईसीएसआई की इस अनूठी पहल की सराहना की और भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कंपनी सेक्रेटरी स्टार्टअप्स और कृषि-आधारित व्यवसायों के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। ये दोनों क्षेत्र देश को सतत आर्थिक विकास की दिशा में आगे ले जाने की क्षमता रखते हैं। कंपनी सेक्रेटरी देश के युवाओं को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करते हुए इस क्षेत्र को मजबूत बनाने में सक्षम हैं। उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और मैं आईसीएसआई को बधाई देता हूं कि उसने इस संगोष्ठी का आयोजन किया जो कंपनी सेक्रेटरीज को किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी प्रथाओं की ओर मार्गदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी सेक्रेटरीज को फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन्स को पेशेवर सहयोग, निरीक्षण और दिशा-निर्देश प्रदान कर उनका समर्थन करना चाहिए। संगोष्ठी में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चाओं में बिहार के एग्री-बिजनेस क्षेत्र और उससे आगे के लिए एक प्रगतिशील दिशा तय की गयी जिनमें शामिल थे: एग्री-बिजनेस एवं एफपीओ इकोसिस्टम का अवलोकन तथा एफपीओ में सुशासन को सुदृढ़ कर मूल्य सृजन-कंपनी सेक्रेटरी के लिए अवसर, वित्तीय पहुंच और नीतिगत सहयोग- एफपीओ को सशक्त बनाने में कंपनी सेक्रेटरी की भूमिका, कृषि-इकोसिस्टम का डिजिटलीकरण-स्टार्टअप्स एवं तकनीक का प्रवेश एग्री-बिजनेस में। प्रेसिडेंट आईसीएसआई, सीएस धनंजय शुक्ला ने प्राचीन काल में शासन और नीति निर्धारण में सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा आज के कंपनी सेक्रेटरी कॉर्पोरेट गवर्नेंस के क्षेत्र में वही भूमिका निभा रहे हैं जिसका उल्लेख वेदों और पुराणों में मिलता है।

# वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन पर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित पर्यावरण (निर्माण एवं विध्वंस) अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2025 (01 अप्रैल, 2026 से प्रभावी) के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन एवं अनुपालन, इन गतिविधियों तथा अपशिष्ट प्रबंधन से हाने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा विभिन्न हितधारकों यथा ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पुलिस भवन निर्माण लिमिटेड, स्थानीय निकाय, ग्रामीण विकास विभाग आदि के साथ वर्चुअल मोड में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 251 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बिहार राज्य के विभिन्न शहरों में वायु प्रदूषण, विशेष रूप से पार्टिकुलेट मैटर का स्तर राष्ट्रीय परिवेशीय वायु गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं रहता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के लक्ष्यों की प्राप्ति (पटना, गया एवं मुजफ्फरपुर) ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के प्रभावी कार्यान्वयन तथा निर्माण एवं विध्वंस कचरा प्रबंधन आदि नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना अति आवश्यक है। निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन के दौरान जनित धूल-कण के नियंत्रण के लिए पानी का नियमित छिड़काव, निर्माण एवं विध्वंस भवन के चारों ओर लगाई जाने वाली मचान पर धूल अवरोधक चादर, निर्माण सामग्री को ढकना, हवा अवरोधक लगाना, निर्माण एवं विध्वंस सामग्रियों को विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में रखना आवश्यक है।

# गोल एजुकेशन विलेज में सेमिनार आयोजित- 'हाउ टू क्रैक नीट'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गोल एजुकेशन विलेज में मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए 'हाउ टू क्रैक नीट' विषय पर एक प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोएल विलेज में नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार में विद्यार्थियों को नीट परीक्षा की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स और रणनीतियां बताई गईं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह, असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह तथा आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने अपने विचार साझा किए। बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को हालिया प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रवृत्तियों और नीट परीक्षा की बदलती रणनीतियों से अवगत कराते हुए कहा कि 'कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है।' उन्होंने नीट की तैयारी को लेकर निम्नलिखित विशेष मार्गदर्शन दिए। एनसीइआरटी की पुस्तकों पर गहन पकड़ बनाना सबसे जरूरी है। डेली प्रैक्टिस पेपर्स और मॉक टेस्ट के माध्यम से समय प्रबंधन और प्रश्नों को हल करने की गति को विकसित करें। कठिन विषयों और कमजोरियों पर विशेष ध्यान दें तथा उन्हें सुधारने के लिए अतिरिक्त समय निकालें। रीविजन की ठोस रणनीति बनाकर हर टॉपिक की बार-बार पुनरावृत्ति करें। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का विश्लेषण करके परीक्षा के पैटर्न और ट्रेंड को समझें।

# अपोलो डायलिसिस क्लीनिक्स ने मनाया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह, चलाया जागरूकता अभियान


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अपोलो डायलिसिस क्लीनिक्स, भारत के एक एडवांस्ड किडनी देखभाल प्रदाता एवं अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के एक अंग ने राज्यव्यापी जागरूकता अभियानों के माध्यम से अपना राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025 अभियान सफलतापूर्वक मनाया जिसमें किडनी के स्वास्थ्य और समग्र कल्याण में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। 2025 का थीम था, बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करना जिसमें कुपोषण से निपटने, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम और पोषण को स्वास्थ्य देखभाल का एक अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया गया है। इस राष्ट्रीय मिशन को आगे बढ़ाते हुए अपोलो डायलिसिस क्लीनिक्स अपने शैक्षिक वीडियो, वेबिनार, रोगी संपर्क सत्रों और डिजिटल जागरूकता अभियानों के माध्यम से हजारों डायलिसिस रोगियों, देखभाल प्रदाताओं और आम जनता तक पहुंचा है। यह पहल पूरे भारत में कुल 5,00,000 से अधिक लोगों तक पहुंचने में सफल रहा, साथ ही बिहार की जनता ने भी इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लिया जहां सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत अपोलो बिहार सरकार के साथ साझेदारी में 19 डायलिसिस क्लीनिक्स चलाता है। अपोलो डायलिसिस क्लिनिक्स के सीओओ, एम सुधाकर राव ने कहा कि अपोलो डायलिसिस क्लिनिक्स में, हम दृढ़ता के साथ मानते हैं कि सही पोषण चिकित्सीय उपचार के समान ही महत्वपूर्ण होता है।

# महाप्रबंधक की अध्यक्षता में 'प्रबंधन में रेलकर्मियों की भागीदारी' की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में 'प्रबंधन में रेल कर्मचारियों की भागीदारी' (प्रेम समूह) की वर्ष 2025 की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं यूनियन/एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रेल संगठन को अधिक प्रभावी बनाने एवं प्रबंधन में रेलकर्मियों की सक्रिय भागीदारी के उद्देश्य से प्रेम समूह की स्थापना की गई है। रेलकर्मियों की भागीदारी से जहां कर्मचारियों में प्रबंधन में भागीदारी की भावना जागृत होती है वहीं रेल के कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा हो पाती है। हम उन क्षेत्रों को चिन्हित कर प्राथमिकता तय कर पाते हैं जो साधारणतः रूटीन विषय बन जाते हैं। यूनियन एवं एशोसिएशन के सहयोग से एक उपयुक्त कार्य प्रणाली तैयार कर लगातार तकनीक का प्रयोग कर हम रेलसेवा एवं संगठन को प्रभावी बना सकते हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि आज की समीक्षात्मक चर्चा एवं इससे उत्पन्न प्रेरक विचार हमारे लिए सार्थक एवं उपयोगी साबित होंगे। बैठक में उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्ष, इस्ट सेंट्रल रेलवे ऑफिसर्स एशोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश वर्मा एवं महासचिव जे.पी.सिंह, इस्ट सेंट्रल रेलवे प्रमोटी ऑफिसर्स एशोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद पासवान एवं महासचिव रवीन्द्र कुमार राज, इसीआरईयू के अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान एवं सहायक महासचिव संतोष कुमार, कार्यकारी सदस्य संजय कुमार, एससी/एसटी एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष महेंद्र कुमार एवं महासचिव पवन कुमार राम, ओबीसी एसोशिएशन जोनल अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार एवं महासचिव सुबोध पोद्दार एवं यूनियन के अन्य पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे।



# संपादकीय

## नेपाल में जेन-जी ने सत्ता को दिया सबसे बड़ा चैलेंज

भारत के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के बाद अब नेपाल में युवाओं का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दे रहा है। आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा में कई लोगों की जान चली गई है। सरकारी संपत्तियों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने से सुलगी विरोध की इस चिंगारी से संसद तथा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के आवास भी अछूते नहीं रहे। प्रदर्शनकारियों की भीड़ को नियंत्रित करना सुरक्षा बलों के लिए इस समय बड़ी चुनौती है। हालात इस कदर बेकाबू हो गए कि प्रधानमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। इससे पहले सरकार के कुछ मंत्री भी अपना पद छोड़ चुके हैं।सवाल यह है कि आखिर देश का युवा वर्ग इतना ज्यादा आक्रामक कैसे हो गया? शासन और स्थानीय प्रशासन युवाओं के गुस्से को समय रहते शांत करने में क्यों नाकाम रहा? क्या सरकार को इस बात का इल्म नहीं था कि हालात इस कदर बिगड़ सकते हैं या फिर इसका पूर्व आकलन करने में कहीं कोई चूक हुई है? दरअसल, नेपाल सरकार ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। सरकार का तर्क था कि देश में सोशल मीडिया मंचों से संबंधित कंपनियां पंजीकरण कराने की अनिवार्यता का पालन करने में विफल रही हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतर आए और सरकार के इस फैसले का विरोध करने लगे। सोमवार को विरोध प्रदर्शन का दायरा व्यापक हो गया और काठमांडो में युवाओं की उग्र भीड़ ने जगह-जगह तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान सुरक्षाबलों के साथ प्रदर्शनकारियों की हिंसक झड़पें हुई, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। इससे युवाओं का आक्रोश बढ़ गया और भीड़ संसद भवन परिसर में घुस गई। यहां तक कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के आवासों को भी निशाना बनाया गया। हालात को देखते हुए सरकार ने सोमवार रात को ही सोशल मीडिया पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया और मंगलवार को प्रधानमंत्री ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मगर प्रदर्शनकारी अभी भी शांत नहीं हुए हैं और वे सरकार को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं।नेपाल के इतिहास में इसे बहुत बड़ी घटना के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले बांग्लादेश और श्रीलंका में भी इसी तरह जन आक्रोश ने सरकारों को अपदस्थ कर दिया था। इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि नेपाल में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व 'जेन जी' कर रहा है। यह युवाओं का एक ऐसा समूह है, जो पिछले कुछ समय से भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चला रहा है। इस समूह ने पिछले दिनों सोशल मीडिया के जरिए सरकार के मंत्रियों और अन्य प्रभावशाली हस्तियों के बच्चों की फिजूलखर्ची तथा उनकी जीवनशैली को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले को अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी के साथ-साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को दबाने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि किसी भी देश में अभिव्यक्ति की आजादी हर हाल में होनी चाहिए, लेकिन क्या हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ ही इसका एकमात्र समाधान है? बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल की सरकार और युवा वर्ग देश एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे और माहौल का शांत कर बातचीत की राह पर लौटेंगे।

**हिमालय की गोद और गंगा-यमुना की सांस्कृतिक गाथाओं से जुड़ा यह देश सदियों से भारत के साथ साझा परंपराओं का सेतु रहा है। भगवान पशुपतिनाथ के आशीष से पवित्र यह भूमि और जनक-राम की विवाह-स्थली जनकपुर से लेकर बुद्ध के जन्मस्थल लुंबिनी तक की सांस्कृतिक यात्रा भारत-नेपाल की एकात्मता का अश्वर प्रमाण है। हर वर्ष आयोजित राम-जानकी विवाह महोत्सव, मकर संक्रांति मेले और कुम्भ-लुंबिनी संवाद जैसे पर्व इस एकात्मता को प्रत्यक्ष रूप से जीवित रखते हैं। ऐसे अस्थिर समय में भारत-नेपाल संबंधों का भविष्य केवल औपचारिक कूटनीति से तय नहीं होगा, बल्कि उन सांस्कृतिक स्तंभों की दृढ़ता पर टिका है, जिन्होंने सदियों से दोनों देशों की आत्माओं को एक सूत्र में पिरोया है। इन्हीं में सबसे प्रमुख है पावन गोरक्षपीठ (गोरखनाथ मठ, गोरखपुर), जो भगवान पशुपतिनाथ की पावन परंपरा के साथ मिलकर भारत और नेपाल की एकात्म सांस्कृतिक धारा का अमिट प्रतीक और विश्वास का जीवंत आधार है।**

## नेपाल का विद्रोह और भारत-नेपाल संबंधों में गोरक्षपीठ की भूमिका

(प्रणय विक्रम सिंह)

भगवान पशुपतिनाथ की कृपा-भूमि नेपाल इस समय विद्रोह की उफनती लहरों में डगमगा रहा है। जेन जेड आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वहां की जनता भ्रष्टाचार, असमानता और अवसरहीनता से ऊबकर निर्णायक प्रतिकार के मार्ग पर अग्रसर हो चुकी है। सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध ने इस असंतोष की चिंगारी को प्रचंड अग्निज्वाला में बदल दिया है। परंतु यह संकट केवल राजनीति या सत्ता तक सीमित नहीं है। यह नेपाल की सांस्कृतिक चेतना, धार्मिक आस्था और सामाजिक धड़कनों को भी झकझोर रहा है।

हिमालय की गोद और गंगा-यमुना की सांस्कृतिक गाथाओं से जुड़ा यह देश सदियों से भारत के साथ साझा परंपराओं का सेतु रहा है। भगवान पशुपतिनाथ के आशीष से पवित्र यह भूमि और जनक-राम की विवाह-स्थली जनकपुर से लेकर बुद्ध के जन्मस्थल लुंबिनी तक की सांस्कृतिक यात्रा भारत-नेपाल की एकात्मता का अश्वर प्रमाण है। हर वर्ष आयोजित राम-जानकी विवाह महोत्सव, मकर संक्रांति मेले और कुम्भ-लुंबिनी संवाद जैसे पर्व इस एकात्मता को प्रत्यक्ष रूप से जीवित रखते हैं। ऐसे अस्थिर समय में भारत-नेपाल संबंधों का भविष्य केवल औपचारिक कूटनीति से तय नहीं होगा, बल्कि उन सांस्कृतिक स्तंभों की दृढ़ता पर टिका है, जिन्होंने सदियों से दोनों देशों की आत्माओं को एक सूत्र में पिरोया है। इन्हीं में सबसे प्रमुख है पावन गोरक्षपीठ (गोरखनाथ मठ, गोरखपुर), जो भगवान पशुपतिनाथ की पावन परंपरा के साथ मिलकर भारत और नेपाल की एकात्म सांस्कृतिक धारा का अमिट प्रतीक और विश्वास का जीवंत आधार है।

**गोरक्षपीठ और नेपाल -संस्कृति का संबल, आस्था का सेतु:** नेपाल के इतिहास में गोरक्षपीठ की भूमिका केवल एक मठ की मर्यादा तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सांस्कृतिक संबल और आध्यात्मिक सेतु के रूप में युगों-युगों तक गूंजती रही। हिमालय की गोद में जब 18वीं शताब्दी में गोरखनाथ की साधना का आलोक फैला, तब गोरखा राज्य को केवल नाम ही नहीं, बल्कि आत्मा भी मिली। पृथ्वी नारायण शाह ने जब नेपाल को एकसूत्र में पिरोया, तो उन्होंने गोरखनाथ को राष्ट्र-रक्षक माना। इस प्रकार गोरक्षनाथ परंपरा नेपाल की राजनीतिक चेतना की धड़कन बन गई।

20वीं शताब्दी में महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने इस परंपरा को नया प्राण और नया पथ दिया। पावन गोरक्षपीठ ने संतों को संगठित कर यह स्पष्ट किया कि भारत-नेपाल का संबंध न तो केवल सीमा का संबंध है और न ही केवल व्यापार का बंधन। यह तो आस्था की अटूट डोर और संस्कृति की सनातन संगीतमाला है।

1980-90 के दशक में जब नेपाल वामपंथी विचारधारा और राजनीतिक अस्थिरता की आंधी से जूझ रहा था, तब गोरक्षपीठ ने दीपक की तरह मार्ग दिखाया। महंत अवेद्यनाथ जी ने यह संदेश दिया कि भारतङ्कनेपाल का संबंध केवल सत्ता की संधियों पर नहीं, बल्कि सदियों की साधना और साझी संस्कृति पर टिका है।

आधुनिक युग में गोरक्षपीठ का ध्वज योगी आदित्यनाथ ने संभाला है। उनकी जनकपुरधाम यात्रा वैदिक वाणी का उद्घोष बनी, पशुपतिनाथ मंदिर की पूजा आस्था का आलोक बनी, और लुंबिनी की बुद्ध जयंती सहभागिता हिन्दू-बौद्ध संवाद का संगम बनी। आज गोरक्षपीठ केवल एक धार्मिक पीठ नहीं, बल्कि आधुनिक सांस्कृतिक कूटनीति का उज्ज्वल प्रतीक है।

गोरक्षपीठ ने नेपाल में कभी प्रत्यक्ष राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं किया, किंतु हर संकटकाल में यह दीपशिखा बनकर दिशा दिखाता रहा। यह वही शक्ति है जो सीमाओं से परे, सत्ता से ऊपर और संधियों से आगे जाकर भारत-नेपाल संबंधों को स्थायित्व और आत्मीयता देती है। यही कारण है कि नेपाल का जनमानस गोरक्षपीठ को केवल मठ नहीं मानता, बल्कि विश्वास का आधार, संस्कृति का संरक्षक और सनातन सेतु मानता है। एक ऐसा सेतु, जो हिमालय की चोटियों से लेकर गंगा-यमुना की धाराओं तक दोनों देशों की आत्माओं को एक सूत्र में बांधे रखता है।

**मौजूदा विद्रोही परिस्थिति में गोरक्षपीठ की भूमिका:** नेपाल की मौजूदा विद्रोही परिस्थितियां केवल सत्ता के संकट का परिणाम नहीं हैं, बल्कि समाज की गहरी बेचैनी, असमानता और अवसरहीनता का विस्फोट हैं। ऐसे समय में गोरक्षपीठ की भूमिका साधारण धार्मिक केंद्र तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह सांस्कृतिक मार्गदर्शक और सामाजिक सहारा बन सकती है। सबसे पहले, सांस्कृतिक स्मृति जगाना आवश्यक है। जनता को यह स्मरण कराना होगा कि राजनीतिक अस्थिरता अस्थायी है, लेकिन भारत-नेपाल की साझा परंपराएं शाश्वत हैं। हिमालय की गोद से



लेकर गंगा की धारा तक बहती हुई यह सांस्कृतिक चेतना दोनों देशों की आत्माओं को जोड़े रखती है। जब युवाओं का आक्रोश व्यवस्था पर टूट पड़ता है, तब गोरक्षपीठ यह संदेश दे सकता है कि परिवर्तन केवल संघर्ष से नहीं, बल्कि परंपरा की जड़ों से जुड़कर ही स्थायी हो सकता है।

दूसरे, गोरक्षपीठ एक विश्वास का सेतु बन सकता है। आज जब राजनीतिक दल आपसी अविश्वास और आरोप-प्रत्यारोप में उलझे हैं, तब जनता को किसी ऐसे मंच की आवश्यकता है, जो न तो सत्ता की लालसा से प्रेरित हो और न ही दलगत स्वार्थ से। गोरक्षपीठ अपने संतत्व और निष्पक्षता के कारण ऐसा मंच बन सकता है, जो संवाद, सहयोग और भरोसे का प्रतीक बने। यह संस्था नेपाल की जनता को यह विश्वास दिला सकती है कि भारत केवल एक राजनीतिक ताकत नहीं, बल्कि एक आत्मीय पड़ोसी, सहयात्री और सांस्कृतिक सहोदर है।

तीसरे, धार्मिक पर्यटन और अर्थव्यवस्था की दृष्टि से गोरक्षपीठ का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है। यदि गोरखनाथ-पशुपतिनाथ-जनकपुर - लुंबिनी जैसी ध्रुवीय स्थलों को एक साझा सांस्कृतिक-धार्मिक यात्रा मार्ग के रूप में विकसित किया जाए, तो इससे न केवल नेपाल की डगमगाती अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि भारत-नेपाल के बीच जन-से-जन संपर्क और भी गहरा होगा। साल 2023 में ही नेपाल में 319,000 से अधिक भारतीय पर्यटक पहुंचे और 2024 की पहली छमाही में यह संख्या 1.8 लाख से अधिक रही। यह आंकड़े बताते हैं कि धार्मिक पर्यटन नेपाल की अर्थव्यवस्था की धड़कन है। पर्यटन से जुड़ी आय, रोजगार और सांस्कृतिक आयोजनों से जनता का मनोबल बढ़ेगा और अस्थिरता के बीच स्थिरता का अहसास होगा।

और सबसे महत्वपूर्ण यह कि गोरक्षपीठ की पहुंच केवल राजाओं, राजनेताओं या संतों तक ही सीमित नहीं रही है, बल्कि आमजन के मन में भी उसकी गहरी जड़ें हैं। नेपाल के गांव-गांव और तराई के कस्बों तक में गोरखनाथ का नाम श्रद्धा और विश्वास के साथ लिया जाता है। किसान इसे अपने परिश्रम का संरक्षक मानते हैं, व्यापारी इसे अपने सौदे की सफलता का आशीर्वाद समझते हैं, और युवा इसे संघर्ष और संकल्प का प्रतीक मानते हैं। यही कारण है कि गोरक्षपीठ की पुकार जनता के हृदय तक सीधे पहुंचती है और कठिन समय में आश्वस्ति का आधार बन जाती है। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शांतनु जी महाराज पूरे विश्वास के साथ कहते हैं कि नेपाल की आत्मा केवल सत्ता या संविधान से नहीं, बल्कि गुरु परंपरा से जुड़ी है। गोरखनाथ की साधना और पशुपतिनाथ की कृपा ही वह धारा है, जो हर संकट में नेपाल समाज को संभालती रही है। जब राजनीति डगमगाती है, तब जनता गोरक्षपीठ की ओर आश्वस्ति से देखती है। क्योंकि वहां से संदेश सत्ता का नहीं, बल्कि संस्कृति का आता है।

**भारत की कूटनीति में गोरक्षपीठ का महत्व:** भारत-नेपाल संबंध अतीत में कई बार वामपंथी राजनीति, क्षेत्रीय राष्ट्रवाद और बाहरी दबावों से प्रभावित हुए हैं। कभी तेल और दाल-चावल की आपूर्ति रोकने का आरोप लगा, तो कभी चीन ने निवेश और कूटनीति के जरिए नेपाल की राजनीति में हस्तक्षेप बढ़ाया। ऐसे समय में गोरक्षपीठ एक ऐसा संदेश देता है, जो इन सब राजनीतिक उलझनों से ऊपर है। यह रिश्ता केवल सत्ता या आर्थिक गणित का नहीं, बल्कि संस्कृति, धर्म और आस्था का है। भारत की औपचारिक कूटनीति जब संधियों, समझौतों और वार्ताओं तक सीमित रहती है, तब गोरक्षपीठ सांस्कृतिक कूटनीति का जीवंत उदाहरण बनता है। यह वह शक्ति है, जो नेपाल की जनता के दिल तक पहुंचती है। पशुपतिनाथ की कृपा-भूमि में गोरक्षपीठ यह विश्वास जगाता है कि भारत-नेपाल का संबंध केवल पड़ोसी देशों का नहीं, बल्कि भाईचारे और साझी परंपराओं का है। यदि भारत अपनी राजनीतिक कूटनीति को गोरक्षपीठ की सांस्कृतिक शक्ति के साथ जोड़ता है, तो उसे वह गहराई और आत्मीयता प्राप्त होगी, जो चीन जैसे बाहरी शक्तियों के आर्थिक निवेश से संभव नहीं। हाल ही में भारत-नेपाल के बीच हुआ 10,000 मेगावॉट विद्युत व्यापार समझौता इस कूटनीतिक और आर्थिक साझेदारी की मिसाल है, किंतु गोरक्षपीठ इसे सांस्कृतिक आधार देकर स्थायी बना सकता है। गोरक्षपीठ नेपाल की जनता को यह अहसास दिला सकता है कि भारत केवल एक राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि वह पड़ोसी है, जो संकट की घड़ी में सांस्कृतिक आत्मीयता और आध्यात्मिक विश्वास के साथ खड़ा है।

संक्षेप में, मौजूदा विद्रोह और अस्थिरता के बीच गोरक्षपीठ की भूमिका संवाद, स्मृति और स्थिरता की है।

यही भूमिका भारत-नेपाल संबंधों को राजनीतिक उतार-चढ़ाव से ऊपर उठाकर एक स्थायी, आत्मीय और सांस्कृतिक साझेदारी में बदल सकती है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ डॉ. रहीस सिंह कहते हैं कि भारत-नेपाल संबंधों का आधार केवल व्यापार नहीं, बल्कि उन साझा संवृत्तियों की जीवंतता है, जिनकी जड़ें संस्कृति, सनातन आस्था और मानवीय संवेदनाओं में निहित हैं। गोरक्षपीठ इन भावनाओं का संस्थागत रूप है, जो दोनों देशों को स्थायी और आत्मीय बंधन में जोड़ती है। चीन अरबों डॉलर का निवेश कर सकता है, किंतु वह भावनात्मक मानवीय कनेक्ट नहीं दे सकता, जो भारत सदियों से नहीं बल्कि सहस्राब्दियों से देता आ रहा है।

## मृत्यु के 13 दिन तक घर में क्यों भटकती है मृतक की आत्मा, जानें गरुड़ पुराण का सच

(अनन्या मिश्रा)

हिंदू धर्म में मृत्यु के बाद कई अहम संस्कार और अनुष्ठान किए जाते हैं। जिनका उद्देश्य न सिर्फ मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करना होता है, बल्कि घर और परिवार में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि को बनाए रखना होता है।

किसी भी प्रियजन को खोना जीवन का सबसे बुरा अनुभव होता है। यह क्षण न सिर्फ दुख से भरा होता है, बल्कि ऐसी स्थिति भी लाता है जहां पर कई परंपराएं निभाई जाती हैं। हिंदू धर्म में मृत्यु के बाद कई अहम संस्कार और अनुष्ठान किए जाते हैं। जिनका उद्देश्य न सिर्फ मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करना होता है, बल्कि घर और परिवार में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि को बनाए रखना होता है। इन्हीं में से एक प्रमुख संस्कार 'तेरहवीं' का है। जोकि मृत्यु के 13वें दिन संपन्न किया जाता है।

यह भी कहा जाता है मृत्यु के बाद आत्मा 13 दिनों तक अपने परिवार और घर के समीप रहती है। इसका अनुभव मृतक के परिजनों को भी होती है। यह धारणा सिर्फ मान्यताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उल्लेख गरुड़ पुराण जैसे आध्यात्मिक ग्रंथ में भी मिलता है। गरुड़ पुराण में मृत्यु के बाद यात्रा, कर्मों के प्रभाव और 13 दिनों तक इस संसार से जुड़े रहने की बात देखने को मिलती है।

**क्या 13 दिनों तक घर में रहती है आत्मा:** गरुड़ पुराण के मुताबिक जब किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो उसकी आत्मा फौरन ही मृत शरीर को छोड़ देती है। लेकिन आत्मा को पूर्ण मुक्ति पाने में 13 दिनों का समय लगता है।

माना जाता है कि मृत्यु के बाद 13 दिन आत्मा के लिए काफी अहम होते हैं। इस अवधि में आत्मा अपने प्रियजनों और परिवार के आसपास ही मौजूद रहती है। साथ ही परिजनों को अपनी उपस्थिति का भी एहसास कराती हैं। उनके दुख को देखती हैं और अपने कर्मों के प्रभाव को महसूस करती हैं। कई बार मृतक की आत्मा अपनी उपस्थिति दिखाकर अपनी किसी अपूर्ण इच्छा को पूरा करने की बात भी करती है।

गरुड़ पुराण के मुताबिक आत्मा मृत्यु के फौरन बाद भ्रमित होती है और यह समझने में असमर्थ रहती है कि उसने अपने शरीर का त्याग दिया है। आत्मा को अपने जीवन से अच्छे और बुरे कर्मों का आभास होता है और यह आत्मा परिवारजनों को रोते हुए देखती है।

इसी कारण शास्त्रों में मृत्यु के 13 दिनों तक विशेष कर्मकांड और शांति पाठ करने का विधान बताया गया है। इससे मृतक की आत्मा को शांति और मार्गदर्शन मिलता है। माना जाता है कि मृत्यु के फौरन बाद आत्मा अपने प्रियजनों का साथ नहीं छोड़ना चाहती है और सबके आसपास ही रहती है। इस वजह से आत्मा की मुक्ति के लिए अनुष्ठान किए जाते हैं और इन अनुष्ठानों से आत्मा को घर से विदा कर दिया जाता है। इससे वह परलोक में स्थान प्राप्त करता है और संसार की मोह माया दूर जाए।

**13 दिनों तक क्यों किए जाते हैं कर्मकांड:** गरुड़ पुराड़ के मुताबिक 13 दिनों तक किए जाने वाले कर्मकांड का उद्देश्य आत्मा को उसके अगले जीवन की यात्रा के लिए तैयार करना है।

मृत्यु के 13 दिनों तक तर्पण, पिंडदान और अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं, इसके अलावा मृतक की आत्मा की शांति के लिए भी कई उपाय किए जाते हैं। यह कई कर्मकांड मृतक की आत्मा को अगले लोक में जाने की सहायता करते हैं।

धार्मिक मान्यता है कि इन कर्मकांडों के जरिए आत्मा को उसकी गलतियों का प्रायश्चित करने और मोक्ष की तरफ बढ़ने का मौका मिलता है। वहीं 13 दिनों तक किए जाने वाले कर्मकांड आत्मा की मुक्ति का मार्ग भी खोजते हैं।

**13वें दिन किया जाता है विशेष अनुष्ठान:** तेरहवीं किसी मृतक व्यक्ति की आत्मा को अंतिम विदा दिए जाने का दिन होता है। मृत्यु के ठीक 13वें दिन किए जाने वाला यह पवित्र अनुष्ठान मृतक को उनके पूर्वजों और भगवान के साथ फिर से मिलाने की इच्छा को दिखाता है। तेरहवीं के समारोह का उद्देश्य और महत्व एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में चमकता है।

मृत्यु के 13वें दिन किए जाने वाला यह अनुष्ठान सूक्ष्म शरीर को सांसारिक लगाव से परे और आध्यात्मिक नियति की तरफ बढ़ने की शक्ति देता है। तेरहवीं का आयोजन न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि शांति और मोक्ष के लिए भी जरूरी माना जाता है। तेरहवीं के दिन किए जाने वाले कर्मकांड आत्मा का सांसारिक बंधनों से मुक्त करके आध्यात्मिक यात्रा की दिशा में प्रेरित करते हैं।

**जानिए क्या कहता है विज्ञान:** अगर हम वैज्ञानिक दृष्टिकोष से देखें, तो घर में आत्मा के 13 दिनों तक रहने की अवधारणा को सिद्ध करना कठिन है। हालांकि यह जरूरी माना जाता है कि शोक और दुख के समय परिवार के सदस्यों को मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए धार्मिक अनुष्ठानों का सहारा मिलता है।

गरुड़ पुराण में इस बात का उल्लेख मिलता है कि आत्मा के 13 दिनों तक अवधारणा धार्मिक और आध्यात्मिक विश्वासों पर आधारित है। यह न सिर्फ आत्मा की शांति के लिए जरूरी है, बल्कि परिवार के सदस्यों को मानसिक शांति और सांत्वना प्रदान करता है। इसको धार्मिक और भावनात्मक दृष्टि से देखा जाए, तो इस प्रथा का उद्देश्य जीवन और मृत्यु के बीत के संबंधों को समझने के साथ उनको स्वीकार करना है। लेकिन विज्ञान इसके पीछे कोई तर्क नहीं बताता है और यह सिर्फ लोगों का विश्वास है।

## वसुधैव कुटुम्बकम् की जीवंत प्रतिमूर्ति और समाज को सदैव सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक हैं भागवत

**भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का रिश्ता नया नहीं है। दोनों का वैचारिक स्रोत समान है, किंतु समय-समय पर दूरी और निकटता की स्थिति भी बनी रहती है। हाल की राजनीतिक घटनाओं ने एक बार फिर इस रिश्ते को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर में संघ मुख्यालय जाना, स्वतंत्रता दिवस के भाषण से लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर लिखे गए भावनात्मक आलेख तक, और हाल ही में मोहन भागवत का प्रधानमंत्री आवास पर जाना, ये सब घटनाएं संकेत देती हैं कि भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद संघ की छत्रछाया को पहले से कहीं अधिक महत्व देना शुरू कर दिया है।**

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको याद दिला दें कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने दम पर स्पष्ट बहुमत हासिल करने में विफल रही थी। अबकी बार 400 पार का नारा देने वाली भाजपा के लिए पिछले लोकसभा चुनावों के परिणाम अप्रत्याशित थे।

भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का रिश्ता नया नहीं है। दोनों का वैचारिक स्रोत समान है, किंतु समय-समय पर दूरी और निकटता की स्थिति भी बनी रहती है। हाल की राजनीतिक घटनाओं ने एक बार फिर इस रिश्ते को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर में संघ मुख्यालय जाना, स्वतंत्रता दिवस के भाषण से लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर लिखे गए भावनात्मक आलेख तक, और हाल ही में मोहन भागवत का प्रधानमंत्री आवास पर जाना, ये सब घटनाएं संकेत देती हैं कि भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद संघ की छत्रछाया को पहले से कहीं अधिक महत्व देना शुरू कर दिया है।

हम आपको याद दिला दें कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने दम पर स्पष्ट बहुमत हासिल करने में विफल रही थी। अबकी बार 400 पार का नारा देने वाली भाजपा के लिए पिछले लोकसभा चुनावों के परिणाम अप्रत्याशित थे। पिछले एक दशक तक भाजपा जिस तरह मोदी के चेहरे और संगठनात्मक शक्ति के बल पर जीत दर्ज करती रही थी, उसमें 2024 का चुनाव परिणाम झटका देने वाला था। देखा जाये तो मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल गठबंधन सरकार की मजबूरी के साथ शुरू हुआ। ऐसे माहौल में संघ का सहारा भाजपा के लिए स्वाभाविक था। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में यह धारणा बनी थी कि भाजपा ने चुनावी रणनीति और प्रचार की ताकत से संघ पर निर्भरता कम कर दी है। लेकिन 2024 के चुनाव के बाद तस्वीर बदल गई। संघ के सक्रिय सहयोग और भागवत के आशीर्वाद से भाजपा ने महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में जीत हासिल की। इन चुनाव परिणामों ने यह संदेश दिया कि संघ के संगठनात्मक नेटवर्क, जमीनी कार्यकर्ताओं और सामाजिक पहुंच के बिना भाजपा की जीत अधूरी है।

मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी की हाल की नजदीकियों को इसी संदर्भ में समझना चाहिए। प्रधानमंत्री का संघ प्रमुख की खुलकर तारीफ करना और उनके मार्गदर्शन को राष्ट्रहित से जोड़ना यह बताता है कि भाजपा अब फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट रही है। वहीं, भागवत का प्रधानमंत्री आवास पर जाना यह संकेत देता है कि संघ भी इस समय भाजपा के भीतर शक्ति संतुलन बनाने और उसे स्थिरता प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाना चाहता है।



राजनीतिक दृष्टि से यह घटनाक्रम कई संकेत देता है। जैसे केवल मोदी के नेतृत्व और भाजपा की चुनावी मशीनरी से जीत अब सुनिश्चित नहीं है। चुनावी राजनीति में विचारधारा, संगठनात्मक अनुशासन और सामाजिक नेटवर्क की गहराई का कोई विकल्प नहीं है। भाजपा और संघ दोनों को अब यह अहसास है कि एक-दूसरे के बिना उनकी शक्ति अधूरी है। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनावों की तैयारी के लिए भाजपा को संघ की जमीनी ताकत और वैचारिक छवि दोनों की आवश्यकता होगी।

देखा जाये तो भाजपा की 2024 की असफलता और उसके बाद की राजनीतिक परिस्थितियों ने साफ कर दिया है कि सत्ता की डगर पर अकेले चलने का दावा अब टिकाऊ नहीं है। संघ की शरण में लौटकर भाजपा ने एक तरह से अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने का फैसला किया है। महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा की जीतें यह संदेश देती हैं कि जब संघ-भाजपा एक साथ चलते हैं, तब उनकी राजनीतिक ताकत कई गुना बढ़ जाती है।

आने वाले समय में यह देखना रोचक होगा कि संघ इस साझेदारी को किस तरह संतुलित करता है और भाजपा किस हद तक अपनी राजनीतिक रणनीतियों में संघ की सलाह और आशीर्वाद को स्थान देती है। इतना तो निश्चित है कि आज की तारीख में भाजपा की राजनीति फिर से उसी पुराने सूत्र पर लौट आई हैङ्क संघ ही शक्ति का आधार है।

जहां तक मोहन भागवत के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिखे गये आलेख की बात है तो आपको बता दें कि प्रधानमंत्री ने लिखा है कि 11 सितम्बर का दिन इतिहास में विशेष महत्व रखता है। यह वही तिथि है जब 1893 में स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो में अपने ओजस्वी शब्दों सिस्टर एण्ड ब्रदर आफ अमेरिका ङ्कसे भारत की आध्यात्मिक धारा और सार्वभौमिक भाईचारे की अवधारणा को विश्वपटल पर स्थापित किया। यही दिन 2001 में आतंकवाद की विभीषिका का साक्षी भी बना, जब मानवता पर 9/11 का हमला हुआ। एक ओर यह दिन वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश देता है, तो दूसरी ओर यह दिखाता है कि चरमपंथ और हिंसा किस प्रकार सभ्यता को चुनौती देते हैं। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि इसी तिथि पर एक और प्रसंग उल्लेखनीय है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का जन्मदिन है। जब संघ अपनी शताब्दी के वर्ष में प्रवेश कर रहा है, तब उनका 75वाँ जन्मदिन हमें उनके योगदान और नेतृत्व की भूमिका पर विचार करने का अवसर देता है। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि मधुकरराव भागवत के सुपुत्र मोहन भागवत ने अपने जीवन का आरंभ उसी वातावरण में किया, जहाँ राष्ट्र को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा सहज ही मिलती थी। 1970 के दशक में प्रचारक बने मोहनराव ने आपातकाल के कठिन समय में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु संघर्ष किया। ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में कार्य करते हुए उन्होंने समाज की गहराई को समझा और उसकी पीड़ा को अनुभव किया। यही अनुभव आगे चलकर उनके नेतृत्व का आधार बने।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है कि भागवत जी का नेतृत्व केवल संघ के भीतर सीमित नहीं रहा। उन्होंने संगठनात्मक परम्पराओं को बनाए रखते हुए समय की मांग के अनुसार परिवर्तन किए। गणवेश में बदलाव हो या शिक्षा वर्गों में सुधार, उनका दृष्टिकोण हमेशा व्यावहारिक और भविष्यदृष्टा रहा। सबसे महत्वपूर्ण यह कि उन्होंने युवाओं के साथ जीवंत संवाद बनाए रखा, जिससे संघ आज के डिजिटल युग में भी प्रासंगिक और सक्रिय बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि कोविड-19 महामारी के समय उनका मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। उन्होंने तकनीक का उपयोग बढ़ाने और सेवा कार्यों को नई ऊर्जा देने की प्रेरणा दी।

इसी प्रकार उनके 'पंच परिवर्तन' ङ्क सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्य, पर्यावरण चेतना, राष्ट्रीय आत्मबोध और नागरिक कर्तव्य ङ्क समाज को नई दिशा देने वाले स्पष्ट सूत्र हैं। यही वे आधार हैं जिन पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना साकार हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन जांच अभियान में 1.85 लाख का जुर्माना वसूला

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश और मोटरयान निरीक्षक सुनील राम के नेतृत्व में बायपास रोड पर गुरुवार को व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया. हाल के दिनों में सड़क हादसों में बढ़ोतरी को देखते हुए यह कार्रवाई की गयी. अभियान के दौरान बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, ओवरलोडिंग, बिना वैध कागजात, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग और बस-टेम्पो में ओवरलोडिंग जैसे मामलों पर विशेष निगरानी रखी गयी. जांच में 12 वाहन पकड़े गये, जिनमें 6 दोपहिया और 6 भारी वाहन शामिल थे. नियम तोड़ने वालों पर कुल 1.85 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया. इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व और लापरवाही से होने वाले हादसों के प्रति जागरूक किया. उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी.

### बाबा मंदिर में शीघ्रदर्शनम कूपन की कीमत अब 300 रुपये



**देवघर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन, भादो व अढ़इया मेला संपन्न होते ही बाबा मंदिर में शीघ्रदर्शनक कूपन की कीमत पूर्व की तरह आधी कर दी गयी है. अब भक्तों को प्रति व्यक्ति 600 रुपये की जगह केवल 300 रुपये ही चुकाने होंगे. मंदिर प्रशासक सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के आदेश पर गुरुवार से यह व्यवस्था लागू कर दी गयी. कूपन की कीमत कम होते ही इसका असर भी साफ दिखा. आम से लेकर खास कतार तक भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. आम कतार में अधिक ठेलमठेल नहीं होने से दिनभर भक्तों को गर्भगृह तक कतारबद्ध जलार्पण कराने की व्यवस्था जारी रही. इसका असर यह हुआ कि बाबा मंदिर का पट शाम 6:15 बजे तक बंद हुआ. गुरुवार को मंदिर का पट सुबह चार बजे खुला. पुजारी विनोद झा ने सभी पारंपरिक दैनिक पूजा संपन्न कराने के बाद 5:45 बजे से आम भक्तों के लिए पूजा प्रारंभ की. कतार का संचालन मानसरोवर हनुमान मंदिर से किया गया. पट बंद होने तक करीब 40 हजार भक्तों ने बाबा भोलेनाथ सहित अन्य मंदिरों में जलार्पण किया. वहीं 5385 श्रद्धालुओं ने कूपन व्यवस्था के तहत जलार्पण का लाभ उठाया.

### विद्यालयों में मूलभूत सुविधायें अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जायें : डीसी

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त की अध्यक्षता में नीति आयोग की समीक्षात्मक हुई प्रतिनिधि, गढ़वा समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड को लेकर नीति आयोग के सूचकांकों पर समीक्षात्मक बैठक हुई. उपायुक्त ने 49 प्रमुख इंडिकेटरों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन व कौशल विकास तथा बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया. शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, बाउंड्री वॉल और विद्युतीकरण जैसी सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं. इसके लिए 26 बड़े विद्यालयों को चिह्नित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया. बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ. केनेडी, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, बीडीओ मंझिआंव, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता, नीति आयोग और पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। गर्भवती महिलाओं की हो नियमित जांच स्वास्थ्य एवं पोषण की समीक्षा में गर्भवती महिलाओं को समय पर देखभाल, बच्चों का पूर्ण टीकाकरण और मधुमेह-हाई ब्लड प्रेशर की नियमित जांच करने का निर्देश दिया सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ केनेडी ने सीएचसी स्तर पर एक्स-रे मशीन की जरूरत बतायी, जिस पर उपायुक्त ने बिना मशीन वाले केंद्रों को चिन्हित करने का आदेश दिया. फसल बीमा पर विशेष ध्यान दें कृषि क्षेत्र की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने दलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने, सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण, माइक्रो इरिगेशन और फसल बीमा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. वहीं वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के तहत स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया. उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों व इंस्पिरेशनल फेलो से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की.

### जिला प्रशासन को गुमराह कर माहौल बिगाड़ रही भाजपा: मिथिलेश

**पूर्व मंत्री ने प्रशासन को लिया निशाने पर, भानु सोशल मीडिया पर एक्टिव**

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मंत्री ने प्रशासन को लिया निशाने पर, भानु सोशल मीडिया पर एक्टिव प्रतिनिधि, गढ़वा गढ़वा जिले की राजनीति इन दिनों तेज सरगर्मी के दौर से गुजर रही है. जिले में दो विधानसभा क्षेत्र गढ़वा और भवनाथपुर आते हैं. गढ़वा से झामुमो के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर और भवनाथपुर से भाजपा के पूर्व मंत्री सह प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही सक्रिय राजनीति में बने हुए हैं. 2024 के विधानसभा चुनाव में दोनों नेता हार चुके हैं, लेकिन उनकी सक्रियता चुनाव बाद भी लगातार जारी है. इन दिनों गढ़वा में परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद की प्रतिमा स्थापना को लेकर विवाद छिड़ा है. इसी मुद्दे पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिला प्रशासन भी याद रखे कि अगर आंख बंद कर कोई कार्रवाई होगी, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिपाही आंदोलन की उपज हैं. ईंट से ईंट बजाकर रख देंगे. उन्होंने कहा कि भाजपा जिला प्रशासन को गुमराह कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही है. प्रशासन ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करे. भानु ने अनंत पर साधा निशाना भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही भी इन दिनों क्षेत्र और सोशल मीडिया दोनों जगह सक्रिय हैं. फिलहाल उनके विरोधी अनंत प्रताप देव बीमार चल रहें हैं. अनंत ने भानु पर सोशल मीडिया पर राजनीति करने का आरोप लगाया था. इसका जवाब देते हुए भानु ने अपने पोस्ट में लिखा कि मुझे अपनों के बीच रहना पसंद है. मैं राजा (वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव) की तरह छुपने वालों में से नहीं, बल्कि चुनौती स्वीकार करने वालों में से हूं.

### टावर चौक पर जनरल स्टोर में हुई थी लूट व मारपीट, तीन पर केस दर्ज

**देवघर//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर थाना क्षेत्र के टावर चौक स्थित एक जनरल स्टोर में रविवार की देर रात अपराधियों ने जानलेवा हमला कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था. पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर नगर थाने में दो नामजद व एक अज्ञात युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है. मामला नौ सितंबर को दर्ज हुआ है. प्राथमिकी में बैद्यनाथधाम रेलवे स्टेशन के समीप निवासी दुकानदार शौर्य चौरसिया ने बताया कि सात सितंबर की सुबह करीब तीन बजे वह अपने दुकान पर मौजूद थे. उसी दौरान एक युवक उधारी में सिगरेट मांगने पहुंचा. देने से मना किया तो गाली-गलौज कर चला गया. थोड़ी देर बाद वह तीन साथियों के साथ लौटा. इनमें रोहित कुमार (निवासी- वर्णवाल धर्मशाला के पास स्टूडियो), अनिकेत



सिंह (24 वर्ष, पिता- उदय सिंह, सा० भुरभुरा मोड़, थाना रिखिया) और एक अज्ञात युवक शामिल था. तीनों ने जबरन दुकान में घुसकर गाली-गलौज की और पास में रखी लोहे की रॉड से दुकानदार पर वार कर दिया. हमले में घायल दुकानदार जमीन पर गिर पड़ा. इसी बीच अपराधी काउंटर में रखे 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गये. जाते-जाते अपराधियों ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे. पीड़ित ने बताया कि वह एक गरीब दुकानदार हैं और परिवार का भरण-पोषण इसी दुकान से करता हैं. नगर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी कर रही है.

# देवघर एम्स में नवजात आइसीयू में बढ़ाये गये चार बेड, नये डॉक्टरों की भी हुई पोस्टिंग

**नवजातों के लिए होगा आधुनिक जीवन रक्षक सुविधा केंद्र**



**देवघर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देवघर एम्स में नवजात आईसीयू में अब कुल आठ बेड की सुविधा होगी. पहले चार बेड की सुविधा थी, जिसे बढ़ाकर आठ बेड कर दी गयी है. साथ ही एनआइसीयू के लिए चार नये डॉक्टरों की नियुक्ति भी की गयी है. एआइसीयू की यह सुविधा बढ़ने से जन्म के तुरंत बाद गंभीर स्थिति वाले शिशुओं को आधुनिक देखभाल मिल सकेगी. इस यूनिट में वेंटिलेटर सपोर्ट, सी-पैप मशीन, हृदय और श्वसन मॉनिटरिंग सिस्टम, मल्टी-पैरामीटर मॉनिटर, फोटोथैरेपी यूनिट, इनफ्यूजन पंप, हाइ-फ्लो ऑक्सीजन थेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध है. यहां नवजात विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ-साथ विशेष नर्सिंग स्टाफ की तैनाती की गयी है, जो 24 घंटे शिशुओं की देखभाल करते हैं. देश के अन्य प्रमुख एम्स जैसे दिल्ली, भुवनेश्वर और जोधपुर में पहले से संचालित नवजात आइसीयू की तर्ज पर ही देवघर एम्स का यह केंद्र तैयार किया गया है, यहां राष्ट्रीय स्तर पर तय मानकों के अनुसार आधुनिक उपकरण है. नवजात आईसीयू में उन शिशुओं को रखा जाता है, जो समय से पहले जन्म लेते हैं, बेहद कम वजन के होते हैं या फिर जिन्हें सांस लेने में कठिनाई, संक्रमण, पीलिया, जन्मजात विकार या हृदय व फेफड़े से जुड़ी समस्या होती है.

**क्या कहते है निदेशक**

एनआइसीयू आधुनिक जीवनरक्षक तकनीक से लैस है. चार बेड बढ़ने से अधिक बच्चों का इलाज हो पायेगा. चार नये डॉक्टरों की नियुक्ति से यूनिट की विशेषज्ञता और मजबूत हो गयी है. इस सुविधा से समय पर उपचार मिलने से इस इलाके में नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में बड़ी कमी आयी है. यह कदम न केवल शिशुओं की जिंदगी बचाने में अहम होगा बल्कि क्षेत्रीय परिवारों के लिए भी बड़ी राहत साबित हो रहा है.

## कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर प्रशासन सक्रिय, समाधान की राह खुली

**चंदवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाना-चकला गांव स्थित अर्द्धनिर्मित अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में कार्यरत मैन पॉवर कर्मचारी संघ ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को पूर्व में शिकायत की थी. आयोग के निर्देश पर गठित जिला प्रशासन की एक टीम गुरूवार को चकला स्थित अभिजीत पावर प्लांट पहुंची. टीम में जिला अपर समाहर्ता रामा रविदास, एसडीओ अजय कुमार रजक व सीओ सुमित कुमार झा मौजूद थे. टीम ने सीपीएल (कॉरपोरेट पॉवर लि.) के मौजूद कर्मी व मैन पावर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक की. अधिकारियों ने संघ के पदधारियों से उनकी मांगों को सुना. सीपीएल का पक्ष भी जाना. पूर्व में अभिजीत को टेक ओवर करनेवाली कंपनी एआइआरसीएल कंपनी द्वारा किये गये कार्य व भुगतान, लिक्वीडेटर पंकज धानुका तथा मौजूदा टेक ओवर करनेवाली कंपनी रश्मि मेटालिक के संघ के साथ स्थिति की जानकारी प्राप्त की. रिपोर्ट तैयार किया. बैठक में मैन पॉवर कर्मचारी संघ के चंद्रदेव उरांव, दिनेश उरांव, रामचंद्र भगत, नीलकंठ ठाकुर, साबिर खान, नौशाद खान, आशिक खान, मुस्तर खान, सीपीएल प्रबंधन के सुरेश श्रीवास्तव, दीपक पांडेय, रंजीत कुमार, जयप्रकाश लाला, आरबी सिंह, अंजर कुरैशी समेत कई अन्य मौजूद थे. क्या है मामला ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में मैन पावर कर्मचारी संघ ने सीपीएल प्रबंधन पर उनके अधिकारों के हनन व परिसंपत्तियों के दोहन का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से शिकायत की थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग के निर्देश पर जांच के लिए प्रशासनिक टीम गठित की है. कर्मचारी संघ ने कंपनी प्रबंधन पर मैनपॉवर कर्मचारियों के प्लांट में प्रवेश पर लगी रोक को हटाने, टेक ओवर करनेवाली नयी कंपनी में कर्मचारियों को नौकरी को यथावत रखने, वर्तमान महंगाई के दर पर वेतनमान का भुगतान करने, वर्ष 2013 से लंबित भविष्य निधि पीएफ का भुगतान करने संबंधी मामले रखे.

## दूसरे पति ने अवैध संबंध के शक पर की हत्या

**पाकुड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाकुड़िया थाना क्षेत्र के तालडीह-गणपुरा गांव के पास छह सितंबर को नाले में मिले अज्ञात शव मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. पुलिस के मुताबिक महिला के दूसरे पति ने ही उसकी हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया. पुलिस ने मामले को लेकर महिला के दूसरे पति थाना क्षेत्र के तालडीह-गणपुरा निवासी रतन मड़ैया (32) को भी गिरफ्तार किया है. एसपी निधि द्विवेदी ने मामले को लेकर प्रेस वार्ता की. एसपी ने बताया कि महिला की पहचान पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान जिला अंतर्गत घोषपाड़ा आदिवासी पट्टी की रहने वाली मन्नी हेंब्रम (35) के रूप में की गयी. इसके बाद उसके पति सुबोल हेंब्रम को शव सौंप दिया गया. बताया कि इधर पाकुड़िया थाना प्रभारी के स्वलिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए मामले का अनुसंधान शुरू किया गया. इस क्रम में एसडीपीओ महेशपुर के नेतृत्व में एसआइटी का गठन कर जांच शुरू हुई. इस दौरान पाया गया कि महिला के साथ रतन मड़ैया को पूर्व में देखा गया है. एसपी ने बताया कि पुलिस जांच के दौरान रंजन मड़ैया के विरुद्ध कई साक्ष्य पाया. इसके बाद रतन मड़ैया की तलाश शुरू की गई. इस क्रम में गुरुवार को पाकुड़िया थाना क्षेत्र के लखिजोल के पास से उसकी गिरफ्तारी की गयी. एसपी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना गुनाह स्वीकार किया है. आरोपी ने बताया कि महिला के साथ उसकी मुलाकात बर्द्धमान में ही काम करने के दौरान हुई थी. इस क्रम में दोनों के बीच प्रेम हुआ और सात-आठ माह पूर्व उन्होंने शादी कर ली. इसके बाद वे दिल्ली चले गए. वहीं काम करने लगे, आरोपी ने बताया कि इस दौरान उसकी पत्नी पर उसे अवैध संबंध होने का शक होने लगा. वहां दोनों के बीच आपस में काफी झगड़े भी हो रहे थे. इस बीच दोनों घटना के दो सप्ताह पूर्व बर्द्धमान लौट गए. वहीं घटना के दिन वे बर्द्धमान से अपने घर तालडीह-गणपुरा आ रहे थे. आने के क्रम में फिर से दोनों के बीच अवैध संबंध को लेकर ही कहा-सुनी शुरू हो गयी.

# मासिक धर्म के दौरान संक्रमण और बीमारियों से बचाव के लिए जागरुकता जरूरी

**अंची देवी सर्राफ प्लस-टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को लायंस क्लब की ओर से स्वस्थ सखी अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया.**



**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय अंची देवी सर्राफ प्लस-टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को लायंस क्लब व काया बुटिक के संयुक्त तत्वावधान में स्वस्थ सखी अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया. मौके पर महिला चिकित्सक डॉ. खुशबू कुमारी ने छात्राओं व महिलाओं को मासिक स्वच्छता व स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मासिक धर्म स्वाभाविक प्रक्रिया है. इसके दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य का ध्यान रखना हर लड़की व महिला के लिए बेहद आवश्यक है. जागरुकता से ही संक्रमण और बीमारियों से बचाव संभव है, साथ ही छात्राओं को स्वच्छता पैड भी निःशुल्क वितरित किया गया. क्लब के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि लायंस क्लब का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य, स्वच्छता और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है. इस तरह के शिविरों से महिलाओं व छात्राओं को न केवल जागरूक किया जा सकता है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर किया जा सकता है. क्लब की महिला सशक्तिकरण चेयरपर्सन आंचल मोदी ने कहा कि महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता समाज की प्रगति की कुंजी है. मौके पर रजनी पाठक, नीलम डालमिया, राधिका टिबड़ेवाल, सुलेखा मिश्रा, शांता तिवारी, विजय आनंद लछिरामका, रामानुज मिश्रा, बिनोद लछिरामका, श्याम टिबड़ेवाल, संजीत झा, डॉ देवानंद तिवारी, प्रभारी प्राचार्य अमित कुमार, राम अचल यादव आदि मौजूद थे.

# वेंटीलेटर तोड़कर घुसा चोर, 76 हजार कैश समेत सोने-चांदी के जेवरात ले भागा

**°76 हजार रुपये नगद व सोने-चांदी के आभूषण गायब°नगर थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज**



**देवघर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर थाना क्षेत्र के बेलाबगान दुगार्बाड़ी मुहल्ले में बुधवार को दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने किराये के मकान में रहने वाले एक दंपती के यहां चोरी कर ली. घटना में सोने-चांदी के आभूषणों के साथ-साथ नकद रुपये भी चोर ले गये. पीड़िता ने नगर थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है. पीड़िता सोनी देवी पति पिंटू वर्णवाल ने दर्ज मामले में जिक्र किया है कि वह परिवार के साथ मयंक झा के मकान में किराये पर रहती हैं. उनके पति का होटल बेलाबगान दुगार्बाड़ी में संचालित है. बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे वह घर में ताला लगाकर पति के होटल पर मदद करने चली गयीं. वहां से जब दोपहर करीब 2:35 बजे वापस लौटीं तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा है. जांच करने पर पता चला कि घर का वेंटिलेटर तोड़कर चोर अंदर घुसे थे. चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 76 हजार रुपये नकद, एक जोड़ी सोने की बाली, सोने का लोकेट, चांदी का पायल और चांदी का ब्रेसलेट गायब कर दिया. पीड़िता के आवेदन पर नगर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस चोरों की तलाश में जुट गयी है.

## होटल में देर शाम लगी आग, लाखों का सामान खाक

**हिरणपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिरणपुर बाजार स्थित एक होटल में बुधवार की रात अचानक आग लग गयी, जिससे होटल जलकर पूरी तरह राख हो गया. इससे लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया. होटल रानीपुर निवासी गुलाब किवरिया की है. बीते तीन वर्ष पूर्व हाथकाठी निवासी अकरम अंसारी को भाड़े पर दे रखा था. देर शाम अकरम होटल को बंद कर अपने घर हाथकाठी गया था. रात साढ़े 10 बजे आग लगने की सूचना मिलने पर होटल पहुंचा. तब तक बहुत देर हो चुकी थी. सबकुछ जलकर खाक हो गया था. आसपास के दुकानदारों और ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझाया गया. इसमें ग्रामीण अमित भगत की बहुत बड़ी भूमिका रही. जैसे ही उनकी नजर आग लगी दुकान पर पड़ी, वो बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने में लग गये. इससे सही समय पर आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा आग की लपटें इतनी तेज थी कि अन्य दुकानों में आग लग जाती.

## आक्रोश मार्च में भाजपा ने भरी हुंकार

**सूर्या हंसदा के फर्जी एनकाउंटर व रिम्स टू निर्माण का विरोध**

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदिवासी नेता सूर्य हंसदा का कथित फर्जी एनकाउंटर व गरीब आदिवासियों की खेतिहर जमीन पर रिम्स टू निर्माण के विरोध में गुरुवार को जिले के अलग-अगल हिस्सों में भाजपा ने आक्रोश मार्च निकाला. भाजपा प्रेश नेतृत्व के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया गया. इस दौरान भारी संख्या में भाजपा नेत व कार्यकताओं ने सत्ता पक्ष का जमकर विरोध किया. भाजपा नदर मंडल गढ़वा की ओर से गुरुवार को आक्रोश मार्च निकाला गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही उपस्थित थे. इस दौरान मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में कार्यकताओं ने गढ़वा प्रखंड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा. इस कार्यक्रम की अगुवाई में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, पूर्व सांसद घूरन राम और भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे. इस दौरान भानु प्रताप शाही ने कहा कि राज्य की स्थिति भयावह हो चुकी है. आये दिन आदिवासियों की हत्या, बलात्कार और उनकी जमीन लूटने की घटनाएं सामने आ रही हैं. कार्यक्रम में भाजपा नेता ओमप्रकाश केशरी, विनय चौबे, जिला मंत्री बबलू पटवा, जितेंद्र चन्द्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, ब्रजेश उपाध्याय, धनंजय गोंड, प्रमोद चौबे, विकास तिवारी, जयंत पांडेय, अरविंद तूफानी, सतेंद्र सोनी, विशाल गुप्ता, सुरेंद्र राम, सुरेश अग्रवाल, रामसरीख चंद्रा आदि शामिल थे.

## वीवीआईपी पार्टी जात नहीं जमात की पार्टी है : विज्ञान स्वरूप सिंह



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विज्ञान स्वरूप सिंह वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि आज वीवीआईपी पार्टी के सभी जिला कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ आगामी होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी प्रधान कार्यालय पर गहन मंथन एवं विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वीवीआईपी पार्टी एवं टीम तेजप्रताप के साथ मिलकर 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उम्मीदवारों के चयन पर स्क्रीनिंग कमिटी का गठन किया गया साथ ही पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि हमलोग अपने-अपने क्षेत्रों से संभावित उम्मीदवारों के बारे में जानकारी प्राप्त कर स्क्रीनिंग कमिटी के समक्ष सूची जमा करेगें। तदोपरान्त आचार संहिता लगने से पूर्व गठबंधन दलों के साथ बैतकर उम्मीवारों के नामों पर अंतिम फैसला लिया जायेगा और सर्वसम्मति से उम्मीदवारों की घोषणा की जायेगी।

वीवीआईपी पार्टी के साथ अनगिनत पार्टियाँ सम्पर्क में हैं और हमलोग गोलबन्द भी हो चुके हैं साथ ही वैचारिक लोगों को खुला निमंत्रण दे रहे हैं कि हमलोग आपस में मिलकर नये विहार का निर्माण करें। आज जो नफरत की आग जो फैली हुई है, नित्य दिन जुर्म, अत्याचार, बलात्कार एवं हत्याऐ हो रही हैं। ऐसी परिस्थिति में हमसभी तीसरा मोर्चा के लोग मिलकर बिहार रूपी बनिया के हर फूल को खिलाएगें, आज तमाम पार्टियों अपने-अपने जाति की ओर पैर बढ़ाते चले जा रहे है ऐसी परिस्थिति में वीवीआईपी पार्टी जाति की ओर नहीं जमात की ओर कदम बढ़ा रही है। आज की तारीख में पढ़े-लिखे सामाजिक कार्यकर्ता इस सूबे की स्थिति देख कर घर पकड़ लिए हैं विचारों को रखते हुए भी अपनी आवाज को कुंठित कर लिए है। उनके आवाज को वीवीआईपी पार्टी ने बिहार में गुंजाने के लिए चला है, जो बेरोजगार एवं मौजवान निराश होकर करो एवं मरों की स्थिति में रोड़ पर उतर आये हैं।

## राज्य सरकार पर बरसे भाजपाई, सूर्या हांसदा हत्या की सीबीआइ जांच की मांग

**लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआइ जांच कराने तथा नगड़ी के रैयतों की जमीन को रिम्स टू के नाम पर छीने जाने के विरोध में भाजपा ने जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रेम सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में राज्य की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है. विधि-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है और अपराधी, माफिया, दलाल तथा बिचौलियों ने सरकारी तंत्र पर कब्जा जमा लिया है. श्री सिंह ने कहा कि सूर्या हांसदा पर कोई वारंट नहीं था और वे 14 मुकदमों में बरी हो चुके थे. पांच मामलों में उन्हें जमानत भी मिल चुकी थी. इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें घर से उठाकर गोली मार दी और फर्जी एनकाउंटर करार दे दिया. उन्होंने कहा कि इस हत्या की जांच सीबीआइ से करायी जानी चाहिए. राज्य में हर माह सैकड़ों हत्या, लूट, बलात्कार, डकैती जैसी घटनाएं हो रही हैं : भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि राज्य में हर माह सैकड़ों हत्या, लूट, बलात्कार, डकैती जैसी घटनाएं हो रही हैं.

## गोल एजुकेशन विलेज में आयोजित सेमिनार : 'हाउ टू क्रैक नीट'



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोल एजुकेशन विलेज में मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए 'हाउ टू क्रैक नीट' विषय पर एक प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोएल विलेज में नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार में विद्यार्थियों को नीट परीक्षा की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स और रणनीतियाँ बताई गईं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री बिपिन सिंह, असिस्टेंट डायरेक्टर श्री रंजय सिंह तथा आर एंड डी हेड श्री आनंद वत्स ने अपने विचार साझा किए। बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को हालिया प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रवृत्तियों और नीट परीक्षा की बदलती रणनीतियों से अवगत कराते हुए कहा कि हृकड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है।

**उन्होंने नीट की तैयारी को लेकर निम्नलिखित विशेष मार्गदर्शन दिए:**

एनसीईआरटी की पुस्तकों पर गहन पकड़ बनाना सबसे जरूरी है। डेली प्रैक्टिस पेपर्स और मॉक टेस्ट के माध्यम से समय प्रबंधन और प्रश्नों को हल करने की गति को विकसित करें। कठिन विषयों और कमजोरियों पर विशेष ध्यान दें तथा उन्हें सुधारने के लिए अतिरिक्त समय निकालें। रीविजन की ठोस रणनीति बनाकर हर टॉपिक की बार-बार पुनरावृत्ति करें। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का विश्लेषण करके परीक्षा के पैटर्न और ट्रेंड को समझें। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए संतुलित जीवनशैली अपनाएँ। असिस्टेंट डायरेक्टर श्री रंजय सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास पर जोर देने की सलाह दी। वहीं, आर एंड डी हेड श्री आनंद वत्स ने वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन और लगातार पुनरावृत्ति की महत्ता को समझाया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान और प्रेरक संदेशों के साथ हुआ।

# झारखण्ड विधानसभा की आश्वासन समिति ने की विभिन्न मामलों की समीक्षा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** झारखण्ड विधानसभा की आश्वासन समिति ने आज समिति के अध्यक्ष सह माननीय विधायक निरसा, श्री अरूप चटर्जी की अध्यक्षता में तथा माननीय विधायक रामगढ़ श्रीमती ममता देवी की उपस्थिति में लंबित सरकारी आश्वासनों एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गई इस अवसर पर माननीय विधायक निरसा ने कहा कि समीक्षा के दौरान समिति ने पाया कि कई लंबित आश्वासनों का निष्पादन किया गया है लेकिन पत्राचार नहीं होने के कारण लंबित दिख रहा है।

इसमें जिले के अलग-अलग विधानसभा के माननीय विधायकों के लंबित मामले भी शामिल है। वहीं लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। वहीं माननीय विधायक रामगढ़ ने कहा कि बैठक में जनहित से जुड़े मुद्दों के निराकरण हेतु ठोस कदम उठाने पर बल दिया गया। कहा कि हमारा प्रयास है कि जनता से किए गए वादों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा किया जाए और विकास कार्यों में तेजी लाई जाए बैठक में जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव और पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया वहीं उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी ने विभागवार प्रस्तुतिकरण के माध्यम से समिति को अवगत कराया कि जिले में विधानसभा सत्रों के दौरान दिए गए सरकारी आश्वासनों पर गंभीरता एवं प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी कार्यालय प्रधान गिरिडीह जिला समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## चौपारण वन विभाग की बड़ी सफलता

# अवैध लकड़ी और आरा मशीन के पार्ट्स जब्त

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण (हजारीबाग)।** शुक्रवार को प्रादेशिक वन क्षेत्र अंतर्गत हजारीधमना में चौपारण वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की। इस दौरान भारी मात्रा में लकड़ी का बोटा और आरा मशीन के कुछ पार्ट्स जब्त कर रेंज कार्यालय लाया गया।

वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी जमा कर आरा मशीन से कटाई की जा रही थी। छापेमारी में कई लकड़ी का बोटा बरामद हुआ, हालांकि आरा मशीन का पूरा सेट न मिलने पर उसके केवल कुछ पार्ट्स ही जप्त किए जा सके। वन विभाग ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और तस्करों के खिलाफ वनवाद दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अधिकारियों ने साफ किया कि जंगल में होने वाली अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। छापामारी दल में वनपाल पंकज कुमार, वनरक्षी कृष्ण प्रसाद महतो, अजीत गंझु एवं दैनिक कर्मी शामिल थे।

# विश्व मैत्री महोत्सव में भाग लेने बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां मधुबन पहुंचे

नव बिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल मधुबन पहुंचे बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, गुणायातन संस्था में महावीरायातन फाउंडेशन के द्वारा आयोजीत विश्व मैत्री महोत्सव में हुए शामिल।

गिरिडीह जिले के जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पार्श्वनाथ मधुबन में महावीरायातन फाउंडेशन के द्वारा गुनायतन संस्था के भवन में विश्व मैत्री महोत्सव का आयोजन किया गया।. इस महोत्सव में भाग लेने के लिए बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खाँ मधुबन पहुंचे।. यहां सबसे पहले सीआरपीएफ के कैंप में राज्यपाल श्री खाँ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. जहां गिरिडीह के डीसी रामनिवास यादव, एसपी डॉक्टर विमल कुमार, एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते, एसीडीपीओ जितवाहन उरांव समेत उपस्थित तमाम अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।. इसके बाद राज्यपाल का काफिला गुनायातन स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचा जहां महावीरायातन फाउंडेशन के सदस्यों के अलावे जैन समाज के लोगों के द्वारा उनका भव्य रूप से स्वागत किया. इसके बाद विधिवत रूप से राष्ट्रीय गान गाकर और फिर दीप प्रज्वलित कर विश्व मैत्री महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की गयी. इस दौरान जहां संस्था के लोगों के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## केरेडारी में गिरा पुराना पीपल का पेड़, परिवार बाल-बाल बचा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** प्रखंड के बेंगवारी गाँव में शुक्रवार को घनश्याम साव के घर पर एक पुराना पीपल का पेड़ अचानक गिर पड़ा। हादसे में घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

पेड़ गिरने से अब घनश्याम साव को रहने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालाँकि, ग्रामीणों ने मानवीय पहल दिखाते हुए उन्हें अस्थायी रूप से अपने घरों में ठहराने का आश्वासन दिया है।

ग्रामीणों और बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड की टीम ने मिलकर घर पर गिरे पेड़ को हटाया। घनश्याम साव ने सहयोग के लिए ग्रामीणों और कंपनी के प्रति आभार जताया है।

# जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता।



**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में डीसी ने डीएमओ से पिछली बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी ली, डीएमओ सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि अगस्त महीने में खनन विभाग स्तर से अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 64 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 36 लाख 36 हजार रुपये बतौर जुमार्ना भी वसूला गया वहीं कुल 9 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। वहीं जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 21 वाहनों को जब्त कर 6 लाख 40 हजार रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया है।इसके अलावे अलग-अलग अंचलों के द्वारा की गयी कार्रवाई में 42 वाहन जब्त किये गये है जिसमें सबसे अधिक छत्तरपुर में 09 वाहन जब्त किये गये हैं जबकि पड़वा, चैनपुर, मोहम्मदगंज और हैदरनगर में शून्य वाहन जब्त किये गये है। डीएमओ ने बताया कि 4 अंचलों में 13 स्थानों पर अस्थायी चेकनाका बनाकर अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि एनजीटी की रोक के अवधि में 5 अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर एफआईआर दर्ज की गयी है।

**किये गये ट्रेंच कटिंग का औचक निरीक्षण करने के निर्देश**

बैठक में डीसी ने ट्रेंच कटिंग के जरिये अवैध बालू के परिवहन को रोके जाने की जानकारी ली,डीएमओ ने बताया कि 17 ट्रेंच कटिंग कर 25 चौकीदारों की नियुक्ति की गयी है।इसपर उपायुक्त ने ऐसे सभी ट्रेंच कटिंग का औचक निरीक्षण करने की बात कही।इसके अलावे डीसी ने सभी सीओ को निर्धारित बैठक से 5 दिन पूर्व खनन से जुड़ी कार्रवाई का समेकित प्रतिवेदन खनन कार्यालय को भेजने की बात कही।इसके अलावे अंचल एवं थाना स्थल से अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की गयी।इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन,वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, तीनों एसडीओ, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# मनरेगा मे लूट डोभा बिना बने निकाले गए पैसे

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड के लुप्पी पंचायत अंतर्गत लोधरातरी गांव में मनरेगा योजना में भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, रोजगार सेवक मोहम्मद मुस्ताक अहमद पर बिना कार्य कराए ही योजना मद की राशि की फर्जी निकासी करने का गंभीर आरोप लगा है। इस कृत्य से सरकारी धन के दुरुपयोग का सनसनीखेज खुलासा हुआ है।

मामले को लेकर स्थानीय समाजसेवी अजीत यादव ने 10 सितंबर को प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। समाजसेवी द्वारा यह आवेदन सिर्फ बीडीओ तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसकी प्रतियां गिरिडीह उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, डीआरडीए निदेशक, लोकपाल मनरेगा, ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग, गांडेय विधायक, बेंगाबाद प्रमुख और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी भेजी गई हैं आवेदन में स्पष्ट किया गया है कि लोधरातरी गांव में झूनिया देवी के जमीन पर 80:80:10 फीट आकार का डोभा निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। योजना संख्या।3419002015/आईएफ/7080902611020 और स्वीकृति संख्या 3419002/2023-2024/119887/एएस, दिनांक 23 मई 2023 के तहत इस योजना को मंजूरी दी गई थी। लेकिन धरातल पर कार्य शुरू ही नहीं किया गया। इसके बावजूद योजना का जियो-टैगिंग कराकर लगभग 2 लाख 49 हजार 554 रुपए की राशि की निकासी कर ली गई समाजसेवी का कहना है कि यह मामला केवल एक डोभा निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लुप्पी पंचायत में मनरेगा योजनाओं के तहत हो रही गड़बड़ियों का एक उदाहरण है। उनका आरोप है कि पंचायत क्षेत्र में विकास योजनाओं के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# आपराधिक परिस्थिति का डटकर मुकाबला करें

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** महिला थाना छतरपुर की निर्भया शक्ति टीम द्वारा शुक्रवार को कवलबास बालिका उच्च विद्यालय, छतरपुर की छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान महिला आरक्षियों ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच, छेड़खानी, तथा महिलाओं एवं बच्चियों के साथ होने वाले अपराधों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ऐसे मामलों से बचाव और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया से भी छात्राओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को मोबाइल का सही उपयोग करने तथा पढ़ाई पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पलामू पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा जागरूकता और कानूनी अधिकारों की जानकारी को बढ़ाना है, ताकि वे किसी भी आपराधिक परिस्थिति का डटकर सामना कर सकें।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा जीएसटी सरलीकरण व स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाओ पर संगोष्ठी

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में जीएसटी सरलीकरण (जीएसटी 2.0) एवं स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाओ विषय पर एक विचार-विमर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी उपस्थित रहीं चर्चा के दौरान मंत्री महोदया ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य व्यापारियों और उद्योगपतियों को कर संरचना में सरलता प्रदान करना है, जिससे व्यवसाय का विस्तार हो और देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर हो। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने पर भी बल दिया इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकाश प्रीतम, ध्रुव संतोलिय, अमरजीत सिंह सलूजा, चेंबर अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, सचिव प्रमोद कुमार, सहित प्रदीप अग्रवाल, गोपाल बगरिया, मुकेश जलन, सरवन केडिया, दिनेश यादव, अरविंद अग्रवाल, प्रवीण बगरिया, शंभू जैन, दीपक मोदी, राजेंद्र भारतीय, प्रदीप डोकानिया एवं दिनेश खेतान समेत कई सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम में व्यापारियों ने नए जीएसटी सुधारों के लाभ, स्थानीय उद्योगों के विकास, एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

## सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का सफल आयोजन, मंत्री अन्नपूर्णा देवी समेत कई वरिष्ठ नेता हुए शामिल

नव बिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय हरिचक में शुक्रवार को सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस मौके पर जिले भर से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बिरांची नारायण, केंद्र की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जमुआ विधायक मंजू देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, आईजी लक्ष्मण सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश सेठ, मुकेश जालान और दिनेश यादव समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। साथ ही सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं सैकड़ों कार्यकताओं ने कार्यशाला में हिस्सा लिया इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई मंत्री अन्नपूर्णा देवी और अन्य नेताओं ने कार्यकताओं को सेवा, संगठन और समाजहित के कार्यों में समर्पित भाव से जुटने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति योगदान और संगठन की शक्ति का प्रतीक है कार्यक्रम की सफलता का श्रेय सभी मंडल अध्यक्षों और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी को दिया गया।

# नावाबाजार थाना पुलिस ने दो मवेशी तस्करों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता।

**मेदिनीनगर (पलामू)।** गुप्त सूचना के आधार पर नावा बाजार थाना पुलिस ने शुक्रवार को दो पिकअप वाहन प्रतिबंधित पशुओं के साथ जब्त किया है। साथ ही नावाबाजार थाना कांड सं 74/25, दिनांक 11 सितंबर 2025, धारा -281/317(5)/109 (1) / 3 (5) बीएनएस व 11 पशुओं के प्रति क्रुरता का निवारण अधिनियम 1960 दर्ज किया गया। दोनों वाहन चालक जुनाब अंसारी व रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इस संबंध में विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी व थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार को लगभग 11 बजे दिन में गुप्त सूचना मिली कि पड़वा मोड़ से छतरपुर की तरफ दो पिकप गाड़ी में अवैध रूप से क्रुरता पूर्वक प्रतिबंधित पशुओं को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुये गस्ती पदाधिकारी व सशस्त्र बल के साथ सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई के लिए नावाबाजार थाना के पास पुलिस चेक पोस्ट चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के दौरान लगभग 11.50 बजे दिन में पंड़वा मोड़ की तरफ से दो पिकप आ रही थी। इसे पुलिस बल ने रोकने का प्रयास किया । लेकिन उक्त दोनों पिकप के चालक जान मारने के नियत से पुलिस बल के उपर गाड़ी चढ़ाने की नियत से तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए चेक पोस्ट से आगे निकल गए। नावाबाजार पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए गस्ती वाहन से पीछा कर दोनों पिकप वाहन को पकड़ लिया गया। पकड़े गए दोनों पिकप चालकों ने अपना नाम पता बताया। इसमें चैनपुर थाना क्षेत्र के लिधकी निवासी 35 वर्षीय जुनाब अंसारी व बिहार के औरंगाबाद जिला स्थित वंशी बिगहा गांव निवासी रंजीत कुमार शामिल थे। उक्त दोनो पिकप रजि० नं बीआर 26 जीबी 7046 को चेक करने पर उसके डाला में एक भैंस, एक भैंसा व एक कड़रू बरामद किया गया। वहीं दूसरी गाड़ी जेएच 03 एआर 5255 को चेक करने पर उसके डाला में एक भैंसा व चार भैस के बछड़ा को क्रुरता पूर्वक लदा हुआ पाया गया।

# मानदेय न मिलने पर जलसहिया संघ ने जताई चिंता

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** झारखंड राज्य महिला जलसहिया कर्मचारी संघ, जिला शाखा गिरिडीह की बैठक श्रीमती दिव्या देवी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में किरण पब्लिक स्कूल परिसर में संपन्न हुई। बैठक में साइकोलॉजिकल सैया एवं मास्टर जलसहिया ने उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में तमाम जल सहिया ने निम्नलिखित समस्याओं पर संघ का ध्यान आकृष्ट कराया 24 माह का मानदेय जिन जल सहिया का भुगतान नहीं कर जिला से पैसा और राज्य को वापस कर दिया गया उक्त राशि को अविलंब दुर्गा पूजा के पूर्व भुगतान किया जाए।कटी पर जल सहिया का शौचालय का प्रोत्साहन राशि भुगतान लंबित है इसे भी दुर्गा पूजा के पूर्व भुगतान कराई जाए 11 माह का बकाया मानदेय कल 22000 भुगतान किया जाना है जिसका आवंटन दोनों प्रमंडलों को प्राप्त है।

नियम के विरुद्ध प्रमंडल तू का कहना है कि 20000 ही भुगतान करेंगे जबकि प्रमंडल वन का कहना है कि12000 एक किस्त में और दोबारा 8000 दूसरे किस्त में भुगतान करेंगे जबकि संगठन का स्पष्ट निर्णय है कि यह राशि राज्य के द्वारा हमारा मानदेय भुगतान के लिए भेजा गया है यदि 16 सितंबर तक 22-22000 भुगतान नहीं हुआ तो बाय धोकर 19 सितंबर 2025 से दोनों कार्यपालक अभियंता के समक्ष समस्त जलसहिया मैं ताली बजाकर आक्रोश प्रकट करेंगी। इसकी सूचना दो दिनों के अंदर स्थानीय विधायक सह माननीय मंत्री श्री सुदीव्य कुमार, नगर विकास विभाग को भी प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से दिया जाएगा। आज की बैठक में श्रीमती बसंती मरांडी प्रखंड वास समन्वयक देवरी के द्वारा जल सहिया को मोबाइल के मद में 12000 भुगतान नहीं कर मोबाइल का वाउचर पहले मांगा जा रहा है।दबाव बनाने के लिए सुनीता देवी ग्राम रायडीह प्रखंड देवरी के मानदेय से 12000 रोक कर रखा गया है। स्पष्ट है की राशि रोकने का मतलब भ्रष्टाचार है। वही सुनीता देवी को 24000 पूर्व का बकाया मानदेय भी भुगतान नहीं किया गया है और टालमटोल किया जा रहा है आज की बैठक में मास्टर जलसहिया की परेशानी पर विशेष चर्चा किया गया प्रथम सभी जनसंख्या बैठक में उपस्थित नहीं होती है परिणाम स्वरुप प्रतिवेदन विभाग में जमा नहीं हो पता है। परंतु अब बात जाता है कि हर बैठक की सूचना प्रमंडल को भेजी जाए, ऐसी स्थिति में यदि किसी जलसहिया का भुगतान नहीं होता है तो मास्टर जलसहिया जिम्मेवार नहीं होग आज के बैठक में जिले भर की जलसहिया से अनुरोध किया गया कि संगठन हित में एवं विभाग के हित में मास्टर जलसहिया की बैठक में सभी निश्चित रूप से उपस्थित होकर विभागीय प्रतिवेदन को महत्व दें आज की बैठक में झारखंड सरकार से मांग किया गया कि जलसहिया के मानदेय में महंगाई के अनुरोध वृद्धि करते हुए मास्टर जलसहिया का उच्चतम मानदेय निर्धारित किया जाए। राज्य सरकार से यह भी मांग किया गया की दुर्गा पूजा एवं दीपावली के अवसर पर दो अदद साड़ी एवं संलग्न कपड़ा आपूर्ति कराई जाए सभा को संबोधित करते हुए श्री अशोक कुमार सिंह प्रदेश मुख्य संरक्षक सह राष्ट्रीय संगठन सचिव नोकेज ने कहा कि जलसहिया पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में महत्वपूर्ण कार्य का दायित्व निभा रही है, ग्रामीण महिला है, राज्य स्तर पर इनकी वरीयता सूची निर्धारित करते हुए एक नियमावली भी बनाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रमंडल स्तर पर विभागीय योजनाओं में ग्रामीण महिला होने के कारण मुखिया के साथ घाट से योजना की राशि वेंडर के साथ मिलकर बंदरबांट किया जाता है। एवं जल सहिया से साजिश के तहत ओटीपी लेकर राशि निकासी कर ली जाती है, यह दुख का विषय है। वहीं विभाग में बकाया मानदेय की राशि उपलब्ध रहने के बावजूद जलसैया को भुगतान न करके दुर्गा पूजा जैसे पावन पर्व के अवसर पर थाली बजाने के लिए जलसहिया को मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सितारा परवीन ने कहा कि स्थिति यह है कि ग्रामीणों द्वारा एक वर्ष से ब्लीचिंग पाउडर की मांग जल सहिया से की जा रही है किंतु विभाग ने एक छटाक भी समुचित जिले में कहीं भी ब्लीचिंग पाउडर वितरण हेतु जलसैया को नहीं दिया जबकि विभाग से करोड़ों रुपए का इस मद में आवंटन मिलता रहा है। बैठक को सरिता देवी जिला मंत्री ने संबोधित करते हुए सदस्यों को अस्वस्त किया कि आपके हर मांगों पर जिला संगठन अग्रसर है। प्रखंड स्तर पर प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेवारी है कि हर माह बैठक आयोजित कर जल सहिया को विभागीय एवं सांगठनिक चेतना का विकास किया जाए आज की बैठक मे मुख्य रूप से श्रीमती पूनम पांडेय ,बंदनी देवी, संगीता देवी, मंजू देवी, सूरजमुनि किसकु, हेमंती देवी, भागवती देवी, यशोदा देवी, रेखा देवी, संतोषी देवी, शीला देवी आदि जलसहिया नेता ने बहस में हिस्सा लिया एवं थाली बजाओ कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग करने की घोषणा किया। बैठक में कुल 13 प्रखंडों की अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। पुरुष सहयोगी के रूप में श्री रामेश्वर राय, सुबोध कुमार साव, श्री लक्ष्मण भैया, सहाबुद्दीन आलम, केदार भाई पटेल, संतोष राय, लालजीत प्रसाद कुशवाहा, मोहन दास, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित रहे।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 12-09-2025 21:50 Page 1



# प्रेमी-प्रेमिका ने अपने-अपने घरों में लगायी फांसी

## दोनों थे नाबालिग, परिजनों को हो गयी थी जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** जिले के बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को प्रेम प्रसंग में घटी एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा ने अपने ही घर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
परिजनों के अनुसार, घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। घटना से पूर्व उसके प्रेमी का फोन आया और आपसी कहासुनी के बाद छात्रा ने यह खौफनाक कदम उठाया।
घटना की जानकारी मिलने पर 16 वर्षीय प्रेमी, जो नवागढ़ सेरका का निवासी था वह भी गहरे सदमे में आ गया। उसने भी अपने घर में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। दोनों किशोर-किशोरी को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।
इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। गांव में गमगीन माहौल है और हर कोई इस असमय मृत्यु से आहत है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया।
मासूम उम्र में प्रेम के इस दर्दनाक अंजाम ने समाज के सामने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां एक ओर किशोरावस्था में भावनाओं का असंतुलन सामने आया, वहीं संवाद और समझ की कमी ने दो मासूम जिंदगियों को निगल लिया।
स्थानीय लोगों का कहना है कि अभिभावकों और समाज को बच्चों के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए, ताकि वे अपने भावनात्मक उलझनों को साझा कर सकें और ऐसे कदम उठाने से बच सकें।

# स्वच्छता मामले में जमशेदपुर ने इंदौर को पछाड़ा

## ठोस कचरा प्रबंधन पर किया जा रहा है काम

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

*__जमशेदपुर।__ देश भर में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को जमशेदपुर शहर भी पछाड़ कर नंबर-1 बन सकता है लेकिन इसके लिए शहरवासियों से सहयोग की जरूरत है।*
*यह कहना है जमशेदपुर में नागरिक सुविधाएं देने वाली कंपनी, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (यूआइएसएल) के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा का।*
*यूनाइटेड क्लब में शुक्रवार दोपहर पत्रकारों से बात करते हुए रितुराज सिन्हा ने कहा कि इंदौर जैसे शहर में सफाई के प्रति वहां के लोग काफी जागरूक है। वहां कोई भी शहरी अपने घर के बाहर या चलती कार से पानी-चिप्स के खाली पैकेट बाहर नहीं फेकता।*
*यही कारण है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में वह शहर हमेशा नंबर-1 बन रहा है।*
*रितुराज सिन्हा का कहना है कि जमशेदपुर को नंबर-1 बनाने के लिए हमने मूलभूत नागरिक सुविधाएं तो बेहतर बना ली हैं, लेकिन हमें व्यावहारिक रूप से जिम्मेदार होना होगा। वहीं, उन्होंने बताया कि हमारे शहर में घर-घर कचरा उठाव और सूखा कचरा व गीला कचरा पृथककरण अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।*
*रितुराज सिन्हा ने बताया कि कंपनी शहर के ठोस कचरा प्रबंधन पर काम कर रही है। शहरी कचरा के निस्तारण के लिए सीआरएम बारा में प्लांट संचालित कर रही है जहां 1.5 लाख टन कचरा का निस्तारण किया जा रहा है। इसके अलावा कंपनी पैकेज्ड सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर भी काम कर रही है।*
*उन्होंने बताया कि कंपनी की पहल से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बायो गैस प्लांट लगाए गए हैं जहां बचे हुए खाने व किचन वेस्ट से गैस बनाकर उसका क्लब व कैंटीन में इस्तेमाल किया जा रहा है।*
*रितुराज सिन्हा ने बताया कि हमारी योजना है कि वर्ष 2026 की गर्मी तक हर घर को नल से पानी मिले। इसके लिए ईस्टर्न क्षेत्र में पाइप लाइन का नेटवर्क बिछाया गया है। हालांकि यह दुर्भाग्य है कि हमने पानी का कनेक्शन के लिए 5400 फार्म बांटे। इसमें से 1500 फार्म ही वापस आए जिसमें से 1000 लोगों ने कनेक्शन चार्ज के रूप में पैसे जमा किए हैं। इनमें से हमने 975 घरों को पानी का कनेक्शन दे दिया है।*
*इसलिए उन्होंने 10 नंबर बस्ती, नामदा बस्ती, जोजोबेड़ा, महानंद बस्ती, पंजाबी रिफ्यूजी कालोनी व नंदनगर सहित अन्य क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे पानी का कनेक्शन लेने के लिए आवेदन फार्म के साथ पैसे भी जमा कराएं। हमारा नेटवर्क बिछ चुका है।*
*वहीं, उन्होंने मोहरदा जलापूर्ति योजना के दूसरे चरण में 12 हजार नए कनेक्शन देने की बात कही है।*
*जुस्को एमडी का कहना है कि कंपनी वर्तमान में 95 हजार घरों में पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति करती है। इसमें 20 हजार कंपनी क्वार्टर हैं जबकि शेष 75 हजार बस्ती में रहने वाले शहरवासी हैं।*
*मालूम हो कि टाटा स्टील यूआइएसएल के पानी की गुणवत्ता राष्ट्रीय मानक से भी बेहतर है। यही कारण है कि जिन घरों को कंपनी के पाइपलाइन से पानी मिलता है उनके घर आरओ फिल्टर लगाने की जरूरत नहीं है। वे सीधे पानी को ग्लास में भरकर पी सकते हैं।*
*जमशेदपुर शहर को ट्रैफिक मुक्त बनाने के लिए टाटा स्टील ने झारखंड सरकार को तीन फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव दिया था। इसमें सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त क्षेत्र साकची से एग्रिको तक का इलाका है। पूर्व में सरकार ने इसे मंजूरी प्रदान की थी, लेकिन पीसी के दौरान सिन्हा ने बताया कि सरकार ने उनके प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।*
*उन्होंने बताया कि जमशेदपुर शहर इस तरह का नहीं है कि फ्लाई ओवर में चढ़ने के लिए पहले 500 मीटर का रैंप बनाया जाए फिर 200 मीटर का फ्लाईओवर और दूसरी ओर उतरने के लिए फिर 500 मीटर का रैंप बने। इससे उक्त सड़क के नीचे ट्रैफिक जाम हो जाएगा। वहीं, उन्होंने बताया कि मानसून की समाप्ति के बाद जो भी सड़क टूट गए हैं उनकी मरम्मती कराई जाएगी।*

# अवैध कोयला खनन के दौरान मजदूर जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावागढ़।** नावागढ़ के खरखरी ओपी क्षेत्र के पंडुआभीठा गांव में अवैध कोयला खनन के दौरान शुक्रवार को एक मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद अवैध खनन में जुड़े कारोबारियों ने उसे आनन-फानन में इलाज के लिए किसी अज्ञात जगह पर भेज दिया।
बताया जा रहा है कि घायल मजदूर गिरिडीह या टुंडी इलाके का रहने वाला था। इस घटना के बाद धंधेबाजों द्वारा फिलहाल बाहर से लाए गए मजदूरों को वापस भेज दिया गया है। तस्करों के भय से ग्रामीण भी खुल कर बात नहीं करना चाहते। यह अवैध मुहाना पंडुआभीठा बस्ती स्थित काली मंदिर के ठीक बगल में खोला गया है, जहां खदान के प्रवेश द्वार पर मां काली की तस्वीर लगी है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस जानलेवा मुहाने से मात्र 20 मीटर की दूरी पर पंडुआभीठा प्राथमिक विद्यालय है, जहां छोटे-छोटे बच्चे पढ़ाई करते हैं।
यह अवैध खदान गांव के ही लोगों द्वारा बाहर से मजदूर बुलाकर चलाई जा रही थी। खदान के अंदर पानी निकालने के लिए बिजली के तार से दो बड़े मोटर भी लगाए गए हैं, जिसके लिए अंदर से बाहर तक पाइप बिछाई गई है। खदान के बाहर सैकड़ों बोरी कोयला रखा गया है, जिसे प्रतिदिन छोटे-बड़े वाहनों के माध्यम से गंतव्य तक भेजा जाता था। घटना के बाद स्थानीय लोग कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं, जो इस पूरे मामले की गंभीरता को दर्शाता है। सरकार और स्थानीय प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद कोयलांचल में अवैध खनन और तस्करी धड़ल्ले से जारी है।ऐसी घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन का पूरा अमला इसे दबाने में लग जाता है और फौरी तौर पर मुहाने भरकर अपनी कार्रवाई पूरी कर देता है। कुछ दिनों पहले ही तस्करों ने अवैध खनन में धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन तक खोद डाली थी।

## थम नहीं रही डायन-बिसाही की घटनाएं

# लोगों ने एक वृद्ध व दो महिलाओं को पीटा

### एक की हालत नाजुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जपला, (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार गांव में गुरुवार को अंधविश्वास के नाम पर बड़ी घटना सामने आई।
ग्रामीणों ने एक 73 वर्षीय वृद्ध भगवान माली व दो महिलाओं की डायन-बिसाही व जादू-टोना के आरोप में बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट में भगवान माली गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें डेहरी स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देख उन्हें बीएचयू रेफर कर दिया। फिलहाल वहां उनका इलाज जारी है। वहीं, दोनों महिलाओं की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गांव में एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद सोन नदी घाट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जा रहा था।
शवदाह के बाद जब लोग लौट गए, तो भगवान माली और दोनों महिलाएं चितास्थल के पास कुछ तंत्र-मंत्र जैसा कर रहे थे। इसकी जानकारी मृतक के परिजनों तक पहुंची।
आरोप है कि कुछ युवकों ने मौके पर पहुंचकर तीनों को लाठी-डंडों से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



सूचना मिलने पर दंगवार ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को सुरक्षित निकाल कर पूछताछ के लिए हुसैनाबाद थाना भेज दिया।
इस संबंध में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पीड़ित या उनके परिजनों की लिखित शिकायत मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दानापुर-राजगीर ट्रेन का हुआ विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने पूर्व मध्य रेलवे की नौ जोड़ी ट्रेनों के मार्ग विस्तार को मंजूरी दी है। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ सरस्वती चंद ने बताया कि ट्रेनों के विस्तार से यात्रियों को दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ समेत अन्य पर्व-त्योहारों में यात्रा करने में बड़ी राहत मिलेगी।
इसी क्रम में गाड़ी संख्या 13234/13233 दानापुर-राजगीर-दानापुर एक्सप्रेस का विस्तार कोडरमा तक किया गया है। अब 13234 ट्रेन दानापुर से सुबह 6.50 बजे खुलकर निर्धारित ठहराव पर रुकते हुए 10.35 बजे राजगीर पहुंचेगी।
यहां से 10.40 बजे प्रस्थान कर नटेसर, तिलैया, पहाड़पुर, गुरपा और गझंडी स्टेशनों पर रुकते हुए दोपहर 1.55 बजे कोडरमा पहुंचेगी।
वापसी में 13233 ट्रेन कोडरमा से दोपहर 2.40 बजे खुलेगी और विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए 5.55 बजे राजगीर पहुंचेगी।
यहां से शाम छह बजे रवाना होकर निर्धारित समय पर रात 9.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इस मार्ग विस्तार से कोडरमा और आसपास के यात्रियों को राजगीर और पटना जाने में सीधी सुविधा मिलेगी।
अग्रवाल समाज झुमरीतिलैया ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन के नाम पर रखने की मांग की है।
अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कैलाश चौधरी उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल सचिव संजीव खेतान जयंती संयोजक मनोज केडिया, सह संयोजक दीपक सिंघानिया के अलावा किशन संघई, अरविन्द चौधरी, प्रदीप केडिया, महेश दारूका, प्रदीप बंसल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन, अग्रवाल समाज के जनक और समाजवाद के प्रवर्तक थे।
उन्होंने जीवनभर एक रुपया और एक ईंट के सिद्धांत का पालन करते हुए सेवा कार्य किया।

# चलती मालगाड़ी के डिब्बे का लॉक तोड़कर चावल की चोरी

### आरपीएफ को मिले बिखरे बोरे, जांच जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाइबासा (सोनुवा)।** चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनुवा और लोटापहाड़ स्टेशनों के बीच एक खड़ी मालगाड़ी से लाखों रुपये के चावल की चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने मालगाड़ी के तीन डिब्बों का लॉक तोड़कर दर्जनों चावल की बोरियां चुरा लीं।
घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) ने जांच शुरू कर दी है। पहले भी इस तरह के वारदात में सुरक्षा एजेंसी सिंडिकेट तक नहीं पहुंच सकी है। इधर टाटानगर गुड्स शेड से चावल चोरी के मामले में आरोपित दो रेलकर्मियों को कोर्ट से जमानत मिल गई है।
चक्रधरपुर आरपीएफ थाना प्रभारी कमलेश कुमार अपनी टीम के साथ मंगलवार को मौके पर पहुंचे थे और घटनास्थल का जायजा लिया था। आईबी सिग्नल के पास झाड़ियों और रेल ट्रैक के किनारे चावल के कई बोरे बिखरे हुए मिले। आरपीएफ ने घटनास्थल से 15 से 20 चावल की बोरियां बरामद की हैं। चोरों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की जा रही है।
यह घटना आसनतालिया गांव के पास डाउन रेल लाइन पर किलोमीटर पोल संख्या 327/4 के पास हुई। अधिकारियों का मानना है कि यह किसी संगठित चोर गिरोह का काम है, क्योंकि चोरों ने योजनाबद्ध तरीके से तीन डिब्बों का ताला तोड़ा और बोरियों को रेल लाइन के किनारे गिरा दिया। इसके बाद वे वाहन के जरिए चोरी का माल लेकर फरार हो गए। गौरतलब है कि कुछ वर्ष पहले भी इसी रूट पर चावल, सीमेंट और अन्य सामानों से लदी मालगाड़ियों को इसी तरह निशाना बनाया जाता था।

# स्कूटी से पूजा करने जा रही छात्रा बस से टकरायी, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची के खेलगांव स्टेडियम चौक के पास शुक्रवार सुबह लगभग 6:00 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में आदर्श विद्या मंदिर की 10वीं कक्षा की छात्रा रिषिका की मौत हो गई। बस का ओवरटेक करने के क्रम में हादसा हुआ।
खेलगांव मुख्य स्टेडियम के पास शुक्रवार सुबह हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाली छात्रा रिषिका कुमारी ने हेलमेट पहन रखा था और वह अपने भाई के साथ स्कूटी पर सवार थी। लेकिन एक गलत ओवरटेक उसे भारी पड़ गया। वह 10वीं की परीक्षा के पूर्व मंदिर पूजा करने गई थी, इसी क्रम में दुर्घटना का शिकार हो गई।
प्रत्यक्षदर्शियों और सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, जब रिषिका बस को ओवरटेक करने की कोशिश कर रही थी, तभी स्कूटी बस के पिछले हिस्से से टकरा गई, जिससे वह गिर पड़ी। हेलमेट पहनने के बावजूद उसके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह पूरी घटना स्कूल बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सरला बिरला स्कूल प्रबंधन ने यह फुटेज पुलिस को सौंप दिया है।
वीडियो में देखा जा सकता है कि बस के अंदर छात्र और शिक्षक मौजूद थे, लेकिन किसी को बाहरी घटना की जानकारी नहीं मिल पाई।

## जविप्र की 141 दुकानों का लाइसेंस रद्द

पटना। बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राज्य में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों द्वारा वजन से कम अनाज देने की शिकायतों को गंभीरता से लिया है। पीडीएस दुकानों में निरीक्षण अभियान में शिकायत सही पाये जाने पर विभाग ने 141 दुकानों का लाइसेंस रद दिया है और 91 दुकानदारों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। वहीं, कार्य में लापरवाही बरते जाने के कारण सात आपूर्ति निरीक्षक व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा 48,100 पीडीएस दुकानों में निरीक्षण कार्य कराया गया है। इस निरीक्षण में 1349 दुकानों में कम वजन के खाद्यान्न की आपूर्ति की जाने की शिकायत सही पायी गई और 1230 दुकानों में खराब गुणवत्ता के अनाज वितरण की शिकायत मिली। 4428 दुकानों में खाद्यान्न नहीं देने की शिकायत प्राप्त हुई।
निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर अब तक 9,577 दुकानदारों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

# बड़े हादसे का गवाह बन सकता है बीसीसीएल का जर्जर आवास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झरिया।** बीसीसीएल एरिया दस के लोदना आठ नंबर स्थित ऊपर धौड़ा में 110 परिवार का सर्वे हो चुका है। जिसमें से 80 परिवार शिफ्ट किया जा चुका है। 30 परिवार ऐसे है जिनका सर्वे होने के बाद भी वह जाना नहीं चाह रहे है। ऊपर धौड़ा में जो भी आवास खाली किया गया है। बीसीसीएल ने उसे पूरी तरह से ध्वस्त नहीं किया है। अभी भी लगभग 35 ऐसे घर है जिसको बीसीसीएल ने खाली करवाने के बाद भी पुरी तरह ध्वस्त नही किया है। बीसीसीएल अगर इस मामले को गंभीरता से नहीं लेती है तो वह दिन दूर नहीं कि इससे भी बड़ी घटना बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र में देखने को मिलेगी।वहीं नीचे धौड़ा की बात करें तो लगभग दो सौ घर है जिसका सर्वे अभी तक नहीं हुआ है। इसमें से 30 आवास ऐसे है जिसकी स्थित जर्जर है। बुधवार को हुई घटना को देखकर जर्जर आवासों में रह रहे लोगों की सांस मानो अटक सी गई है। बारिश से उक्त जर्जर आवास की स्थिति और भ्यावक होते जा रही है। जिससे लोगों की रात की नींद उड़ गई है।
स्थानीय लोगों ने कहा कि बस्ती के पास में संचालित सुश्री आउटसोर्सिंग में ब्लास्टिंग से घर और जर्जर होता जा रहा है। लोगों ने कहा कि इस परिस्थिति में यहां रहना मुश्किल है। हम लोग यहां से जाना चाहते है। लेकिन हम लोगों को स्थाई रूप से बसाया जाए।
साथ ही झरिया मास्टर प्लान के तहत समुचित व्यवस्था देकर हम लोगों को शिफ्टिंग कराया जाए। बताते चले की लोदना आठ नंबर में दो दिन पूर्व बीसीसीएल के जर्जर आवास तेज बारिश की वजह से जोरदार आवाज के साथी गिर गया था। बारिश की वजह से घर के अंदर छुपे नौ लोग जर्जर आवास के मलबे में दब गए थे। जिसमे से तीन लोगों की मौत हो गई थी।
स्थानीय लोगों ने कहा कि बीसीसीएल के लापरवाही का खामियाजा बुधवार को तीन मासूमों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा है। लगभग चार माह पूर्व यहां कई क्वार्टर को खाली करवाया गया था। लेकिन बीसीसीएल ने उसको पूरी तरह ध्वस्त नहीं किया। जबकि नियम यह है कि खाली हुए आवासों को तुरंत पूरा ध्वस्त कर देना है। लेकिन बीसीसीएल ने ऐसा नहीं किया। जिसका नतीजा यह हुआ कि तीन लोगों की मौत व छह लोग घायल हो चुके है। इस घटना से पूरा इलाका में मातम पसर गया है।
विजय पासवान ने कहा सर्वे के लिए आया था लेकिन हमने नहीं करवाया। हम जेरेडा के तहत सर्वे करवाएंगे। झरिया मास्टर प्लान के तहत हम लोगों को विस्थापित किया जाए।
रंजीत पासवान ने कहा हम लोगों का नीचे धौड़ा के तरफ सर्वे नहीं हुआ है। आवास जर्जर होते जा रहा है।

# टिकट की चाहत में तीन पूर्व विधायकों ने बदला पाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/किशनगंज।** विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही नेताओं के दल बदल का खेल शुरू हुआ है। हाल के दिनों में तीन पूर्व विधायक ने अपनी पार्टी छोड़कर दूसरे पार्टी का दामन थाम लिया। दूसरे दलों में शामिल होने वाले इन पूर्व विधायक को टिकट मिलने की भी लालसा है। इन नेताओं के दल बदलने से कुछ वर्तमान विधायक को भी परेशानी हो सकती है।
कोचाधामन विधानसभा क्षेत्र से दो बार जदयू के टिकट पर विधायक बन चुके मुजाहिद आलम गत माह सुंदरबाड़ी में राजद नेता तेजस्वी यादव की सभा में राजद का दामन थाम लिया। वर्ष 2014 के विधानसभा उपचुनाव में जदयू के टिकट पर मैदान में उतरे मुजाहिद आलम ने जीत हासिल की थी।
वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में भी जदयू उम्मीदवार के तौर पर इन्होंने एआईएमआईएम के अख्तरूल इमाम को हराया था। लेकिन 2020 के चुनाव में इन्हें एआईएमआईएम के इजहार असफी ने करीब 40 हजार मतों से हरा दिया था। जिसके बाद वो लोकसभा चुनाव की टिकट के लिए भी दावेदारी दी थी।
वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ आवाज मुखर करने वाले मुजाहिद आलम अब जदयू छोड़कर राजद में शामिल हो गए। उनका कहना है कि हाल के दिनों में बदली परिस्थितियों के कारण नीतीश कुमार से 15 वर्षों का रिश्ता तोड़ना पड़ा।
उल्लेखनीय है कि कोचाधामन सीट पर वर्तमान में राजद के विधायक हैं, जबकि टिकट के ये भी प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। इसी तरह एआईएमआईएम के टिकट पर वर्ष 2019 में हुए उपचुनाव में किशनगंज सदर सीट से कमरूल होदा विधायक बने थे, लेकिन वर्ष 2020 में एआईएमआईएम के टिकट पर मैदान में उतरे परंतु तीसरे नंबर पर रहना पड़ा।

# चोरी गयी 17 मोटरसाइकिलों सहित एक पिकअप वैन को पुलिस ने किया जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर व कुचाई थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापामारी कर कुल 17 चोरी की मोटरसाइकिल, एक पिकअप वैन जब्त किया है। उक्त बातें संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने कही।
उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिलों की चोरी से जुड़े दस आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि चार नाबालिगों को पकड़ा है।
उन्होंने बताया कि अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार संवैया के नेतृत्व में अवैध हथियार,मादक पदार्थ एवं सम्पत्ति मूलक कांडों की रोकथाम हेतु अपराधकर्मियों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया जा रहा था।
इसी क्रम में छापामारी दल द्वारा लाल बिल्डिंग, आदित्यपुर टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर दो युवकों को काला रंग के बिना नंबर का हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ गुरुवार को पकड़ा गया। दोनों को बारी- बारी से पूछने पर अपना नाम सुजीत दास उर्फ मोटा दास व लव मांझी उर्फ रेपो बताया। सत्यापन के क्रम प्रयुक्त मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई ।
पूछताछ के क्रम में इन दोनों द्वारा एक गिरोह के साथ मिलकर और भी बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा सुजीत दास उर्फ मोटा दास, लव मांझी उर्फ रेपो के निशानदेही पर चोरी के अन्य सात मोटरसाइकिल और एक पिकअप वाहन को बरामद किया गया।
इस मामले में पुलिस ने कोवाली निवासी, सुजीत दास उर्फ मोटा दास, बोलाईडीह निवासी लव मांझी उर्फ रेपो, कोवाली अजीत दास उर्फ छोटा दास, गम्हरिया निवासी भीम यादव उर्फ प्रिंस, कांड्रा निवासी तरुण यादव उर्फ राधे, गम्हरिया निवासी रासु गोराई, गम्हरिया निवासी विलियम कुमार कर, गम्हरिया निवासी शिवा दास को गिरफ्तार किया गया।

### तीन नाबालिग सहित दस आरोपित चढ़े हत्थे

उन्होंने बताया कि कुचाई के पागारडीह निवासी संजीव सोय की मोटरसाइकिल 10 सितंबर को चोरी हो गई थी। जिसका सनाह कुचाई थाना में दर्ज कराया गया था। चोरी गये मोटरसाइकिल की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया ।
गठित टीम द्वारा अनुसंधान के क्रम में गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर गोपीडीह चौक के पास वाहन चेकिंग लगाया गया और चेकिंग के दौरान चोरी के दो मोटरसाइकिल के साथ छह लोगों को पकड़ कर थाना लाया गया।
थाना में पूछताछ के क्रम में पकड़े गये सभी छह आरोपितों द्वारा उक्त दो मोटरसाइकिलों के अलावा अन्य सात मोटरसाइकिल चोरी कर छुपाकर रखने की बात बताई गई ।
इस मामले में टोकलो निवासी अमित कुम्भकार, टोकलो निवासी उदय सामाड़ को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में चार नाबालिग पकड़ाए गए। आरोपितों की निशानदेही पर कुल नौ मोटरसाइकिलों को टोकलो थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से बरामद किया गया।

# बदमाशों ने घर में घुसकर युवक को उतारा मौत के घाट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज जयंती ग्राम में बीती रात बदताशों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। व्यक्ति यहां अकेले ही रहता था। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों दरवाजे पर खून से लथपथ शव देखा तब मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।
मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। मृतक की पहचान 40 वर्षीय राजकुमार यादव के रूप में हुई। जांच में पता चला कि राजकुमार यादव अपने परिवार वालों से अलग यहां अकेले रहता था। आज सुबह मामले का खुलासा तब हुआ, जब आसपास के ग्रामीणों ने राजकुमार यादव के दरवाजे पर खून से लथपथ उसका शव देखा। स्थानीय लोगों ने परिवार वालों को सूचना देने उपरांत घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी।
हालांकि घटना के कारण का कुछ भी पता नहीं चल सका है। मृतक के परिजन भी कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। वहीं हत्या उपरांत गांव में जमीन विवाद को लेकर हत्या करने की बातें कही जा रही हैं।


### पुलिस कर रही मामले की छानबीन

हालांकि हत्या के कारण का कुछ स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी पुलिस को प्राप्त होने उपरांत मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडे पुलिस बाल के साथ और साहिबगंज एसडीपीओ किशोर तिर्की घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक राजकुमार का कुछ दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसके साथ ही वह जमीन खरीद खरीद बिक्री करने वाले लोगों के साथ रहता था। पुलिस सभी एंगल से अनुसंधान में जुट गई है।

C M Y K

भारत-पाकिस्तान क्रिकेट को तूल न दे....

# सरकार अपना काम कर रही है: कपिल



**चंडीगढ़, एजेंसी।** एशिया कप 2025 में 14 सितंबर के दिन भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत होने वाली है। इस मैच से पहले कुछ भारतीय फैंस काफी गुस्से में हैं और इस मैच का बॉयकॉट करने की मांग कर रहे हैं। वहीं, पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने लोगों से भारत-पाकिस्तान मैच को बड़ा मुद्दा न बनाने का आग्रह किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहले ही साफ कर दिया है कि केंद्र सरकार की नीति के अनुसार, पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं होगी लेकिन बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भागीदारी की अनुमति है।

भारत इस साल के एशिया कप का आधिकारिक मेजबान है और दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के कारण, दोनों टीमें एक-दूसरे के देशों में खेलने से परहेज कर रही हैं। वहीं, कपिल ने फैंस से आग्रह किया है कि वो मैच को बिना किसी सवाल के, योजना के अनुसार होने दें, क्योंकि ये मामला बीसीसीआई या पीसीबी के हाथ में नहीं, बल्कि संबंधित देशों की सरकारों के हाथ में है। देव ने पत्रकारों से कहा, ये एक अच्छी टीम है। शुभकामनाएं। उन्होंने मैच आसानी से जीत लिया। हमें उम्मीद है कि टीम ट्रॉफी लेकर लौटेगी। भारतीय टीम को मेरा संदेश है कि बस आगे बढ़ो और जीतो। जिनका काम खेलना है, उन्हें सिर्फ़ खेलने पर ध्यान देना चाहिए। कुछ और कहने की ज़रूरत नहीं है। इसे बड़ा मुद्दा मत बनाओ। सरकार अपना काम करेगी और खिलाड़ियों को अपना काम करना चाहिएकपिल देव, चंडीगढ़ प्रीमियर लीग के लीग चरण के समापन के बाद प्रेजेंटेशन में शामिल होने चंडीगढ़ आए थे। उन्होंने टूर्नामेंट के आयोजन में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की।यूटीसीए के अध्यक्ष संजय टंडन भी देव के साथ मौजूद थे। पूर्व कप्तान ने टंडन के साथ पंजाब राजभवन में केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से भी मुलाकात की।

भारत बनाम पाकिस्तानः वे हमें नहीं हरा सकते...

# मैच को सियासत से दूर रखें : योगराज



**चंडीगढ़, एजेंसी।** एशिया कप 2025 में भारतीय टीम 14 सितंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगी। पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा है कि भारत-पाकिस्तान मैच को सियासत से दूर रखना चाहिए। पाकिस्तान टीम हमें नहीं हरा सकती है। बात करते हुए योगराज सिंह ने कहा, भारत-पाकिस्तान मैच को मैच की तरह ही लिया जाना चाहिए। इसे लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। खिलाड़ियों को सियासत में नहीं खींचना चाहिए। इससे ज्यादा मैच पर चर्चा करने की जरूरत नहीं है। इंग्लैंड में युवराज सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया था। इसका क्या फायदा हुआ। हम खेलते तो जीत कर आते। उस समय नहीं खेले तो फिर अब क्यों खेल रहे हैं। जब भी मौका मिले भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होना चाहिए। आज की तारीख में पाकिस्तान टीम ऐसी नहीं है कि भारत को हरा सके।

उन्होंने कहा, भारतीय टीम बहुत अच्छी और मजबूत है। मुझे नहीं लगता है कि इस वक्त कोई भी टीम हमें हरा सकती है। हमारी टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो आईपीएल में अपनी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। हमलोग देश के गौरव के लिए खेल रहे हैं। भारत की मौजूदा टीम में जो खिलाडी हैं, या आने वाले समय के जो खिलाड़ी हैं, वो बहुत बड़े खिलाड़ी होंगे। इसमें आईपीएल का बहुत बड़ा योगदान है। जबतक आईपीएल है, भारतीय क्रिकेट को कोई पछाड़ नहीं सकता। अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इस हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों का हाथ था। भारत ने इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदुर चलाकर पीओके स्थित आतंकी ठिकाने नष्ट किए थे।

## बेचारे जबसे पैदा हुए हैं साबित कर रहे हैं हम हिंदुस्तानी हैं, अफरीदी ने भारत-पाकिस्तान मैच से पहले उगला जहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 में 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मैच होना है। भारत में पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर इस मुकाबले को बहिष्कार करने की मांग हो रही है। हालांकि, भारत सरकार से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को इस मुकाबले को खेलने के लिए हरी झंडी मिल गई है। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारतीय खिलाड़ियों के खिलाफ जहर उगला है। अफरीदी का बयान हैरानी भरा नहीं है। वह पहले भी भारत और भारतीय खिलाड़ियों के खिलाफ जहर उगलते रहे हैं।



पाकिस्तानी मीडिया समा टीवी का एक वीडियो वायरल है, जिसमें शाहिद अफरीदी अनर्गल बात करते हुए यह कहते हैं कि भारत में खिलाड़ियों को घर जलाने की धमकी मिलती है। कुछ खिलाड़ी जन्म से खुद को हिंदुस्तानी साबित करने में लगे हैं। अफरीदी ने कहा, वहां पे बहुत ज्यादा है। घरों तक पहुंच जाते हैं। घर जलाने की धमकियां देते हैं उन खिलाड़ियों को। कुछ ऐसे हैं जो वहां साबित कर रहे हैं कि हम हिंदुस्तानी हैं। बेचारे जबसे पैदा हुए हैं साबित कर रहे हैं हम हिंदुस्तानी हैं। और एशिया कप में जाके कमेंट्री भी कर रहे हैं।

पंजाब में फुटबॉल क्रांतिः

## पंजाब फुटबॉल क्लब ने खोले 12 नए केंद्र, रचा सबसे बड़ा ग्रासरूट्स नेटवर्क



**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब, जो कभी हॉकी और कबड्डी के लिए जाना जाता था, अब फुटबॉल की नई धड़कन बन गया है। राउंडग्लास स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के हिस्सा पंजाब फुटबॉल क्लब ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राज्य में 12 नए डेवलपमेंट सेंटर्स शुरू किए हैं। इस विस्तार के साथ, क्लब के पास अब कुल 26 केंद्र हो गए हैं, जिससे यह भारत का सबसे बड़ा फुटबॉल ग्रासरूट्स नेटवर्क बन गया है। यह पहल टैलेंट हर जगह है, अवसर नहीं की विचारधारा पर आधारित है और इसका उद्देश्य पंजाब में फुटबॉल को एक संस्कृति बनाना है।इन नए केंद्रों को जालंधर, होशियारपुर, लुधियाना, मुक्तसर साहिब, पठानकोट, बरनाला और रूपनगर जैसे जिलों में शुरू किया गया है। हर सेंटर में अंडर-8 से लेकर अंडर-19 आयु वर्ग के सैकड़ों युवा खिलाड़ियों को प्रोफेशनल कोचिंग, न्यूट्रिशन गाइडेंस और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का स्पष्ट रास्ता मिलेगा। बाबू अमर सिंह स्पोर्ट्स एंड यूथ क्लब, साहौली (लुधियाना) और बजवाड़ा (होशियारपुर) जैसे केंद्रों में लड़कियों की भागीदारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जो खेल में समान अवसर देने की पंजाब एफसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पंजाब एफसी का यह मॉडल अब रंग ला रहा है। कुछ ही सालों में, कई अकादमी ग्रेजुएट्स भारत की अंडर-16, अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर टीमों का हिस्सा बन चुके हैं। यह स्ट्रक्चर्ड पाथवे यह सुनिश्चित करता है कि आज अंडर-8 में ट्रेनिंग शुरू करने वाला बच्चा सीधे इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) तक का सफर तय कर सके। यह विस्तार सिर्फ संख्या का नहीं, बल्कि क्वालिटी कोचिंग और युवाओं के लिए एक मजबूत भविष्य का वादा है। पंजाब एफसी अब सिर्फ एक क्लब नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन चुका है, जो राज्य के फुटबॉल इकोसिस्टम को नई दिशा दे रहा है और अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरित कर रहा है।

## नेपाल से छीन लिया गया टी20 वर्ल्ड कप होस्ट करने का मौका, प्रदर्शनों के कारण बदला वेन्यू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहली बार आयोजित होने जा रहे महिला ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप 2025 से पहले बड़ा बदलाव कर दिया गया है. नेपाल की राजधानी काठमांडू, जिसे टूर्नामेंट का न्यूट्रल वेन्यू चुना गया था, अब हटा दिया गया है. इसकी वजह बनी नेपाल में चल रही राजनीतिक अस्थिरता और हालिया हिंसक प्रदर्शन. यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट 11 से 25 नवंबर तक भारत में खेला जाएगा, जिसमें सात देशों की टीमें हिस्सा लेंगी - ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका. इस टूर्नामेंट में कुल 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलें खेले जाएंगे. पहले बनाई गई योजना के तहत यह टूर्नामेंट नई दिल्ली और बेंगलुरु में आयोजित होना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव को देखते हुए, पाकिस्तान के मैचों के लिए काठमांडू को न्यूट्रल वेन्यू बनाया गया था ताकि पाकिस्तान भी इस टूर्नामेंट में भाग ले सके.अब हालात बिगड़ने के कारण भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ ने घोषणा की कि नेपाल में चल रहे हिंसक प्रदर्शन के चलते वहां मैच आयोजित करना सुरक्षित नहीं है. ऐसे में पाकिस्तान के मुकाबलों के लिए नया दूसरा न्यूट्रल वेन्यू जल्द तय किया जाएगा.भारत इस टूर्नामेंट में मेजबान होने के साथ-साथ मजबूत दावेदार भी है. पिछले साल 2023 में हुए आईबीएसस वर्ल्ड गेम्स में भारतीय महिला ब्लाइंड टीम ने गोल्ड मेडल जीता था. उस समय ब्लाइंड क्रिकेट का डेब्यू भी हुआ था. टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी थी. भारतीय टीम में देश भर से 56 खिलाड़ियों की खोज के बाद 16 सदस्यीय स्क्वाड चुना गया है. कर्नाटक की दीपिका टीसी को कप्तान और महाराष्ट्र की गंगा एस कदम को उपकप्तान बनाया गया है.

## 2025 विमेंस हॉकी एशिया कप में भारत की पहली हार

**हांगझोउ, एजेंसी।** 2025 विमेंस हॉकी एशिया कप में भारत को पहली हार मिली है। गुरुवार को मेजबान चीन ने सुपर-4 स्टेज के मुकाबले में भारत को 4-1 से हरा दिया। इस हार के साथ भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल के दूसरे पायदान पर खिसक गई। वहीं चीन पहले स्थान पर आ गई। विमेंस हॉकी एशिया कप चीन के हांगझोउ शहर में खेला जा रहा है। भारत की ओर से इकलौता गोल मुमताज खान ने किया। चीन से जो मिरोंग ने दो गोल दागे। वहीं चेन यंग और तान जिनझुआंग ने एक-एक गोल किया। भारत का अगला मैच जापान के खिलाफ शनिवार दोपहर 2ः15 बजे से खेला जाएगा। अगर भारत को टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचना है तो टीम को हर हाल में यह मैच जीतना ही होगा।

पहले क्वार्टर में चीन ने बढ़त ली पहले क्वार्टर के तीसरे ही मिनट में चीन ने मुकाबले में बढ़त ले ली। टीम से जो मिरोंग ने गोल किया।

# पाकिस्तान के 5 स्पिनर्स भारत के लिए खतरा कोच माइक हेसन की वॉर्निंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा से सबसे बड़ी टक्कर माना जाता है. दोनों देशों के बीच 14 स?तंबर को एशिया कप में यह बहुप्रतीक्षित मुकाबला होना है. ऐसे में दोनों देशों के स्पिनर्स में कौन बेहतर है, भारत से टक्कर लेने को पाकिस्तानी टीम कितनी तैयार है? इस पर पाकिस्तानी टीम के हेड कोच माइक हेसन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान माइंड गेम खेला.

दरअसल, हेसन ओमान संग शुक्रवार (12 सितंबर) को होने वाले मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित कर रहे थे. वहीं उन्होंने इस दौरान भारत संग मुकाबले पर भी बात की.

हेसन ने कहा- हम जानते हैं कि भारत ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उसके चलते उन्हें पूरा आत्मविश्वास है और यह स्वाभाविक भी है. हम टीम के रूप में हर दिन खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं. हम आगे को लेकर चिंता नहीं कर रहे हैं, लेकिन चुनौती की गंभीरता को अच्छी तरह समझते हैं. हम इस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

इस दौरान पाकिस्तानी कोच हेसन ने अपनी गेंदबाजी लाइनअप पर पूरा भरोसा जताया. उन्होंने स्पिन ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज की तारीफ की. हेसन ने बताया कि नवाज का पाकिस्तान टीम में वापसी करना बेहद महत्वपूर्ण रहा है. पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड में जगह नहीं बना पाने के बावजूद, नवाज ने शानदार प्रदर्शन किया है. उन्होंने हाल ही में यूएई में हुए ट्राई-सीरीज फाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक ली और पांच विकेट भी चटकाए. हेसन ने कहा कि नवाज इस समय शानदार फॉर्म में हैं और उनकी भूमिका टीम के लिए अहम साबित होगी.

हेसन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- हमारी ताकत यह है कि हमारे पास पांच स्पिनर हैं. मोहम्मद नवाज इस समय दुनिया के बेहतरीन स्पिन गेंदबाज हैं. इसके अलावा हमारे पास अबरार अहमद और सुफियान मुकीम भी हैं, जो शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. सैम अयूब अब दुनिया के टॉप टेन ऑलराउंडर्स में शामिल हैं, जो उनके गेंदबाजी प्रदर्शन में सुधार का नतीजा है. सलमान अली आगा ने ज्यादा गेंदबाजी नहीं की है, लेकिन वह पाकिस्तान के टेस्ट टीम के प्रमुख स्पिनर हैं.

इंडिया-पाकिस्तान एशिया कप 2025



## सेंट्रल जोन का स्कोर 200 रन पारः कप्तान रजत पाटीदार शतक लगाकर आउट, साउथ जोन 149 रन पर ऑलआउट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला सेंट्रल जोन और साउथ जोन के बीच बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर खेला जा रहा है। आज यानी शुक्रवार को मुकाबले का दूसरा दिन है। सेंट्रल जोन ने आज अपनी पहली पारी को 50/0 के स्कोर से आगे बढ़ाया।खबर लिखे जाने तक टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 276 रन बना लिए हैं। कप्तान रजत पाटीदार शतक (101 रन) लगाकर आउट हुए। ओपनर अक्षय वाडकर 22, दानिश मालेवार 53 और शुभम शर्मा 6 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले, गुरुवार को साउथ जोन पहली पारी में 149 रन पर ऑलआउट हो गई। सेंट्रल जोन ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी। सारांश जैन को 5 विकेट साउथ जोन पहली पारी में 149 रन पर ही सिमट गई। टीम के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। टीम के लिए तन्मय अग्रवाल ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए। उनके अलावा सलमान निजार 24, अंकित शर्मा 20, रिकी भुई 15 और एमडी निधेश 12 रन बनाए। सेंट्रल जोन की ओर से सारांश जैन ने 5 और कुमार कार्तिकेय ने 4 विकेट झटके।

आईएसएसएफ वर्ल्ड कप

## 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में मेहुली-मानिनी का खराब प्रदर्शन, पदकों का खाता अब तक नहीं खुला

**निंगबो (चीन), एजेंसी।** भारत अब तक पदक तालिका में अपना खाता नहीं खोल पाया है। चीन दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है। विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मेहुली घोष और मानिनी कौशी ने आईएसएसएफ विश्व कप में शुक्रवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में निराशाजनक प्रदर्शन किया। भारत अब तक पदक तालिका में अपना खाता नहीं खोल पाया है। चीन दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है। नॉर्वे दो स्वर्ण पदक के साथ दूसरे जबकि दक्षिण कोरिया एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर है।



# भारत को 2047 तक शीर्ष पांच खेल देशों में लाने के लिए योजना तैयार, बोले खेल मंत्री मांडविया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**मांडविया ने कहा, भारत की आजादी के सौ साल पूरे होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाने और शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दिया है। इसके लिए योजना तैयार कर ली गई है।

देश में खेल संस्कृति के विकास की प्रक्रिया को सिलसिलेवार और सतत बनाने पर जोर देते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के साथ शीर्ष पांच खेल महाशक्तियों में शामिल करने के लिए 10 वर्षीय और 25 वर्षीय योजना बनाई गई है जिस पर जल्दी ही अमल होगा। मांडविया ने कहा, भारत की आजादी के सौ साल पूरे होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाने और शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दिया है। इसके लिए योजना तैयार कर ली गई है जो जल्दी ही देश के सामने आएगी। इसे लागू करने के लिए नीतिगत बदलाव करने होंगे और हम इस पर जल्दी ही अमल करेंगे।

स्पोटर्सस्टार प्लेकॉमः बिजनेस आफ स्पोटर्स समिट 2025’ में खेलमंत्री ने कहा, हमें ऐसी कार्य संस्कृति तैयार करनी होगी जिसमें प्रतिभा को तलाशने और तराशने का काम व्यवस्थित तरीके से हो । इसके साथ ही दुनिया भर के देश भारत में लीग खेलने आएं। हमें खेल कोटे से नौकरी कर रहे अपने पूर्व खिलाड़ियों के कौशल का भी पूरा इस्तेमाल करना होगा।

खेलमंत्री ने कहा कि देश में खेलों का इकोसिस्टम तैयार करने और खेलों को जीवनशैली



का हिस्सा बनाने के लिए क्रमबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इसके लिए मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहले चरण में फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसी मुहिम शुरू की गई। खिलाड़ियों को तमाम सुविधाएं, अनुभव और आधुनिक कोचिंग देने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) शुरू हुई। इसके बाद विजन दस्तावेज की जरूरत पड़ी तो हम खेल नीति लेकर आए।

उन्होंने कहा कि खेलों में अच्छे प्रशासन के लिए सरकार खिलाड़ियों को केंद्र में रखकर खेल प्रशासन विधेयक लेकर आई जिससे खेल महासंघ अदालती विवादों में मसरूफ रहने की बजाय खिलाड़ियों पर फोकस रख सकें। उन्होंने कहा, पहले खेल महासंघों के 350 से ज्यादा विवाद अदालतों में थे। इस बिल में उनके निपटान की त्वरित व्यवस्था का प्रावधान भी है। खिलाड़ियों के हितों की रक्षा और महिलाओं का खेल महासंघों में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान हैं। मांडविया ने कहा कि भारत में दूर दराज के इलाकों की प्रतिभाओं को मौके देने के लिए मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना जरूरी है ।

उन्होंने कहा, हमने दुनिया भर में कैसे काम हो रहा है, वह देखा लेकिन अपना मॉडल बनाया। भारत की भौगोलिक विविधता का फायदा उठाते हुए खेलों का विकास सुनिश्चित करना है। आने वाले समय में हम खेल सेक्टर में आने वाले बदलावों को महसूस कर सकते हैं। हमारा लक्ष्य हर पोडियम पर भारत का परचम लहराना होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर से दिल्ली तक चलेगी सेब एक्सप्रेस, घाटी के किसानों को मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के सेब उत्पादक किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए रेलवे ने बड़ी तैयारी की है। रेलवे का कहना है कि शनिवार यानी 13 सितंबर से कश्मीर से दिल्ली के लिए सेब एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन किसानों को उनकी फसल सुरक्षित और तेजी से दिल्ली पहुंचाने में मदद करेगी। भारी बारिश, भूस्खलन के चलते श्रीनगर और जम्मू को जोड़ने वाला हाइवे इस महीने बाधित रहा है। ऐसे में इस परेशानी से निपटने के लिए रेलवे ने यह तैयारी की है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि जम्मू और श्रीनगर के बीच हाइवे बंद होने से आवाजाही प्रभावित हुई है और इसके चलते कश्मीरी सेब भी दिल्ली तक नहीं आ पा रहा था। अब इस संकट से निपटने के लिए ट्रेनें चलाई जाएंगी। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि इससे घाटी के फल उत्पादकों को अपने सामान को आसानी से दिल्ली पहुंचाने में मदद मिलेगी। दिल्ली की आजादपुर मंडी में देश के तमाम हिस्सों से फल आता है और फिर अलग-अलग हिस्सों में उसे भेजा जाता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी सेब उत्पादकों के लिए ट्रेन चलाने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। चीफ मिनिस्टर उमर अब्दुल्ला का कहना है कि रेलवे के साथ बीते करीब एक सप्ताह से इसे लेकर चर्चा चल रही थी। अंत में फैसला हुआ कि दिल्ली तक सेब उत्पादक किसानों के लिए ट्रेन का संचालन किया जाए।

### नेपाल में फंसी DTC की बस, दिल्ली-काठमांडू मैत्री बस सेवा भी ठप; मुश्किल में यात्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और नेपाल के बीच दोस्ती का प्रतीक मानी जाने वाली दिल्ली-काठमांडू मैत्री बस सेवा को नेपाल में चल रही उथल-पुथल ने रोक दिया है। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की यह लोकप्रिय बस सेवा, जो दोनों देशों के यात्रियों के लिए सुविधाजनक और किफायती साधन है, अब अनिश्चितकाल के लिए रुकी हुई है। नेपाल में हाल ही में शुरू हुए छात्रों के जेन जेड आंदोलन ने पूरे देश में हलचल मचा दी है। यह आंदोलन सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ शुरू हुआ था, लेकिन जल्द ही यह भ्रष्टाचार और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक बड़े जनाक्रोश में बदल गया। इस बवाल के बीच नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध भी हटा लिया गया। लेकिन इस उथल-पुथल का असर दिल्ली-काठमांडू बस सेवा पर भी पड़ा, जिसके चलते बस नेपाल में फंस गई है। डीटीसी के एक अधिकारी ने बताया, हमारी बस नेपाल में रुकी हुई है। दिल्ली सरकार इस मामले में भारत और नेपाल के दूतावासों के साथ समन्वय कर रही है। बुधवार को इस सेवा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। 2014 में शुरू हुई यह बस सेवा भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक रिश्तों को मजबूत करने का एक शानदार उदाहरण है। 1,167 किलोमीटर की इस यात्रा में बस दिल्ली से काठमांडू तक फीरोजाबाद, फैजाबाद, मुगलिंग और सोनौली (भारत-नेपाल सीमा) जैसे पड़ावों पर रुकती है। किराया मात्र 2,800 रुपये है, जो इसे यात्रियों के लिए किफायती बनाता है। यह सेवा सप्ताह में छह दिन चलती है। डीटीसी की वॉल्वो बसें सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलती हैं, जबकि नेपाल की मंजुश्री यातायात की मार्को पोलो बसें मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को यात्रियों को ले जाती हैं। इस बस सेवा में यात्रियों को कुछ खास नियमों का पालन करना होता है। भारतीय और नेपाली नागरिकों को पासपोर्ट या वोटर आईडी जैसे सरकारी पहचान पत्र साथ रखने होते हैं, जबकि अन्य देशों के नागरिकों को वैध पासपोर्ट और वीजा की जरूरत होती है। यात्रा के दौरान केवल निर्धारित पड़ावों पर ही रुकने की अनुमति है। बसें पूरी तरह वातानुकूलित हैं और 2×2 सीटिंग व्यवस्था के साथ आरामदायक सफर का अनुभव देती हैं। डीटीसी की वेबसाइट के अनुसार, यह सेवा 25 नवंबर, 2014 को दिल्ली के डॉ. अंबेडकर स्टेडियम बस टर्मिनल से शुरू हुई थी।

दो दिन इन इलाकों में खूब बरसेंगे बदरा

# मॉनसून की झोली में अभी और बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मॉनसून के असर से देश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी रहने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून अपनी सामान्य स्थिति के करीब है। अरब सागर के पूर्वी हिस्से में गहरा निम्न दबाव क्षेत्र बना हुआ है, जिसके अगले 12 घंटों में कमजोर होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 12 से 17 सितंबर तक अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में हल्की से मध्यम बारिश होगी। नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 15 सितंबर तक बहुत भारी बारिश की संभावना है। ओडिशा में 12 सितंबर को और छत्तीसगढ़ में 12-13 सितंबर को बदरा बरसने वाले हैं। बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग तारीखों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 13 सितंबर को बहुत भारी बारिश हो सकती है। 12-17 सितंबर तक महाराष्ट्र में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान तूफान और अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। मराठवाड़ा में 14 सितंबर तक बहुत भारी बारिश हो सकती है। कोंकण और गोवा में 13-14 सितंबर को बहुत भारी




बारिश संभावित है। गुजरात क्षेत्र में 14 से 16 सितंबर तक भारी बारिश हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 15 और 16 सितंबर को, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 12 सितंबर को बदरा बरसने वाले हैं। हिमाचल प्रदेश में 13 और 14 सितंबर को बारिश होगी। उत्तराखंड में 12 से 16 सितंबर तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान तूफान और अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। तमिलनाडु में 12 सितंबर को, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में 13 सितंबर तक बरसात होने वाली है। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में अगले 48 घंटों तक आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। आईएमडी ने अपने बयान में कहा कि अगले तीन दिनों तक कलबुर्गी, विजयपुरा, बागलकोट, कोप्पल, बल्लारी और विजयनगर जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। तटीय और आंतरिक कर्नाटक के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। राजधानी बेंगलुरु में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश हुई। शहर में 52.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पड़ोसी कोलार जिले के तमका में 102 मिमी बारिश हुई। आईएमडी ने अरुणाचल प्रदेश के कई हिस्सों में 15 सितंबर तक भारी से अत्यंत भारी बारिश की संभावना जताई है। साथ ही, संवेदनशील जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने दिन के समय कई जिलों में मूसलधार बारिश की संभावना जताई है। तवांग, पश्चिम कामेंग, पापुम पारे, पूर्वी कामेंग, लोअर सुबनसिरी, पूर्वी सियांग, पश्चिमी सियांग, दिबांग घाटी और अंजॉ में भारी बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान जताते हुए कई जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी कामेंग, पापुम पारे, पक्के-केसांग, पश्चिमी कामेंग, पूर्वी सियांग और दिबांग घाटी जिलों में शुक्रवार को गरज-चमक के साथ हल्की या भारी बारिश हो सकती है।

## यमुना सिटी में बसाए जाएंगे 5 नए सेक्टर, 7 गांवों के किसानों से जमीन खरीदेगा यीडा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना एक्सप्रेसवे के पास यमुना सिटी में 5 सेक्टर को विकसित करने की तैयारी है। इससे यमुना विकास प्राधिकरण की यहां प्रस्तावित विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी। इसके लिए सात गांवों के किसानों से भूमि खरीदी जाएगी। इनकी लिस्ट का प्रकाशन किया जा चुका है। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-5, 8, सेक्टर-8डी को विकसित करने के लिए मुढ़रह, थोरा, भीकनपुर और कलूपुरा गांव के किसानों से भूमि खरीदी जाएगी। जमीन पर जापानी सिटी, कन्वेंशन सेंटर समेत अन्य परियोजनाएं विकसित होंगी। यह जमीन 31 किसानों से खरीदी जानी है। वहीं, रबुपूरा, भुन्नातगा में सेक्टर-11, सेक्टर-34 और सेक्टर-21 के लिए जमीन खरीद होगी। प्राधिकरण की सेक्टर-11 में फिनटेक सिटी, सेक्टर-21 में फिल्म सिटी और सेक्टर-34 में औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने की तैयारी है। हालांकि, इन सेक्टरों में परियोजनाओं के लिए काफी भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। प्राधिकरण ने परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की रुकावट के लिए लैंडबैंक बनाने का काम शुरू किया है। इसके अलावा रबुपुरा के किसानों की कुछ भूमि सेक्टर-28 मेडिकल डिवासइ पार्क, डाटा पार्क और कॉमर्शियल और भविष्य में इस्तेमाल के लिए भी खरीदने की तैयारी है।

## कॉलेजियम ने की हाईकोर्ट के 3 जजों को चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने कई उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नति के लिए तीन न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश केंद्र सरकार को की। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की तीन सदस्यीय कॉलेजियम ने गुरुवार को एक बैठक में यह निर्णय लिया।

कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति पवनकुमार बी. बजंथरी को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश (वर्तमान में पटना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश), कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौमेन सेन को मेघालय का मुख्य न्यायाधीश और मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एम. सुंदर को मणिपुर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश (वर्तमान मुख्य न्यायाधीश की 14 सितंबर, 2025 को सेवानिवृत्ति के परिणामस्वरूप) नियुक्त करने की सिफारिश की है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने दो अधिवक्ताओं - अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला को इस उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर सोमवार को शपथ दिलाई। इससे पहले राजीव लोचन शुक्ला इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकालत कर रहे थे, जबकि अमिताभ कुमार राय उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में वकालत कर रहे थे। इन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 87 हो गई है, जबकि मंजूर पद 160 न्यायाधीशों की है। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय ने छह सितंबर को इन अधिवक्ताओं की न्यायाधीशों के तौर पर नियुक्ति की अधिसूचना जारी की थी।

# मोदी के बर्थडे पर दिल्ली में 75 योजनाएं शुरू करेगी रेखा गुप्ता सरकार

अमित शाह करेंगे लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 75 योजनाओं की शुरुआत करने जा रही है। प्रधानमंत्री का 17 सितंबर को जन्मदिन है उसी दिन सेवा पखवाड़ा की शुरुआत करने के साथ योजनाओं की भी शुरुआत की जाएगी। सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, यमुना, जल बोर्ड, ड्रेनेज सिस्टम समेत कई अलग-अलग योजनाओं को इसके तहत लॉन्च करेगी। इसके साथ यमुनापार में लंबे समय से अटके नंद नगरी फ्लाईओवर की शुरुआत भी इसी दिन होगी। सरकार इसकी तैयारी में जुटी है।

17 सितंबर को दिल्ली सरकार की ओर से एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा की शुरुआत करने के साथ सरकार की स्वास्थ्य और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी योजनाओं को लॉन्च करेंगे। पहले दिन यानि 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा के तहत 101 आरोग्य मंदिर, पांच मौजूदा अस्पतालों में बने नए ब्लॉक की शुरुआत होगी। इसके अलावा एसटीपी





की नई योजनाओं का शिलान्यास करने के साथ शिक्षा विभाग के तहत सीएम श्री स्कूलों का लॉन्च भी केंद्रीय गृह मंत्री करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत पहले दिन केंद्रीय मंत्री के उद्घाटन के बाद अगले कई दिनों तक श्रेणीवार अलग-अलग योजनाओं की शुरुआत होती रहेगी।

एक दिन सिर्फ यमुनापार के लिए अलग-अलग योजनाएं लॉन्च की जाएगी, जिसमें एसटीपी प्लांट के अलावा उत्तर-पूर्वी दिल्ली में गगन सिनेमा के पास बने नए नंद नदरी फ्लाईओवर को भी लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। नंद नगरी फ्लाईओवर लंबे समय से लंबित पड़ा था। इसके खुलने से अब वजीराबाद रोड पर लोनी बॉर्डर, गगन सिनेमा के पास लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। भजनपुरा तक सफर सिग्नल फ्री हो जाएगा। इसके अलावा अलग-अलग दिन अलग-अलग योजनाएं लॉन्च की जाएंगी।

सेवा पखवाड़ा के दौरान दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की 3000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया जाएगा। दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि जल बोर्ड की कुल 13 परियोजनाएं शुरू होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ये परिवर्तनकारी परियोजनाएं दिल्ली की जनता के लिए सरकार का उपहार होंगी।

# सबसे अच्छे दोस्तों में से एक, अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताई भारत की अहमियत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और भारत के संबंधों में उतार-चढ़ाव के बीच यूएस के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के साथ दुनिया के शीर्ष संबंधों वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि इस समय दोनों देशों के बीच संबंध असाधारण बदलाव से गुजर रहे हैं। रुबियो ने सीनेट की विदेश संबंध समिति के समक्ष भारत में अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर के नाम की पुष्टि के लिए सुनवाई के दौरान उनका परिचय दिया। रुबियो ने कहा कि वह गोर को काफी लंबे समय से जानते हैं और उन्हें जिस देश के लिए नामित किया गया है ''मैं कहूंगा कि वह आज अमेरिका के दुनिया में शीर्ष संबंधों



वाले देशों में से एक है।'' पिछले महीने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह राष्ट्रपति कार्यालय के कार्मिक निदेशक गोर को भारत में अगला अमेरिकी राजदूत तथा दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत नियुक्त कर रहे हैं। नियुक्ति की पुष्टि होने पर गोर (38) भारत में सबसे कम उम्र के अमेरिकी राजदूत होंगे। रुबियो ने कहा कि 21वीं सदी में कहानी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लिखी जाएगी। वास्तव में, यह इतना महत्वपूर्ण है कि हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की कॉम्बेटैंट कमान का नाम बदल दिया है। भारत इसके केंद्र में है। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ अपने संबंधों में एक असाधारण बदलाव के दौर से गुज़र रहे हैं। हमारे सामने कुछ बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे आ रहे हैं जिन पर हमें उनके साथ मिलकर काम करना होगा। हमें उन पर भी काम करना होगा, जो यूक्रेन में, साथ ही इस क्षेत्र में हो रही घटनाओं को भी प्रभावित करते हैं। रुबियो ने राजदूत पद के लिए गोर के चयन को बिल्कुल उपयुक्त बताते हुए कहा, यह महत्वपूर्ण है कि इस पद पर अमेरिका का प्रतिनिधित्व किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाए।

## यूएस में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, 50 वर्षीय भारतीय मूल के चंद्रमौली नागमल्लैया की एक मोटल में बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपी ने उन्हें पत्नी और बेटे के सामने ही सिर काटकर मौत के घाट उतार दिया। यह वारदात 10 सितंबर को डाउनटाउन सुइट्स मोटल पर हुई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मौके पर खून से सनी जमीन, क्राइम सीन टेप और शव के पास खड़ा पुलिस बल देखकर लोग सहम गए। पुलिस ने योरडानिस कोबोस-मार्टिनेज को हत्या का आरोपी बताया है। घटना की शुरुआत तब हुई जब नागमल्लैया ने कोबोस-मार्टिनेज और उसकी महिला सहयोगी को कहा कि खराब वॉशिंग मशीन का इस्तेमाल न करें। यह बात महिला सहयोगी ने अनुवाद करके आरोपी तक पहुंचाई। आरोपी को गुस्सा इस बात पर आया कि नागमल्लैया ने सीधे उससे बात करने के बजाय महिला के जरिए संदेश दिया। तभी उसने अपने पास छुपाई मशेटे (तेज धार वाली बड़ी छुरी) निकाली और हमला बोल दिया।

नागमल्लैया भागकर मोटल की पार्किंग में पहुंचे और मदद के लिए चिल्लाने लगे। आरोपी ने उनका पीछा किया और लगातार वार करता रहा।

# सेना के साथ मिलकर राजा को वापस लाने की साजिश? नेपाल के जेन-ज़ आंदोलन पर उठने लगे सवाल

**काठमांडू, एजेंसी।**
नेपाल के एक प्रमुख नागरिक समाज संगठन, बृहत नागरिक आंदोलन (बीएनए) ने गुरुवार को एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि देश में सेना की मध्यस्थता के तहत राजतंत्र की बहाली हो सकती है। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता, संघवाद, और समावेशी व्यवस्था को खत्म करने की गंभीर साजिश की आशंका जताई है। यह आरोप ऐसे समय में सामने आया है जब पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद अंतरिम सरकार को लेकर गहन राजनीतिक बातचीत जारी है।

बीएनए में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा कि नेपाल सेना का हाल के दिनों में राष्ट्रीय मामलों में बढ़ता हस्तक्षेप चिंताजनक है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार से देशव्यापी सुरक्षा अभियानों की कमान सेना ने अपने हाथों में ले ली है।

संगठन ने आरोप लगाया कि, जन-ज़ आंदोलन के शहीदों की लाशों के ऊपर एक गंभीर प्रतिक्रियावादी साजिश रची जा रही है- जो सेना की मध्यस्थता में राजतंत्र बहाल करने और धर्मनिरपेक्षता, संघीयता तथा अनुपातिक समावेशी प्रणाली को समाप्त करने की दिशा में बढ़ रही है। माई रिपब्लिका पोर्टल के अनुसार, बीएनए ने कहा कि इस तरह की कोशिशें पूरी तरह अस्वीकार्य हैं।

बयान में कहा गया, हमारे आंदोलन का उद्देश्य कभी भी गणतंत्र और धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था को पलटना नहीं था और न ही सेना की असंवैधानिक सक्रियता को बढ़ावा देना। जरूरत इस बात की है कि राष्ट्रपति, संवैधानिक संरक्षक की भूमिका में, जेन-जेड क्रांति को सफलता की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करें।

बीएनए ने यह भी स्पष्ट किया कि बनने वाली किसी भी नई नागरिक सरकार को संविधान की जड़ों में दृढ़ रहना होगा, भ्रष्टाचार



और अव्यवस्था का प्रतिरोध करना होगा तथा उसमें किसी भी प्रकार के प्रतिक्रियावादियों के लिए जगह नहीं होनी चाहिए। नेपाल ने 2008 में राजतंत्र को समाप्त कर गणतंत्र की स्थापना की थी। हालांकि, इस वर्ष आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता के बीच कई बार राजतंत्र समर्थक प्रदर्शन भी देखे गए। प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने मंगलवार को उस समय इस्तीफा दे दिया जब सैकड़ों प्रदर्शनकारी उनके कार्यालय में घुस गए और उनसे पद छोड़ने की मांग की। यह प्रदर्शन सोमवार को भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ भड़के थे। पुलिस कार्रवाई में कम से कम 50 लोगों की मौत हुई थी। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध सोमवार रात हटा लिया गया।

अपने भविष्य को लेकर चिंतित नेपाल जहां नई शुरुआत की प्रतीक्षा कर रहा है, वहीं बांग्लादेश और श्रीलंका में सरकारों को हिंसक तरीके से उखाड़ फेंकने की घटनाओं से इसकी समानताएं सामने आई हैं। इसके बाद पर्यवेक्षक इस अराजकता के पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका पर विचार कर रहे हैं। फिलहाल, कई लोग मानते ??हैं कि नेपाल में व्याप्त भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ 'जेन जेड' के डिजिटल विद्रोह के बाद देश कार्यवाहक अंतरिम सरकार के गठन की दहलीज पर पहुंच गया है। ऐसे में पर्यवेक्षकों को तीनों देशों में सत्ता हस्तांतरण में बड़ी समानताएं नजर आ रही हैं। 'जेन जेड' वे युवा हैं जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है। काठमांडू स्थित वरिष्ठ पत्रकार और 'साउथ एशियन वीमेन इन मीडिया' (एसएडब्ल्यूएम) की नेपाल शाखा की उपाध्यक्ष नम्रता शर्मा ने कहा, ''मुझे आठ सितंबर से पहले कोई साजिश रचे जाने की आशंका नहीं दिखती, जिस दिन जेन जेड ने न्याय की मांग को लेकर स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शन आयोजित किए थे। लेकिन उसके बाद हुई बर्बरता और बेतुकी हिंसा स्पष्ट रूप से बाहरी और अज्ञात तत्वों का काम है।'' शर्मा ने कहा कि इन लोगों की पहचान के लिए अभी तक कोई जांच नहीं हुई है और इस तरह की जांच की तत्काल जरूरत है। उन्होंने कहा, ''तनाव बढ़ना निश्चित रूप से जेन-जेड की योजना का हिस्सा नहीं था। अब ऐसा लगता है कि ये बाहरी ताकतें शुरुआती घटनाक्रम पर पैनी नजर रख रही थीं और स्थिति का फायदा उठाकर इस तरह की हरकतों के लिए उपयुक्त समय पाकर इस विवाद में कूद पड़ीं।''

# उपायुक्त ने आत्महत्या का प्रयास करने पहुंची महिला को दिया संबल

## जनता दरबार में ऑन स्पॉट कई मामलों का किया निष्पादन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। आयोजित जनता दरबार के दौरान कसमार थाना क्षेत्र के धधकिया गांव की रहने वाली श्रीमती शांता मुखर्जी ने निराशा व पीड़ा से आहत होकर आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाने को विवश होने की बात कहीं। परंतु मौके पर उपस्थित उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने न सिर्फ संवेदनशीलता के साथ महिला को रोक लिया, बल्कि उसे यह भरोसा दिलाया कि जीवन सबसे बड़ा उपहार है और हर कठिनाई का समाधान संभव है। उपायुक्त ने कहा कि तुम्हारा जीवन अनमोल है, हार मानना समाधान नहीं। हम सब तुम्हारे साथ हैं, तुम अकेली नहीं हो। महिला ने उपायुक्त को आश्वस्त किया कि अब वह ऐसी गलती कभी नहीं दोहराएंगी और मजबूत बनकर अपने परिवार व समाज के लिए आगे बढ़ेंगी।

**उपायुक्त ने लिया ऑन स्पॉट संज्ञान**

उपायुक्त ने जनता दरबार के दौरान हुई इस संवेदनशील घटना पर मौके पर ही संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने एसडीपीओ बेरमो और बीडीओ कसमार को तुरंत आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। संबंधित आरोपितों को स्पष्ट चेताया कि श्रीमती शांता मुखर्जी या उसके परिजनों को तनिक खरोंच भी पहुंचाने की कोशिश की गई तो प्रशासन कठोरतम कार्रवाई करेगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक महिला अपने उसी घर में रहेगी। पुलिस झ स्थानीय प्रशासन घर के एक हिस्से में श्रीमती शांता मुखर्जी एवं उसके परिजनों का सुरक्षित आवासन कराये।

**निष्पक्ष जांच और न्याय का दिलाया भरोसा**

मामले की विस्तृत और निष्पक्ष जांच के लिए एसडीओ एवं एसडीपीओ बेरमो को विशेष निर्देश दिए गए हैं। जांच में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जानकारी हो कि, श्रीमती शांता मुखर्जी ने अपने आवेदन में स्थानीय कुछ लोगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट कर-के घर से निकालने और घर को हड़प कर ताला लगा देने की, बार झ बार धमकी देने की शिकायत की है। उपायुक्त ने जनता दरबार में उपस्थित लोगों से कहा कि जीवन संघर्षों से भरा है, लेकिन हर अंधेरे के बाद उजाला जरूर आता है। आत्महत्या समस्या का समाधान नहीं, बल्कि साहस और धैर्य ही सच्चा रास्ता है। प्रशासन हर नागरिक की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सदैव तत्पर है। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 61 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, शिक्षा विभागराजस्व संबंधित विवाद, अनुमंडल कार्यालय चास/बेरमो, अंचल कार्यालय चास, बीएसएल, चास नगर निगम, जिला नियोजन कार्यालय,सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# मनरेगा समिति की बैठक में रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों के चयन का निर्णय





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी अजय नाथ झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को मनरेगा नियुक्ति समिति की बैठक हुई । बैठक में पूर्व में हुई नियुक्ति में एक से अधिक जिलों में आवेदन करने वाले 08 अभ्यर्थियों की नियुक्त रद की गई थी। वहीं, 03 अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न पदों से रिसाइन दिए जाने के कारण पद रिक्त हो गया था। इस पर डीसी ने सभी सदस्यों से सहमति लेते हुए प्रतिक्षा सूची से संबंधित कोटी से अभ्यर्थियों को नियुक्त करने का निर्देश दिया। इसमें कनीय अभियंता पद पर 06, सहायक अभियंता पद पर 02 एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पद पर 01 शामिल है। 02 पद रिक्त है, संबंधित कोटी में प्रतिक्षा सूची रिक्त है। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीआरडीए निदेशक मेनका, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# अर्जुन मुण्डा ने इस्पात मंत्री से बीएसएल विस्तारीकरण पर की बात



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के विस्तारीकरण को प्रारम्भ होने में हो रहे विलंब को लेकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा ने दिल्ली में केन्द्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से मुलाकात किया। अर्जुन मुण्डा ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री से इस परियोजना को झारखण्ड के विकास के लिए अहम बताते हुए विस्तारीकरण में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु झारखण्ड सरकार के साथ भी बात करने के प्रति इस्पात मंत्री को आश्वस्त किया। इस्पात मंत्री को इस दिशा में शीघ्र पहल करने का सुझाव दिया। इस परियोजना को बोकारो में प्रारम्भ कराने के लिए आम लोगों से पोस्टकार्ड लिखवा कर हस्ताक्षर अभियान चला रहे भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने श्री अर्जुन मुण्डा को इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल करने पर बोकारो वासियों की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। कुमार अमित ने कहा कि अर्जुन मुण्डा पहले भी बोकारो स्टील प्लांट के लिए तारणहार रहे हैं । उन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल के दौरान हुए बीएसएल के आधुनिकीकरण को प्रारम्भ कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्यालय परिसर में शौचालयों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के सभी कार्यालय प्रधानों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे प्रत्येक कार्य दिवस पर अपने कार्यालय कक्ष में प्रवेश करने से पूर्व पूरे कार्यालय परिसर का निरीक्षण करें एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लें। साथ ही, उन्होंने कहा है कि कार्यालय परिसर स्थित सभी शौचालयों का नियमित निरीक्षण कार्यालय प्रधान स्वयं करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी समुचित साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनी रहे। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि कार्यालय का स्वच्छ वातावरण नहीं केवल कर्मचारियों की कार्य क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि आगंतुकों व आम जनता पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। उधर, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने समाहरणालय स्थित सार्वजनिक शौचालयों, महिला शौचालयों का निरीक्षण कर साफ झ सफाई का जायजा लिया। संबंधित एजेंसी को जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार उपस्थित थे।

### नए रूप रंग में नजर आएंगे जिले के पंचायत भवन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना के तहत जिले के विभिन्न पंचायत भवनों का मरम्मती कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है। इससे जिले के सभी 256 पंचायत के पंचायत भवन नए रूप रंग में नजर आएंगे। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी पंचायत भवन को



आइडियल पंचायत भवन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत पंचायत भवनों में बिजली, पानी, शौचालय, पर्याप्त फर्नीचर, पूरे परिसर में रोशनी की व्यवस्था, दुरुस्त दरवाजे एवं खिड़की, वायरिंग, रंग रोगन, ड्रेनेज सिस्टम सहित पंचायत भवन को सुदृढ़ करने के लिए कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत बाघमारा के 61, बलियापुर के 23, धनबाद 12, एगारकुंड 20, गोविंदपुर 39, कलियासोल 20, निरसा 27, पूर्वी टुंडी के 9, तोपचांची के 28 एवं टुंडी प्रखंड के 17 सहित 256 पंचायत भवनों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसमें कुछ पंचायत भवन में कार्य पूरा हो गया है और अन्य पंचायत भवन में कार्य प्रगति पर है।

### महिला प्रशिक्षण केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास

**बाघमारा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला परिषद की चेयरमैन शारदा सिंह ने छत्रुटांड़ पंचायत अंतर्गत मुरलीडीह में महिला प्रशिक्षण केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस केंद्र में एक कमरा एवं एक हॉल का



निर्माण किया जाएगा। महिला प्रशिक्षण केंद्र बनने से क्षेत्र की महिलाओं को कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त होंगे। शिलान्यास अवसर पर उपस्थित लोगों ने जिला परिषद चेयरमैन का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि यह केंद्र स्थानीय महिलाओं के लिए नई राह खोलेगा।

# बच्चों को मानसिक तनाव के लक्षण के बारे में बताया गया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निदेशानुसार राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत सेमिनार का आयोजन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चास एवं उच्च विद्यालय पाथुरिया जैनामोड़ में आयोजित किया गया, जिसमें मनोचिकित्सक सदर अस्पताल डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा सभी विद्यार्थी को तनाव क्या है ? इसी प्रकार जैसे सकारात्मक तनाव व नकारात्मक तनाव के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सकारात्मक तनाव हमें समस्याओं का सामना करने के लिये प्रेरित करता है। सभी छात्रों को बताया गया कि तनाव के मुख्य कारण मोबाईल का अधिकता प्रयोग, आर्थिक तंगी होना, नींद न आना, पारिवारिक समस्या होना, दैनिक परेशानियां हैं। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को बताया गया यदि आपको यह शारीरिक लक्षण महसूस हो जैसे थकान, सिरदर्द, नींद के पैटर्न में बदलाव, पाचन में बदलाव, खटटी डकार आना, सांस फूलना, भ्रम की स्थिति, निर्णय लेने मे कठिनाई व आत्म विश्वास की कमी महसूस हो तो आप समझ सकते है कि आपको मानसिक तनाव है।



**सुगंध का सहारा लें, गर्म पानी से नहायें -**

मनोचिकित्सक सदर अस्पताल डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा ने सभी बच्चों व शिक्षको को बताया कि हम अपने आपको को तनाव से मुक्त रखने के लिये क्या तरीका अपना सकते है। इसके लिये सुगंध का सहारा लें, गर्म पानी से नहायें, शराब का सेवन बिल्कुल नही करें, योग करे, टाईम मैनेजमेन्ट के अनुसार कार्य करें, अपनी सीमाओं को समझें, बहसबाजी न करे, चाय काफी का सेवन कम करें आदि। साथ ही अन्त में सभी लोगों को बताया कि तनाव से आजकल हर कोई ग्रसित है। सभी शारीरिक और मानसिक परेशानियों का जड़ तनाव ही है। एक सामान्य सा लगने वाला तनाव भी कई बीमारियों को जन्म देता है, जिससे छुटकारा पाना आसान नही होता है इसलिए छोटी छोटी बातो को मन पर हावी न होने दें। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक के साथ सोशल वर्कर छोटेलाल दास के अलावा विद्यालय के बच्चे व कर्मी उपस्थित थे।

# तम्बाकू छोड़ने के अगले 24 घण्टे में ही हार्ट-अटैक का खतरा हो जाता है कम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के आदेशानुसार उच्च विद्यालय पाथुरिया जरीडीह बोकारो में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने से क्या फायदे है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सोशल वर्कर छोटेलाल दास द्वारा बच्चों को बताया गया कि 13 से 15 आयु वर्ग के 5.1 प्रतिशत बच्चे झारखण्ड में तम्बाकू का सेवन करते हैं जो कि कक्षा 7 से 10 के छात्र होते हैं। अगर हम लोगो में से कोई तम्बाकू खाता है और वह आज से छोड़ना शुरू करता है तो उसका आगे चलकर बहुत फायदा नजर आयेगा जो निम्न है :-

तम्बाकू छोड़ने के अगले 8 घण्टे में ही आक्सीजन का स्तर सामान्य होने लगता है। तम्बाकू छोड़ने के अगले 24 घण्टे में हार्ट-अटैक का खतरा कम होने लगता है। तम्बाकू छोड़ने के अगले 72 घण्टे में फेफडों की कार्य क्षमता में सुधार होने लगता है। तम्बाकू छोड़ने के अगले 1 महीने में खांसी और सांस की तकलीफ कम होने लगती है। तम्बाकू छोड़ने के अगले 12 महीने में दिल की बीमारी का खतरा कम हो जाता है। तम्बाकू छोड़ने के अगले 5 वर्षो में स्ट्रोक का जोखिम कम हो जाता है। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य स्वास्थ्य विभाग से डा0 प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोरोग चिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# शिलापट्ट पर अपना नाम नहीं देखकर जिला परिषद अध्यक्ष नाराज, लगाई फटकार

**शिलान्यास शीलापट्ट पर अपना नाम एवं राशि अंकित नहीं होने पर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह सम्बंधित अधिकारी पर भी जमकर बरसी**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के बाघमारा स्थित भीमकनाली में पथ निर्माण के शिलान्यास के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह भड़क गई। शिलान्यास के बाद शिलापट पर न तो उनका नाम था और ना ही प्राक्कलन राशि अंकित था। इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संवेदक को फोन पर जमकर फटकार लगाई और शिलान्यास शीलापट पर अपना नाम एवं राशि प्राक्कलन नहीं होने पर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह सम्बंधित अधिकारी पर भी जमकर बरसी। डीएमएफटी योजना अंतर्गत बाघमारा के भीमकनाली मे पथ निर्माण का बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने शिलान्यास किया। इस दौरान शिलान्यास शिलापट मे राशि प्राक्कलन नहीं होने और जिला परिषद अध्यक्ष का नाम अंकित नहीं होने पर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने संवेदक और सम्बंधित अधिकारी पर दूरभाष के माध्यम से जमकर बरसी। उन्होंने कहा ह कि बिना ग्रामसभा किये डीएमएफटी फण्ड से कोई भी योजना पारित नहीं किया जा सकता है और ना ही उसे धरातल पर लाया जा सकता है। शिलान्यास से सम्बंधित कोई भी खबर न तो यहाँ के प्रमुख को है और ना ही मुखिया, पंचायत समिति,वार्ड को दी गई । उन्होंने कहा कि शिलापट मे कोई भी राशि अंकित नहीं है, इसका मतलब साफ है की ठीकेदार मनमानी कर रहे है और विभाग साथ दे रही है। हालांकि वहां मौजूद बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने पूरे मामले पर चुप्पी साध रखी थी। हालांकि संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा की विकास हमारे विधानसभा में इसी तरह जारी रहेगी। ग्रामीणों कि हर समस्या का समाधान किया जायेगा।

# सदर अस्पताल में पेट दर्द से पीड़ित महिला का हुआ सफल ऑपरेशन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल में पेट दर्द से पीड़ित एक महिला का ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यदि महिला यही ऑपरेशन किसी निजी अस्पताल में कराती तो उनके 30 से 40 हजार रुपये खर्च होते। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि नगीना बाजार निवासी वंदना देवी (31 वर्ष) पिछले छह माह से लगातार पेट में दर्द और गोला जैसा महसूस होने की समस्या से परेशान थीं। निजी क्लिनिक में परामर्श के दौरान उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई थी। जहाँ खर्च लगभग 30 से 40 हजार रुपये बताया गया। इस बीच सहिया एवं स्थानीय लोगों से धनबाद के सदर अस्पताल में मिलने वाली निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने यहाँ उपचार कराने का निर्णय लिया। सदर अस्पताल में परामर्श हेतु पहुँचने पर स्त्री रोग विषेशज्ञ सह उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने उनकी जाँच की और ऑपरेशन की आवश्यकता बताई।

# पुटकी में अंचल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

## बीसीसीएल को अवैध मुहाने की भराई करने का निर्देश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में आज पुटकी के अंचल अधिकारी विकास आनंद की अध्यक्षता में पी.बी. एरिया स्थित गेस्ट हाउस में बीसीसीएल के महाप्रबंधक व पदाधिकारी, सीआईएसएफ के पदाधिकारी, थाना व ओ.पी प्रभारी के साथ अंचल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इसमें कोयला, बालू व अन्य खनिज के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमे थाना प्रभारी को अधिक से अधिक छापेमारी कर प्राथमिकी दर्ज करने एवं बीसीसीएल के पदाधिकारियों को अवैध खनन के हॉट स्पॉट की नियमित निगरानी, अवैध मुहाने की भराई का निर्देश दिया गया। साथ ही बीसीसीएल पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र अंतर्गत क्षतिग्रस्त क्वार्टरों का सर्वे कराकर उन्हें ध्वस्त करने, बीसीसीएल पदाधिकारियों के अधीनस्थ ट्रांसपोर्टेशन कंपनी को परिवहन से संबंधित नियमों का पालन करवाने व नियमित निगरानी करने, खनन कार्य या ओ.बी डंप अपने अधिग्रहित भूमि पर ही करने तथा इस संबंध में रैयतों से प्राप्त शिकायतों की जांच महाप्रबंधक स्तर से कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही भू-धंसान व गैस रिसाव वाले संभावित क्षेत्र से प्रभावित लोगों को स्थानांतरित करने हेतु आवश्यक कार्यवाई का निर्देश दिया गया। बैठक में डीजीएमएस द्वारा ब्लास्टिंग से संबंधित दिए गए दिशा निदेर्शों का सख्ती से पालन करने के लिए बीसीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

# पोर्टल पर लंबित मोबाइल टावर आवेदनों को करें निष्पादितः उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला दूर संचार समिति की बैठक की। बैठक में जिले की संचार व्यवस्था को बेहतर बनाने, लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने संबंधी कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सामान्य शाखा प्रभारी पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, यूआइडी डीपीओ शैलेंद्र मिश्रा, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

**लंबित आवेदनों पर करें त्वरित कार्रवाई**

उपायुक्त ने कहा कि मोबाइल टावर अधिष्ठापन से संबंधित सभी लंबित आवेदन अगले 04 दिनों में पोर्टल पर निष्पादित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में पहले ही काफी विलंब हो गया है। सभी स्थालों का वर्तमान में भौतिक सत्यापन करते हुए एनओसी निर्गत करने की प्रक्रिया को पूरा करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**समिति की नियमित बैठक करें सुनिश्चित**

उपायुक्त ने संबंधित विभाग को जिला दूर संचार समिति की प्रत्येक माह नियमित बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। कहा कि समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्यवाही की जानी चाहिए, ताकि दूरसंचार सेवाओं में सुधार तेजी से हो सके।

**नये 25 आवेदनो का सत्यापन और निष्पादन**

बैठक में डीपीओ यूआइडी ने जानकारी दी कि वर्तमान में 25 नये मोबाइल टावर अधिष्ठापन के लिए पोर्टल पर आवेदन प्राप्त हुए है। इस पर उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का शीघ्र सत्यापन करें। सत्यापन उपरांत उन्हें ऑनलाइन निष्पादित किया जाए। साथ ही, सभी बीडीओ अपनेझअपने क्षेत्रों के सैडो (छाया) एरिया की सूची जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि कमजोर नेटवर्क वाले क्षेत्रों की पहचान कर समाधान किया जा सके।

**जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने में बरतें पारदर्शिता**

बैठक में उपायुक्त ने सभी बीडीओ को कहा कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने में विलंब होने की शिकायत प्राप्त हो रही है। सभी इस प्रक्रिया में तेजी लाएं, जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर ससमय जन्म-मृत्यू प्रमाण पत्र निर्गत करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सही आधार कार्ड का सत्यापन मोबाइल आधार क्यूआर स्केन एप के माध्यम से सत्यापन कर सुनिश्चित करें। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया।

# नेशनल पार्क में बंद गाड़ियों पर लगा प्रतिबंध केवल ओपन सफारी वाहन से होगा वन्यजीवों का दीदार

**लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लातेहार और पलामू जिले में फैले बेतला नेशनल पार्क में अब पर्यटक केवल खुले वाहनों से ही वन्यजीवों का दीदार कर सकेंगे. पार्क में बंद वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है. बरसात के बाद जब पार्क सैलानियों के लिए खुलेगा, तो यह बदलाव देखने को मिलेगा. इस संबंध में बेतला नेशनल पार्क की ओर से नोटिस जारी किया गया है. बेतला नेशनल पार्क की ओर से जारी नोटिस के अनुसार बंद वाहन जैसे कार, स्कॉर्पियो, एसयूवी, एमयूवी, बीएमडब्ल्यू, हुंडई और थार से पर्यटक अब पार्क की सैर नहीं कर सकेंगे. सैलानियों को अब किराये पर ओपेन वाहन लेने होंगे, तभी पार्क में जंगली जानवरों का दीदार कर सकेंगे. इधर बेतला नेशनल पार्क प्रबंधन के निर्देश के बाद पार्क के आसपास के गांव के लोग अपने वाहनों को मॉडिफाई करने में जुट गये हैं.

# आईएसएम धनबाद में डिजिटल इंटेलिजेंस फॉर ग्रीन माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल नेटवर्क्स सम्मेलन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय डिजिटल इंटेलिजेंस फॉर ग्रीन माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल नेटवर्क्स 2025 सम्मेलन में ग्रीन माइनिंग पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। गोल्डन जुबली लेक्चर थिएटर में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। यह सम्मेलन 13 सितंबर तक चलेगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से आए विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि, शोधकर्ता और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मुख्य अतिथियों में प्रो. राजीव गांगुली (माइनिंग प्रोफेसर), डॉ. पेडराम मसूदी (डेटामिन जियोसाइंसेज), प्रो. डी.सी. पाणिग्रही (चेयरमैन पीएमआरसी), प्रो. नीलिमा सत्यम (सिविल इंजीनियरिंग) और प्रो. आलोक पोरवाल (अर्थ साइंस) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आईआईटी (आईएसएम) के उपनिदेशक प्रो. धीरज कुमार भी शामिल हुए। सम्मेलन में विशेषज्ञों ने ग्रीन माइनिंग और इंडस्ट्रियल नेटवर्क्स के लिए डिजिटल तकनीक की भूमिका पर अपने-अपने शोध व आंकड़े साझा किए। साथ ही टिकाऊ खनन, पर्यावरण संरक्षण और स्मार्ट इंडस्ट्रियल समाधान पर विचार-विमर्श हुआ। माइनिंग विभाग की प्रो. एनीमिया सिन्हा ने कहा कि खनन क्षेत्र में डिजिटलीकरण से उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरणीय प्रभाव को भी कम किया जा सकता है। वहीं मुख्य अतिथि ज्यादीप दासगुप्ता ने कहा, खनन क्षेत्र में टिकाऊ विकास तभी संभव है जब हम डिजिटल तकनीक को व्यवहारिक स्तर पर अपनाएं और उद्योग जगत के साथ मजबूत साझेदारी करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK